ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण कृष्ण पक्ष 08 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 11 जुलाई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 158 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



रसिका दुग्गल ने शुरू की वेब सीरीज 'मिजार्पुर 3'... पेज 12 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### तारा शाहदेव मामले में सीबीआई की ओर से बहस शुरू

**रांची।** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव मामले में सोमवार से सीबीआई की ओर से बहस शुरू हो गई। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। मामले में 17 जुलाई को अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की गयी है। इससे पूर्व 23 जून को मामले में सुनवाई हुई थी।

### बांध में नहाने गए दो स्कूली बच्चों की डूबने से मौत

**पलामू।** जिले के पिपरा प्रखंड अंतर्गत गोरीयवटा मौजा के गड़ईबांध में सोमवार को नहाने के दौरान डूबने से दो स्कूली बच्चों की मौत हो गई। दोनों स्कूल से भागकर नहाने पहुंचे थे। घटना के बाद बच्चों के परिजन और स्थानीय लोगों ने दोनों स्कूलों में हंगामा किया और बच्चों की मौत के लिए शिक्षकों को जिम्मेवार ठहराया। आरोप लगाया कि शिक्षकों की लापरवाही से बच्चे स्कूल से बाहर निकले और फिर नहाने चले गए। अभिभावकों ने इस क्रम में कई अन्य आरोप भी शिक्षकों एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पर लगाए।

### सीआरपीएफ के जवान ने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को मारी गोली

**पलामू।** मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के जोरकट स्थित सीआरपीएफ के 112 बटालियन कैम्प में एक जवान ने सोमवार अहले सुबह अपनी सर्विस राइफल से स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जवान ने सिर में गोली मारी। हालांकि इसके बाद भी आनन-फानन में उसे इलाज के लिए एमआरएमसीएच में लाया गया, जहां डॉक्टर ने जवान को मृत घोषित कर दिया। जवान की पहचान प्रांजल नाथ (30) के रूप में हुई है। वह कैंप में संत्री ड्यूटी पर तैनात था। इसी क्रम में घटना हुई। जिले के सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम एमआरएमसीएच में कराया गया है।

### व्यवसायी प्रेम प्रकाश की याचिका पर सुनवाई 25 जुलाई को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में सोमवार को 1000 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद व्यवसायी प्रेम प्रकाश की ओर दाखिल क्रिमिनल रिवीजन पर सुनवाई हुई। कोर्ट में ईडी की ओर से जवाब दाखिल किया गया। याचिकाकर्ता ने ईडी के जवाब पर प्रति उत्तर देने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। जिस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई 25 जुलाई निर्धारित की।

## रांची के पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सावन की पहली सोमवारी को लेकर रांची के पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी हुई थी। पहाड़ी मंदिर में रविवार देर रात नामकुम के स्वर्णरिखा से जल लेकर अहले सुबह से ही भक्त भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते दिखे।

वहीं दूसरी ओर चुटिया के सुरेश्वर धाम, कोकर के शिव मंदिर, लालपुर, डोरंडा, बरियातू, हिनू, हरमू, थड़पकना सहित अन्य शिवालयों में भी सोमवार सुबह से ही भीड़ लगी हुई थी। सभी भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख समृद्धि मांग की। हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय, हर हर शंभू के जयकारे से पूरा वातावरण शिवमय हो गया।





पहाड़ी मंदिर में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस कतार वध होकर लोगों को जलाभिषेक करवा गया। इसके अलावा हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी भक्तों का सहयोग करते दिखे। पंडित मनोज पाठक ने बताया कि सोमवार का व्रत करने से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। सोमवार के व्रत का भगवान शिव की आराधना और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए सोमवार का विशेष महत्व माना गया है।

उधर, विश्व प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ धाम में सावन के पहले सोमवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर हजारों लोग बाबा के दर्शन को पहुंच रहे हैं। बाबा की झलक पाने के लिए 12 किलोमीटर तक लंबी कतार लगी हुई थी। पूरा क्षेत्र बोल बम के जयघोष से गुंजायमान था। बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण कर कावंड लेकर पहुंचे भक्त सुख, शांति और समृद्धि की कामना किया। सुबह चार बजे मंदिर के पट खुलने के बाद जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। रविवार शाम छह बजे से कांवड़ पथ पर रौनक दिखा। दुम्मा टोल गेट में 10 काउंटरों से प्रवेश कार्ड दिए जा रहे थे। यहां लगातार कांवड तीर्थयात्री पहुंच रहे थे। इन काउंटरों से पल-पल का डेटा कंट्रोल रूम को भेजा जा रहा है।

यहां के एक काउंटर से दो घंटे में छह से सात हजार तक प्रवेश कार्ड वितरित किए गए। बढ़ती भीड़ के मद्देनजर जिला प्रशासन ने दुम्मा व खिजुरिया मुख्य गेट के पास बैरियर लगाकर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। कोठिया और बाघमारा बस स्टैंड कांवड़ियों से भरा रहा।

श्रावणी मेला-2023 के पहले सोमवार के लिए बाबधाम में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मंदिर और आसपास के क्षेत्र की सुरक्षा का जिम्मा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को सौंपा गया है। देवघर जिला प्रशासन ने कांवड़ियों के झारखंड प्रवेश द्वार दुम्मा से लेकर खिजुरिया, रूट लाइन और बाबा मंदिर सहित संपूर्ण मेला क्षेत्र में सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। झारखंड के लगभग सभी शिवालयों में जलाभिषेक के लिए लोगों का तांता लगा रहा।

### सीएम विधि निर्माण की प्रक्रिया व कार्यपालिका का दायित्व विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बोले

## संस्थाओं के बीच समन्वय जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री सोमवार को विधानसभा के सभागार में विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण के शुभारम्भ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आने वाले समय में बेहतर विधानसभा के संचालन में सहायक साबित होगी।

उन्होने कहा कि देश का संविधान एक ऐसा अद्भुत मिश्रण है, जहां संसदीय प्रणाली को चलाने के लिए विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसी संस्थाओं को अलग-अलग अधिकार दिए गए हैं। विधायिका देश एवं राज्य के लोगों के कल्याणार्थ विधेयक पारित करने, संशोधन प्रस्ताव लाने, नियम-कानून बनाने, नीति निर्धारण सहित कई कार्य करती हैं।



### व्यवस्थाएं सुचारू रूप से कैसे चलें, इस पर होना चाहिए चिंतन

**सीएम** ने कहा कि प्रदेश के लगभग 23 साल पूरे होने जा रहे हैं। नया राज्य होने की वजह से विधानसभा को विधायिका का बहुत लंबा अनुभव नहीं है लेकिन अब यह जरूरी है कि स्थायी तौर पर विधायिका और कार्यपालिका एक बेहतर समन्वय और तालमेल के साथ कार्य करें। सीएम ने कहा कि हम जनप्रतिनिधि चुनाव जीतकर आते हैं, सरकार बनाते हैं लेकिन कुछ व्यवस्थाएं स्थायी तौर पर कार्य करती हैं। इन स्थायी व्यवस्थाओं एवं संस्थाओं को राज्य में किसकी सरकार है इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि व्यवस्थाएं निरंतर ठीक से चलती रहे इस पर चिंतन करने की आवश्यकता है। मैं समझता हूं कि कुछ चीजें निरंतर बिना रुकावट के चलती हैं और ये व्यवस्थाएं सुचारू रूप से कैसे चलें, इस निमित्त यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित है। सीएम ने कहा कि विधायिका प्रणाली में हम सभी लोग विधानसभा के माध्यम से नियम बनाने से लेकर कई विधेयक पास कराने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।

### लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आत्मा संविधान में निहित

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आत्मा हमारे संविधान में निहित है, जिस तेजी से विधायी व्यवस्थाओं के अंतर्गत नए कानून बनते हैं या कानूनों में संशोधन होते हैं, ऐसी परिस्थिति में विधायिका द्वारा पारित विधेयक अथवा अध्यादेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना जरूरी होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक लंबे समय अंतराल पर इन विषयों को पुनः रिवाइज करने की आवश्यकता होती है। समय के साथ कई चीजें अलग-अलग दिशा में चलने लगती हैं। जरूरी है कि इन सब चीजों पर विचार और संगोष्ठी होती रहे। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम एवं झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने भी विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व विषय पर अपनी-अपनी बातें रखते हुए विषय की महत्ता एवं उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डाला।

## इंटरनेट सेवा बंद करने को लेकर सरकार को नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को राज्य के जिलों में कई मौकों पर अधिकृत अधिकारियों के द्वारा इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश को प्रकाशित नहीं करने को लेकर दाखिल सॉफ्टवेयर फ्रीडम लॉ सेंटर की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। खंडपीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। कोर्ट ने इसे जनहित याचिका मानते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि इंटरनेट सेवा बंद करने का आदेश क्यों प्रकाशित नहीं किया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 11 सितंबर निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शैलेश पोद्दार ने पैरवी की।




याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में हिंसा की आशंका को लेकर इंटरनेट सेवा अचानक बंद कर दी जाती है। इससे संबंधित अधिकारियों के आदेश को प्रकाशित किए बिना शहरों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी जाती है। इससे आम लोगों को इंटरनेट बंद होने की जानकारी नहीं मिल पाती है। जबकि इंटरनेट बंद होने की जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए।

## छवि रंजन की पिटीशन याचिका हुई खारिज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बरियातू स्थित सेना की जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन की ओर से दायर सीआरपीसी की धारा 167 के तहत दाखिल पिटिशन को ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सोमवार को मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने याचिका खारिज कर दी। इस पिटीशन को आरोप पत्र में त्रुटी होने और निर्धारित समय से पहले चार्जशीर्ट दाखिल नहीं होने को लेकर दायर किया गया था। इसी के आधार पर उनकी ओर से जमानत देने का आग्रह कोर्ट से किया गया था। इस मामले को लेकर बरियातू थाने में कांड संख्या 14/2022 दर्ज किया गया था। ईडी ने इस मामले में ईसीआईआर 1 / 2023 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था। उल्लेखनीय है कि रांची में अवैध तरीके से जमीन की बड़े पैमाने पर हुई खरीद-फरोख्त के मामले में ईडी ने बीते 13 अप्रैल को झारखंड, बंगाल और बिहार के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी।

## कोडरमा में सड़क हादसे में दो की मौत चार लोग घायल

**कोडरमा।** चंदवारा थाना अंतर्गत बांझेडीह फोरलेन पर रविवार रात हुई सड़क दुर्घटना में इनोवा कार पर सवार दो लोगों की मौत हो गयी जबकि चार लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान तनवीर (26) और जमशेद (31) के रूप में हुई है। जबकि घायलों में संजय कुमार, सुंदर यादव, मदन यादव (तीनों खेड़ाबार, जयनगर) और जसप्रीत सिंह (पंजाब) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार तनवीर और जमशेद एआरवी, जेडीएनएस कंपनी बांझेडीह प्लांट में सुपरवाइजर का काम करते थे। सभी उक्त गाड़ी से कहीं जा रहे थे। फोर लेन पर रात में एक पेड़ में टकराने के बाद गाड़ी खाई में गिर गयी और मौके पर ही दोनों की मौत हो गई।

## ईडी के नाम पर वसूली, पत्रकार ने कबूला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन व उससे जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में पत्रकार मिथलेश कुमार सिंह से लंबी पूछताछ की। मिथलेश ने ईडी अधिकारियों के समक्ष अपनी गलती स्वीकार की है। हालांकि अधिकांश सवालों के जवाब में वह गोल मटोल बातें ही करता रहा। मिथलेश को ईडी अधिकारियों ने वह ऑडियो भी सुनाया, जिसमें वह ईडी के अधिकारी का नाम लेकर केस मैनेज करने की बात कह रहा था। अवैध खनन केस में गिरफ्तार कृष्णा कुमार साहा के मोबाइल से यह ऑडियो ईडी ने बरामद किया था। मिथलेश कुमार सिंह ने यह माना है कि ऑडियो में बातचीत उसकी ही है। इस ऑडियो को एफएसएल जांच भी करायी जाएगी।

मिथलेश कुमार सिंह ने कई लोगों को बचाने का दावा भी ऑडियो में किया था। ईडी के अधिकारियों ने जब उससे इस संबंध में पूछताछ की, तब वह स्पष्ट तरीके से कोई बात नहीं बता पाया। उसने यह स्वीकार किया है कि ईडी के किसी अधिकारी से कभी उसका कोई परिचय नहीं रहा। हालांकि कृष्णा कुमार साहा से पैसे निकवालने में वह सफल नहीं हो पाया था। कृष्णा ने भी स्वीकार किया था कि पत्रकार मिथलेश कुमार सिंह ने उससे संपर्क किया था।

### ईडी की रिमांड पर टिंकल और भगवान भगत

**अवैध** खनन मामले में पत्थर कारोबारी टिंकल भगत और भगवान भगत को सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पेश किया गया। ईडी के आग्रह को देखते हुए कोर्ट ने पूछताछ के लिए दोनों को पांच दिनों की रिमांड प्रदान की। इससे पूर्व आठ जुलाई को दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। ईडी की ओर से सात दिनों की रिमांड मांगी गयी थी, लेकिन कोर्ट ने पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि दोनों आरोपितों का अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में अहम रोल है। इसलिए इनसे पूछताछ जरूरी है।

## अभिषेक पीएमएलए कोर्ट में हुए उपस्थित

**रांची।** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सोमवार यानी 10 जुलाई को पीएमएलए की विशेष अदालत में सशरीर पेश हुए। वहीं मंगलवार को अदालत में सरेंडर कर वे 1-1 लाख का दो बेलबोन्ड भरेंगा। आज से कुछ दिन पहले सुप्रीम ने अभिषेक झा को अग्रिम जमानत दी थी साथ ही उसपर किसी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। बता दें, खूंटी मनरेगा घोटाला मामले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट में निलंबित आईएएस पूजा सिंघल, सीए सुमन कुमार सिंह समेत अभिषेक झा का नाम शामिल किया गया है।

### झारखंड में समय के पहले लोकसभा के साथ ही कराए जा सकते हैं विस चुनाव

## सीएम हेमंत ने कार्यकर्ताओं को किया अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में विधानसभा के चुनाव समय के पहले 2024 के अप्रैल-मई में संभावित लोकसभा चुनाव के साथ ही कराए जा सकते हैं। राज्य में सत्ताधारी गठबंधन की अगुवाई करने वाले झामुमो और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा ने अपने नेताओं-कार्यकर्ताओं को समय पूर्व चुनाव की संभावनाओं के मद्देनजर अलर्ट करना शुरू कर दिया है।

झारखंड की पांचवीं विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को पूरा हो रहा है। यानी सामान्यतः अगले चुनाव का शेड्यूल अक्टूबर से दिसंबर 2024 के बीच है, लेकिन लोकसभा के साथ अप्रैल-मई में चुनाव की संभावनाओं की सुगबुगाहट प्रशासनिक हलकों में भी सुनाई पड़ रही है।



4 जुलाई को झामुमो की सेंट्रल कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं को अलर्ट करते हुए कहा, हमारा विरोधी हर वक्त चुनावी मोड में रहता है। उनके पास संसाधन भी है और चालाकी भी। वह कब किस हद तक जा सकते हैं, अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। इसलिए क्षेत्र में जाएं। हमारी सरकार की उपलब्धियां जनता को बताएं। जाहिर है, सोरेन को भी अंदाजा है कि विधानसभा के चुनाव तय समय के छह-सात महीने पहले ही कराए जा सकते हैं।

उन्होंने विरोधी यानी भाजपा की जिस चालाकी की चर्चा की, उसका संकेत यही निकाला जा रहा है। झामुमो सेंट्रल कमिटी की बैठक में तय हुआ कि पार्टी चुनावी मोड में काम करेगी। सेंट्रल कमिटी का विस्तार लंबे समय से पेंडिंग था। निर्णय लिया गया कि अगले पंद्रह दिनों के अंदर नई कमेटी घोषित कर दी जाएगी। इसके अलावा 50 लाख सदस्य बनाने, पार्टी की उपलब्धियां बताने के लिए पार्टी की ओर से प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। इधर, भाजपा पहले ही चुनावी मोड में आ चुकी है। अब विधानसभा स्तरीय सम्मेलनों का सिलसिला शुरू हो रहा है। 9 जुलाई को हजारीबाग जिले के बरही में भाजपा के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहें। दोनों चुनाव एक साथ कराए जाने की स्थिति बन सकती है।

भाजपा ने पिछले ही हफ्ते राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी को राज्य में पार्टी का नया अध्यक्ष बनाया है। उनके अध्यक्ष बनने की संभावनाएं पिछले छह-आठ महीने से व्यक्त की जा रही थीं। वह राज्य की मौजूदा हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार पर लगातार हमलावर हैं। कोई दिन ऐसा नहीं होता, जब वे सीधे हेमंत सोरेन पर हमला नहीं बोलते। चुनाव के दिनों में विरोधियों पर आक्रमण के लिए नेता जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हैं, वह नजारा मरांडी के ट्विटर हैंडल पर रोज देखा जा सकता है।

### चेक बाउंस मामला

## एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने कोर्ट में लगायी हाजिरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चेक बाउंस मामले में झारखंड की राजधानी रांची के व्यवहार न्यायालय में बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल सशरीर हाजिर हुईं। 21 जून को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट की तरफ से बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल को सशरीर हाजिर होने का आदेश दिया गया था, जिस आदेश पर सोमवार को अमीषा पटेल कोर्ट में हाजिर हुई और कोर्ट के सामने अपना पक्ष रखा।सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल ने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताया। जिस पर दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट की तरफ से अगली सुनवाई का निर्देश दिया गया है।



शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के वकील ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को अपने पक्ष में बात रखने का हक होता है। उसी हक के आधार पर अभिनेत्री अमीषा पटेल ने खुद को निर्दोष बताया है। शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह की वकील स्मिता पांडेय ने बताया कि अजय कुमार सिंह की तरफ से जिस सबूत के आधार पर केस फाइल किया गया है। उन सभी सबूतों के आधार पर अब आगे की ट्रायल चलेगी।



# सावन की पहली सोमवारी पर महादानी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

सावन की पहली सोमवारी पर बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में पूजा अर्चना को लेकर भक्तों की भीड़ उमड़ी। हर हर महादेव व बोल बम के जयघोषों के साथ सैंकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा अरघा से बाबा महादानी की जलाभिषेक कर सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं पहली सोमवारी को भगवान शिव से अपनी मुरादें मांगते हुए शिवभक्तों महिलाओं व पुरूषों ने सोमवारी व्रत रखा। जहां मंदिर के पुजारी अशोक पंडा व मेघनाथ गिरी ने व्रतियों को पूजा अर्चना कराया। वहीं प्रखंड के मुड़हर पहाड़ सहित अन्य शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही जहां सुबह होते ही शिवभक्त नहा-धोकर पूजा-अर्चना करने शिवालय की ओर निकल पड़े।

## महाकाल उज्जैन के लिए कांवरियों का जत्था रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

जय महादानी बाबा कांवरिया संघ जरिया बेड़ो के बैनर तले 25 कांवरियों का दूसरा जत्था सोमवार की सुबह दस बजे उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए रवाना हो गया। इसके पूर्व कांवरियों ने महादानी बाबा की पूजा अर्चना व आराधना कर दरबार में मत्था टेका। साथ ही क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना किया। इस दौरान जय महाकाल व महादानी बाबा के जयघोषों से मंदिर परिसर गुंजयमान रहा। जत्थे का नेतृत्व कर रहे बलकु उरांव ने बताया कि पूरा जत्था एक साथ यहां से सीधे महाकाल पहुंचकर भगवान महाकाल का दर्शन कर जलाभिषेक करेंगे। कांवरियों में प्रेम कुमार महतो, मुकेश गोप, शिवा गोप, अनिल गोप, रमेश महतो, पप्पू गोप,रंजीत गोप, लक्ष्मण महतो, प्रकाश कुमार, सूरज कुमार, विजय गोप, संदीप गोप, राजेश्वर नाग, अवधेश कुमार, संदीप कुमार, बबलू साव, पवन महतो, केदार महतो, सुभाष महतो, सुनील गोप, बालक गोप, राजू उरांव, रोहित गोप, महावीर कोइरी सहित अन्य शामिल है।

## डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के दसवीं बोर्ड के विद्यार्थी हुए सम्मानित

**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो के दसवीं बोर्ड के पांच विद्यार्थियों को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में वित्त एवं आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव द्वारा सर्टिफिकेट व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार को कला संस्कृति एवं खेलकूद व युवा विभाग के मंत्री हफीजुल हसन ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा की यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व की बात है।

## वित्तीय साक्षरता पर अखिल भारतीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

रांची। वित्तीय समावेशन और विकास विभाग, रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने सोमवार को राज्य स्तर पर स्कूली छात्रों के लिए वित्तीय साक्षरता पर अखिल भारतीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। राज्य स्तरीय क्विज में कुल 24 जिलों से 24 टीमों ने भाग लिया। क्विज में शामिल विषय बुनियादी बैंकिंग, सामान्य अर्थव्यवस्था और वित्त, आरबीआई/ एनसीएफई, अन्य विनियामक और वित्तीय संस्थान, झारखंड राज्य और जी 20 से संबन्धित थे। क्विज को द्विभाषी प्रारूप (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में तैयार किया गया था। सभी विद्यार्थियों ने क्विज में उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में महाप्रबंधक (प्रभारी अधिकारी) संजीव सिन्हा ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को वित्तीय साक्षरता के महत्व के बारे में बताया।



सावन के पहले सोमवार को चुटिया स्थित शिवमंदिर में लोगों किया जलाभिषेक


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### एन0आर0ई0पी0, कोडरमा

**शुद्धि पत्र**

निविदा सूचना सं0 – 01/RE/EE/NREP/KODERMA/2022-23 आमंत्रित किया गया था। जिसका पी0 आर0 सं0 –300989 है में ग्रुप सं0 01 को अपरिहार्य कारण से संशोधित किया जाता है।

निविदा की शर्तो की निम्न कंडिकाओं का संशोधन निम्न प्रकार है :–

(2) वेबसाईट पर निविदा प्रकाशनकी तिथि 03.07.2023 के स्थान पर 12.07.2023 पढा जाय।

(3) ई निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 07.07.2023 अपराह्न 05:00 बजे के स्थान पर 18.07.2023 अपराह्न 05:00 बजे पढा जाय।

(4) कार्यपालक अभियंता कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, कोडरमा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि 08.07.2023 एवं समय 10:00 बजे से 05:00 बजे तक के स्थान पर 19.07.2023 एवं समय 10:00 बजे से 05:00 बजे तक पढा जाय।

(5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय 10.07.2023 अपराह्न 02:00 बजे के स्थान पर 20.07.2023 अपराह्न 02:00 बजे तक पढा जाय।

शेष शर्ते पूर्वत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, कोडरमा

PR 301886 NREP (23-24)_D


# सांसद ने सभी गौ सेवकों के प्रति किया आभार व्यक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हूटूप गौशाला धाम में 150 गौ सेवकों की उपस्थिति में लगभग 101 फलदार पौधे और वृक्षों का वृक्षारोपण, गौ माता का तिलक लगाकर पूजन एवं हरा घास, गुड़ चारा खिलाकर सेवा कार्य रांची सांसद संजय सेठ के द्वारा गो हाल का शिलान्यास कार्यक्रम एवं शीघ्र ही गौशाला धाम के लिए ट्रैक्टर की घोषणा, गौशाला के विकास के लिए आपसी विचार- विमर्श एवं मंथन, आपसी मिलन कार्यक्रम के साथ सामूहिक भोजन प्रसाद का आनंद सभी लोगों ने मिलकर लिया प्रकृति की गोद में बसा गौशाला धाम में बच्चों और महिलाओं ने भी भक्ति भावना के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया तमाम गो सेवकों ने गौ माता के सहयोग के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की जब जब माता का बुलावा आएगा आने का श्रद्धा भाव से नमन भी किया, धाम में उत्पादित आम एवं पौधों को भी प्रसाद के रूप में भी सभी भक्तों को दिया गया, तथा गौ माता के धाम में मां से आशीर्वाद लेते हुए निरंतर आने का और सहयोग देने की भावना के साथ भक्तों ने विदाई ली, गौ सेवकों रतन जालान, पुनीत पोद्दार, प्रदीप राजगढ़िया, संजय सर्राफ ने सांसद संजय सेठ एवं सभी गौ भक्तों को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

# नेशनल पीपुल्स पार्टी के संगठन का किया जाएगा विस्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नेशनल पीपुल्स पार्टी द्वारा जिला संगठन विस्तार हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जल्द ही जिला अध्यक्ष एवं प्रभारी की नियुक्ति किया जाएगा। झारखंड प्रदेश में आगामी विधानसभा - लोकसभा चुनाव में विकल्प के रूप में नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रत्याशी मैदान में रहेंगे। पंचायत संगठन विस्तार हेतु जिला अध्यक्षों को जिम्मेवारी दिया जाएगा एवं जो भी समस्या संगठन विस्तार में आएगी उसे प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा समाधान किया जाएगा। बैठक में 10 जिलों से प्रतिनिधि शामिल हुए। जिलों के कार्यकर्ता को कहा गया कि धरातल पर मजबूती के साथ कार्य करना है। बैठक में प्रमुख रूप में शामिल प्रदेश महासचिव अमर महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष मानिचंद्र महतो, प्रदेश सचिव अनथन लाकड़ा, जोसेप लाकड़ा, प्रदेश प्रवक्ता सुमन बाड़ा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आरती देवी, मोहम्मद अबूजर, तारा देवी, जयंती, असद अंसारी, गणेश महतो, आलम अंसारी, रसिया, पशुपति महतो, छोटी लाल मांझी, साहिल सिंह, राजकुमार मिर्धा, रविंद्र गंजू, गीता देवी, सरस्वती देवी, गीता देवी, बसंत कुमार हंसदा, पूनम, जितेंद्र सिंह, मोहम्मद नौशाद, शाहिद अंसारी, पूनम तिग्गा, जितेंद्र सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


## न्यायालय, समाहर्त्ता–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल

**न्यायालय सूचना**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बी0पी0एल0ई0 वाद संख्या में अवैध रूप से वन भूमि अतिक्रमण करने के आरोप में BPLE Act, 1956 के तहत न्यायालय समाहर्ता –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल में चल रहे वादों में अभियुक्तों को उपस्थित होने हेतु पूर्व में नोटिस निर्गत किया गया था, परन्तु कुछ वादों में अभियुक्त या तो प्रारंभिक स्तर से अनुपस्थित है या कुछ वादों में कारण पृछा समर्पित कर लगातार अनुपस्थित है।

अत: निम्नलिखित BPLE वादों से संबंधित अभियुक्तों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देश दिया जाता है कि दिनांक – 13.07.2023 को 12.00 बजे अपराह्न में न्यायालय समाहर्ता –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके अनुपस्थिति में एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | बी0पी0एल0ई0 वाद संख्या | अभियुक्त का नाम एवं पता | मौजा का नाम | थाना / थाना नं0 | प्लॉट संख्या | अतिक्रमित वन भूमि का रकवा (एकड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 14/22–23 | 1. बलदेव मुर्मू, पिता – रूपन मुर्मू सा0 – गरमुन्डो, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। 2. सुमीत झा, प्रखण्ड समन्वक प्रधान मंत्री आवास योजना डोमचाँच प्रखण्ड। | गरमुन्डो | कोडरमा – 54 | 49 | 0.02 |
| 2. | 16/22–23 | 1. राजु मेहता, पिता – स्व0 देवनारायण मेहता 2. छोटेलाल मेहता , पिता – तेजो मेहता 3. सुरेश मेहता, पिता – स्व0 किशुनलाल मेहता तीनों का सा0 – सा0 – गरमुन्डो, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। 4. द्वारिका मेहता, पिता – स्व0 बालेश्वर मेहता सा0 – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। 5. माणिक तुरी, पिता – स्व0 बुधन तुरी सा0 – कबराबुट, थाना – डोमचाँच जिला – कोडरमा। | गरमुन्डो | कोडरमा – 54 | 49 | 0.20 |

समाहर्त्ता –सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल।

PR 301901 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D


## समारोह: कृषि विज्ञान केन्द्रों का वार्षिक क्षेत्रीय कार्यशाला का समापन

# 'प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर'

**वर्ष 2022-23 में झारखंड व बिहार राज्य के सभी 68 कृषि विज्ञान केन्द्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। इसके बावजूद कार्यशाला के दौरान चिन्हित कमियों एवं सुझावों पर अविलंब ध्यान देनी होगी**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आईसीएआर-अटारी, पटना द्वारा आयोजित कृषि विज्ञान केन्द्रों (केवीके) के तीन दिवसीय वार्षिक क्षेत्रीय कार्यशाला का समापन सोमवार को हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आरके मिशन, रांची के सचिव स्वामी भवेशानंद ने झारखंड में पहलीबार केवीके क्षेत्रीय कार्यशाला के आयोजन को गौरव का अवसर बताया। उन्होंने केवीके को कृषि सबंधित प्रसार के अच्छे कार्यों से नये एवं समृद्ध भारत निर्माण को गतिमान करने पर जोर दिया। झारखंड में कृषि कार्यों से जुडी समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रबंधन एवं प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया। मौके पर निदेशक, अटारी, पटना डॉ. अंजनी कुमार ने सभी केवीके को जिला स्तर पर फार्म इनोवेशन परियोजना कार्यों को बढ़ावा देने तथा इनोवेटिव फार्मर्स के कार्यो का प्रसार गतिविधियों में सदुपयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में झारखंड एवं बिहार राज्य के सभी 68 कृषि विज्ञान केन्द्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। इसके बावजूद कार्यशाला के दौरान चिन्हित कमियों एवं सुझावों पर अविलंब ध्यान देनी होगी। आईसीएआर उपमहानिदेशक (प्रसार शिक्षा) डॉ यूएस गौतम द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन करने की जरुरत है। उन्होंने सभी केवीके को पिछले वर्ष प्राकृतिक खेती से जोड़े गये किसानों सहित अन्य किसानों को भी प्राकृतिक खेती से जोड़ने की बात कही। मौके पर निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विवि, सबौर डॉ. आरके सोहाने ने अटारी वेबसाइट पर केवीके गतिविधियों को अद्यतन करने, फील्ड प्रसार गतिविधियों का जियो टैग फोटोग्राफी करने तथा केवीके के वैज्ञानिक सलाहकार समिति में सुधार की जरुरत बताई। मौके पर निदेशक प्रसार शिक्षा, बीएयू , रांची डॉ जगरनाथ उरांव एवं सीशा के इंडिया हेड डॉ आरके मल्लिक ने भी अपने विचारों को रखा। इस अवसर पर केवीके, आरके मिशन रांची के दो उत्पाद दिव्यायन सीरियल्स मिल्स एवं दिव्यायन रागी लड्डू का अतिथियों ने विमोचन किया। इससे पूर्व कार्यशाला के तीसरे दिन के तकनीकी सत्र में झारखंड राज्य में बीएयू द्वारा संचालित केवीके झ बोकारो, चतरा, धनबाद, दुमका, पुर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, जामताडा , लातेहार, लोहरदगा, पाकुर, पलामू, साहिबगंज, सरायकेला - खरसांवा, सिमडेगा एवं पश्चिमी सिंहभूम तथा आरके मिशन द्वारा संचालित केवीके, रांची के प्रधान - सह - वरीय वैज्ञानिकों ने अपने केन्द्रों का वर्ष 2022-23 का वार्षिक प्रगति प्रदर्शन प्रतिवेदन तथा वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना को प्रस्तुत किया।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने पदक जीता



सिल्ली। 19वां स्टेट झारखंड जूनियर वुशु प्रतियोगिता 9 एवं 10 जुलाई को धनबाद में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में सिल्ली प्रखंड से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया।। छात्राओं ने खेल का उम्दा एवं बेहतर प्रदर्शन करते हुए बहुत सारी पदको को जीता। जिसमें काजल कुमारी ने स्वर्ण पदक तथा कल्पना कुमारी ने कांस्य पदक और नीतू कुमारी एवं पंचमी कुमारी ने रजत पदक जीतकर सिल्ली का नाम रोशन किया है। वहीं विद्यालय की वार्डन मेरी अलमा रुंडा तथा शिक्षिका चंद्रिका कुमारी ने छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की।


## उप विकास आयुक्त का कार्यालय, कोडरमा

**(कृषि प्रभाग)**

**आम सूचना**

(पी0एम0–कुसुम Component-C योजनान्तर्गत सिंचाई कार्य हेतु ग्रिड आधारित पम्पसेट के सोलराईजेशन कार्य हेतु इच्छुक किसान का आवेदन भरा जा रहा है)

वित्तीय वर्ष – 2023–24 में पी0एम0–कुसुम Component-C योजनान्तर्गत पम्पसेट के सोलराईजेशन हेतु लागत राशि का 30 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार, 30 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाना है, जबकि 40 प्रतिशत राशि लाभुक किसानों द्वारा लाभुक अंशदान के रूप में किया जायेगा। लाभुक अपने पम्प की क्षमता के दोगुनी क्षमता तक के सोलर पावर प्लांट का अधिष्ठापन करा सकते है।

पम्प की क्षमता के आधार पर निम्नवत् व्यय अनुमानित है:–

| क्र0 सं0 | उपलब्ध पम्प का प्रकार (क्षमता) | अधिकतम सोलर पावर प्लांट की क्षमता (एच.पी.में) | सोलर पावर प्लांट की क्षमता (कि0वा0 में) | ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट का दर (GST सहित) | ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट का कुल राशि (GST सहित) | राज्यांष (30 %) | केन्द्रांष (30 %) | लाभुक अंशदान (40 %) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1HP | 2 HP | 1.50 | 85009.00 | 127513.50 | 38254.05 | 38254.05 | 51005.40 |
| 2 | 2 HP | 4 HP | 3.00 | 85009.00 | 255027.00 | 76508.10 | 76508.10 | 102010.80 |
| 3 | 3 HP | 6 HP | 4.50 | 85009.00 | 382540.00 | 114762.15 | 114762.15 | 153016.20 |
| 4 | 5HP | 10 HP | 7.50 | 85009.00 | 637567.50 | 191270.25 | 191270.25 | 255027.00 |
| 5 | 7.5 HP | 15 HP | 11.00 | 85009.00 | 935099.00 | 280529.70 | 280529.70 | 374039.60 |

1. वर्त्तमान में इच्छुक किसान से किसी भी तरह का लाभुक अंशदान या शुल्क आवेदन के साथ नहीं लिया जाएगा।
2. किसानों के अंतिम रूप से चयन होने के पश्चात् लाभुक अंशदान की राशि ली जाएगी।
3. लाभुक अंशदान की राशि का बैंक ड्राफ्ट Director Jreda, Payable at Ranchi के उपनाम पर भगतेय हो।
4. पी.एम. कुसुम Component-C के अन्तर्गत यदि किसान चाहे तो लाभुक अंशदान हेतु केन्द्रीय बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने में भी ज्रेडा राँची द्वारा सहयोग किया जायेगा।
5. ग्रिड आधारित पम्पसेट के सोलराईजेशन कार्य हेतु इच्छुक किसान आवेदन पत्र एवं अनुलग्नक–1, अनुलग्नक–2, आवेदक का घोषणा पत्र का प्रपत्र (नोटरी द्वारा सत्यापित करके आवेदन में संलग्न कर एवं आधार कार्ड, आवसीय प्रमाण पत्र, भूमि रिकार्ड की छायाप्रति, अद्यतन जमा की गयी भूमि कर की छायाप्रति हाल ही में एक स्व–सत्यापित फोटो, आवेदन के साथ जिला कृषि कार्यालय कोडरमा में कार्यालय अवधि दिनांक 30.07.2023 के अपराह्न् 4:00 बजे तक जमा करें।
6. ग्रिड आधारित पम्पसेट के सोलराईजेशन कार्य हेतु इच्छुक किसान अवेदन प्रपत्र एवं दस्तावेजों में समिति द्वारा त्रुटि पाये जाने पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा, साथ ही 30.07.2023 के अपराह्न् 4:00 बजे के बाद आवेदन प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
7. विस्तृत जानकारी हेतु शर्ते एवं आवेदन का प्रारूप कोडरमा जिला के NIC वेबसाइट पर koderma.nic.in एवं ATMA के वेबसाइट www.atma koderma.Org.in पर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।
8. विज्ञापन अथवा प्रक्रिया को बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी द्वारा निरस्त किया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी
कोडरमा

उप विकास आयुक्त–सह–
नोडल पदाधिकारी
पी0एम0 –कुसुम योजना, कोडरमा

PR.NO.301908 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24):D

# सावन की पहली सोमवारी पर महाआरती में श्रद्धालुओं की पहाड़ी मंदिर में उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सोमवार को पहली सोमवारी के मौके पर पहाड़ी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। आयोजक नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि श्रावण मास के प्रथम सोमवारी के दिन रांची के सुप्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार के पास रांची शहर के तमाम धार्मिक और सामाजिक संगठनों के द्वारा पिछले साल के भांति इस साल भी संध्या 5:00 बजे पहाड़ी बाबा की भव्य महाआरती की गई। आज के महाआरती के मुख्य अतिथि गो आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव और राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सोमवित माजी विशिष्ट अतिथि रमन सिंह बंटी आदि शामिल हुए। महाआरती के बाद बोल बम के नारों से पूरा पहाड़ी परिसर गुंजायमान हो गया, उसके बाद सैकड़ों भक्तों के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। अब अगले सोमवार संध्या महाआरती में घंटियों की आवाज से गुंजायमान होगी। इस महाआरती में हजारों की संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित रहे। संध्या महाआरती में विशेष रुप से नन्द किशोर सिंह चंदेल, सत्येंद्र सिंह, शैलेश्वर दयाल सिंह, दीपक ओझा, विनय सिंह, सुनील यादव, निशांत यादव, शुभाशीष चटर्जी, अशोक यादव, संजीत सिंह, शिवाजी सिंह, जितेंद्र सिंह, सचिन कुमार, राखी कौर, उज्जवल कुमार सिन्हा, सुनील सिंह, अमित सिंह चंदेल, राणा सिंह, नितिन सिरमौर,कुंवर यस सिंह परमार, क्षितिज, राजीव पांडे, शिवम, अर्पित, सुरेंद्र सिंह, शुभम, विवेक कुमार, राहुल कुमार सिंह आदि का मुख्य योगदान रहा। वहीं दूसरी ओर महिलाओं में सुचिता सिंह,नीतू सिंह, शिल्पी कुमारी वर्मा, मुस्कान पाठक, पुजा कुमारी,सूम्मी वर्मा, ज्योति सिंह, स्वप्ना चटर्जी,सुनीता शर्मा, लक्ष्मी, प्रभा शर्मा, पिंकी शर्मा, मंजू सिंह, रीना, स्वीटी सिंह, कुमकुम गुप्ता, पूनम जयसवाल उपस्थित थीं।

## बिरसा चौक के पास बनेगा बालाजी बाबोसा भगवान का मंदिर

**रांची।** बिरसा चौक के पास बालाजी बाबोसा भगवान के मंदिर का निर्माण होगा। इसकी जानकारी देते हुए रेनु बरडिया ने बताया कि बाबोसा भगवान के अनेक चमत्कार हैं। जो भी भक्त श्रद्धा से बाबोसा भगवान का ध्यान लगाता है, उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है। बाबोसा हनुमान के स्वरूप में भक्तों के दुख दूर करते हैं। हमारा परम सौभाग्य है कि ऐसे चमत्कारी देव रांची में भक्तो के कल्याण के लिए पधार रहे हैं। कुछ ही दिनों में बाबोसा का सुंदर मंदिर बनकर तैयार होगा एवं परम आराधिका मंजू बाईसा के हाथों बाबोसा भगवान की प्राण प्रतिस्ठा होगी। नगर में बाबोसा के मंदिर का निर्माण हो रहा है । घर-घर मे बाबोसा के मंदिर की प्रतिष्ठा हो रही है। हमारी बाईसा हर हर बाबोसा झ घर घर बाबोसा की ज्योत घर घर जगा रही हैं, और निःस्वार्थ भाव से अपने भक्तों का कल्याण कर रही हैं।

# संयुक्त किसान मोर्चा तीन अगस्त को विधानसभा के समक्ष देगा धरना




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक स्थित भाकपा कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान संग्राम समिति के अध्यक्ष राजेंद्र गोपर ने की। मौके पर संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक महेंद्र पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों किसानों को धोखा दिया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए राज्य सरकार कानून बना सकती है। लेकिन नहीं बना, किसान आयोग का गठन, किसानों के लिए अलग से बजट बनाने, भूमि बैंक को समाप्त करने, गैरमजरूआ जमीन की रसीद को चालू कराने, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को लागू कराना , ऑनलाइन के नाम पर बड़े पैमाने पर रोक लगाना सहित कई अन्य मांगों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा आगे आने वाले दिनों के लिए आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 18 जुलाई को किसान समन्वय संघर्ष समिति संयुक्त मोर्चा की विस्तारित बैठक रखी जाएगी । इसमें सभी संगठनों के राज्य कमेटी के लोग भाग लेंगे। बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा के झारखंड प्रभारी पूर्व विधायक राजा राम सिंह भाग लेंगे। तीन अगस्त को झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में उपरोक्त मांगों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से विधानसभा के समक्ष महा धरना दिया जाएगा। नेताओं ने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार लगातार किसानों पर हमला कर रही है। किसानों की जमीन कौड़ी की भाव लूट रही है।

## मतदाताओं की संख्या बढ़ाने को उपायुक्त ने दी हिदायत

**रांची।** उपायुक्त ने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को कहा कि आगामी चुनाव के मद्देनजर अभी से ही थोड़ा-थोड़ा चुनाव संबंधी कार्य पूरा करें। जिसमें उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाताओं का सत्यापन का कार्य करें। उन्हें प्रत्येक घर पर दो बार भ्रमण करते हुए बीएलओ स्टीकर चस्पा करना हैं, जिसमें नए मतदाता जिनकी आयु 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही हैं। वे अपना नाम मतदाता सूची में अपना नाम प्रपत्र-6 के माध्यम से पंजीकरण करा सकेंगे। साथ यह भी कहा गया कि प्रपत्र-7 में विलोपन की कार्रवाई की जायेगी, जिसमें निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी नियमानुसार विलोपन का कार्य कर सकेंगे। मतदाता सूची में किसी भी तरह त्रुटि निराकरण के लिए नाम में सुधार इत्यादि कार्य प्रपत्र-8 में किये जा सकेंगे। वर्ष 2014 एवं वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में वैसे मतदान केंद्र जहां 10 प्रतिशत से कम मतदान हुआ हैं, वैसे केंद्रों की पहचान कर मतदाताओं के बीच मतदान का प्रतिशत बढ़ाएं।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित

# योजनाओं को ससमय पूरा करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में जिला समन्वय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, दिनेश कुमार यादव, निदेशक डीआरडीए रामवृक्ष महतो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र चौबे, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रवि शंकर मिश्रा, रांची जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जिला समन्वय समिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं संबंधित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त द्वार प्रधानमंत्री आवास योजना वर्ष 2016-17 से 2021-22 में तेजी लाते हुए इसे जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश देते हुए सभी प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को ससमय पूरा करने के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया एवं जिन प्रखंडो में कार्य प्रगति कम हैं, वैसे प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को विशेष ध्यान देने को कहा और वैसे लोगों की भी पहचान करें जो गलत तरीके से लाभ लिए हैं, उनपर नियम संगत कार्रवाई करने को कहा गया। उपायुक्त ने बाबा भीम राव अम्बेडकर आवास योजना को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को इसपर बधाई देते हुए इसपर संतोष जाहिर किया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन प्रखंडो में बाबा भीम राव अम्बेडकर आवास योजना लंबित हैं, उसे जल्द से जल्द पूरा कराने को कहा गया। उपायुक्त द्वारा मनरेगा जेनेरेशन प्रशन डेज जेनरेटेड का कार्य 100 फीसदी पूरा कराने का निर्देश दिया गया एवं महात्मा गांधी नेशनल रुरल इम्पोलाइमेन्ट गारंटी योजना को पूरा करने को कहा और जिन प्रखंडो में ये लंबित हैं। इसे हर हाल में पूरा कराना सुनिश्चित करने कराने को कहा तथा उन्हें ज्यादा ध्यान देने को कहा गया। उपायुक्त, रांची ने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में विशेष ध्यान देने के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह महत्वपूर्ण योजना हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान इसका लाभ ले सकें।

## वाइल्ड वादी वाटर पार्क एडवेंचर से रोमांचित हुए अग्रसेन स्कूल के बच्चे, मस्ती में डूबे



**रांची।** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा के करीब तीन सौ विद्यार्थियों ने रांची स्थित वाइल्ड वादी वाटर पार्क का भ्रमण किया। बच्चों ने स्विमिंग कॉस्ट्यूम में वाटर पार्क में भरपूर मस्ती की। बच्चों ने वाटर स्लाइडिंग, वाटर वेभ, रेन डांस, जिप लाइन, बर्ड पार्क आदि आदि का घंटो तक आनंद उठाया। साथ ही विभिन्न फिल्मी गीतों पर डांस किया। वाटर पार्क में आयोजित डांस कंपीटीशन में छात्रा नाम्या प्रसाद विजेता बनी। उसे फ्री टिकट व अन्य उपहार मिले। वाटर पार्क में ट्रेनरों ने बच्चों को तैराकी के गुर भी सिखाए। वाटर पार्क के एडवेंचर का अवसर मिलने से बच्चे बेहद खुश दिखे। ट्रिप के बाबत स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि जो खुशी बच्चों को अपने दोस्तों के साथ आम पब्लिक प्लेस में घूमकर और मौज-मस्ती करके मिलती है, वह और किसी तरीके से नहीं मिल सकती है। खास कर एडवेंचर पार्क का अलग ही मजा होता है। यह बच्चों में रोमांच भरता है, जिससे बच्चे लंबे समय तक तरोताजा महसूस करते हैं। स्कूल परिवार इसी उद्देश्य के तहत बच्चों को इस ट्रिप पर लेकर गया था। ट्रिप के उपरांत बच्चों ने सामूहिक लंच के साथ आइसक्रीम का भी आनंद उठाया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने 'अनुभवात्मक शिक्षण' विषय पर बी.के. बिरला सभागार में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम की मेजबानी की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में पीएस कालरा और श्रीमती लिपिका पात्रा उपस्थित थे। झारखंड के विभिन्न स्कूलों से 74 शिक्षकों ने बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ सत्र में भाग लिया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने शिक्षण समुदाय के कौशल को बढ़ाने के लिए विद्यालय द्वारा की गई पहल की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से शिक्षकों को अपने अवधारणाओं पर फिर से विचार करने और खुद को रिफ्रेस करने में मदद मिलती है। यह सॉफ्टवेयर को अपडेट करने जैसा है।

# पासवा का प्रतिभा सम्मान, 15000 छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करने से देश का भविष्य बेहतर होता हैं। इसी सोच को साकार करने के लिए पासवा ने 15000 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्राईवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) द्वारा सोमवार को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के तहत छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके तहत सीबीएसई, आईसीएसई और जैक बोर्ड के 10वीं और 12वीं के टॉपर जो 80% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन्हें सम्मानित किया गया। यह सम्मान वैसे विद्यार्थियों को दिया गया जो 80% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। सभी टॉपर्स को राज्य के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री हाफिजुल हसन, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद, शिक्षा विद् बिपीन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, राष्ट्रपति से सम्मानित फलक फातिमा, प्राचार्य एलआर सैनी, एमके सिन्हा, एसके सिन्हा, पासवा उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोट और अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।समारोह के दौरान विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं में 10वीं और 12वीं परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को नकद राशि और मेडल के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अब रांची में बच्चों के लिए होगा एक्टिंग स्कूल

**रांची।** नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली के स्नातक और नाट्य विशेषज्ञ संजय लाल बच्चों के लिए एक्टिंग स्कूल खोलने जा रहे हैं. यह स्कूल ओल्ड कमिश्नर कंपाउंड में स्थित लिटिल एंजल स्कूल में चलेगा। उन्होंने बताया कि शनिवार और रविवार को स्कूलों की छुट्टियां रहती हैं और यह देखा गया है कि इन दो दिनों में अधिकतर बच्चे अपना बहुमूल्य समय मोबाइल देखने में गुजार देते हैं। जबकि मोबाइल की इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन कई तरह की घातक बीमारियों का कारण बन सकती है। इससे अच्छा है कि बच्चे इसका सदुपयोग रचनात्मक कार्य में करें। संजय ने बताया कि इसका सिलेबस नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा नई दिल्ली के चिल्ड्रेन विंग के तर्ज पर ही तैयार किया गया है।

# अल्बर्ट एक्का के पुत्र व पुत्रवधू किये गये सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद अल्बर्ट एक्का के पुत्र विंसेंट एक्का एवं पुत्रवधू रजनी एक्का को कांके रोड स्थित विश्व संवाद केंद्र में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सम्मानित किया गया। संघ के क्षेत्र संपर्क प्रमुख अनिल ठाकुर एवं गांधीनगर के संघचालक पंकज वत्सल ने उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। अल्बर्ट एक्का झारखंड के एकमात्र शहीद हैं जिन्हें देश की रक्षा हेतु अपना जीवन उत्सर्ग करने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। विंसेंट एक्का ने कहा कि भारत माता की सेवा के लिए उनके परिवार का त्याग और समर्पण हमेशा जारी रहेगा। अल्बर्ट एक्का का परिवार जारी प्रखण्ड, गुमला में रहता है।

## दिव्यांग थ्रोबॉल के पांच महिला व एक पुरुष खिलाड़ी को संघ ने किया सम्मानित




**रांची।** आगामी दिसंबर में चेन्नई में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय पारा थ्रो बॉल चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग मैच में भाग लेने के लिए मलेशिया जानेवाली भारतीय महिला पारा (दिव्यांग) थ्रो बॉल टीम के पांच खिलाड़ियों तथा एक पुरुष खिलाड़ी को सोमवार को कांके रोड स्थित विश्व संवाद केंद्र कार्यालय में सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संपर्क प्रमुख अनिल ठाकुर ने उन्हें मेमेंटो एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली महिला खिलाड़ियों के नाम हैं प्रतिमा तिर्की, अनिता तिर्की, महिमा उरांव, असुंता टोप्पो, तारामणि लकड़ा एवं सनोज महतो। इस अवसर खिलाड़ियों को सहयोग एवं प्रोत्साहन देने वाले गुमला के समाजसेवी एवं जिला परिषद सदस्य दिलीप बडाइक, संघ के सह प्रांत प्रचार प्रमुख संजय कुमार आजाद, प्रान्त संपर्क टोली के अनुसूचित जाति जनजाति श्रेणी प्रमुख डॉ सहदेव राम, क्रीड़ा श्रेणी प्रमुख अनिल कुमार उपस्थित थे। परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद अल्बर्ट एक्का के पुत्र विंसेंट एक्का, पुत्रवधु रजनी एक्का और खिलाड़ियों के स्थानीय कोच मुकेश कंचन भी उपस्थित रहे। सम्मान समारोह का संचालन संघ के साधु संत सम्पर्क प्रमुख स्वामी दिव्य ज्ञान ने किया। उन्होंने बताया कि यह दिव्यांग खिलाड़ी बहुत संघर्ष के उपरांत इस मुकाम पर पहुंचे हैं। समाज के सभी भावनावान लोगों को इनकी हर संभव मदद के लिए आगे आना चाहिए। मलेशिया जाने-रहने का सारा खर्च खिलाड़ियों को स्वयं वहन करना है। पारा (दिव्यांग) थ्रो बॉल राष्ट्रीय टीम की एक महिला खिलाड़ी असुंता टोप्पो (ग्राम छतरपुर, प्रखंड चैनपुर, गुमला) गरीबी के कारण मलेशिया जाने-रहने का खर्च वहन करने में बिल्कुल असमर्थ थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से उसका सारा खर्च 66000/- चैनपुर के समाजसेवी एवं गुमला जिला परिषद के सदस्य दिलीप बड़ाईक ने अपनी ओर से प्रायोजित कर दिया। इस अवसर पर दिलीप बड़ाईक ने कहा कि आज सम्मानित दिव्यांग महिला खिलाड़ियों में से पांच जनजातीय समाज से हैं जो झारखंड के लिए गौरव का विषय है।

**उत्पादन**

## कुलपति के निर्देश पर धान रोपनी की शुरूआत

# धान छोड़ खरीफ फसलों की बोवाई पूरी करें



नवीन मेल संवाददाताञ रांची
वर्त्तमान खरीफ मौसम में वषार्पात की विषम स्थिति को देखते बीएयू कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने उपलब्ध सिंचाई साधनों का सदुपयोग करते हुए ससमय धान रोपनी एवं अन्य खरीफ फसलों की बोवाई ससमय पूरा करने का निर्देश दिया है। बीएयू के निदेशालय बीज एवं प्रक्षेत्र के नार्थ-ईस्टर्न फार्म में सोमवार को कुलपति की मौजूदगी में बीजोत्पादन कार्यक्रम के तहत चार एकड़ भूमि में पहली धान रोपनी शुरू की गयी। इस रोपनी में धान की स्वर्ण शक्ति प्रभेद के आधार बीज के 20-25 दिन वाली बिचड़े की रोपाई की गयी। 125 दिनों की अवधि वाली स्वर्ण शक्ति प्रभेद की उपज क्षमता 42-45 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। मौके कुलपति पर कुलपति ने कहा कि फसलोत्पादन में बेहतर उपज के लिए सही समय पर रोपाई या बोवाई किया जाना जरुरी है। उन्होंने बारिश में कमी के बावजूद धान की रोपाई के लिए वैज्ञानिकों के प्रयास की सराहना की। बताया कि प्रदेश में धान की रोपाई का आदर्श समय जुलाई माह है। प्रदेश में बारिश में कमी और विषम मौसम की परिस्थिति को देखते हुए किसान कम अवधि या मध्यम अवधि वाले धान प्रभेद का चयन करें। उन्होंने किसानों को ऊपरी जमीन की परती खेत में धान फसल को छोड़कर अरहर, उरद, मूंग, मडुआ, ज्वार आदि की बोवाई मेढ़ बनाकर जल्द से जल्द समाप्त करने की सलाह दी। मौके पर मौजूद शस्य वैज्ञानिक डॉ आरपी मांझी ने बताया कि फार्म के दस हेक्टेयर भूमि में धान बीजोत्पादन कार्यक्रम के अधीन धान की रोपाई की जायेगी। इस कार्यक्रम में धान की स्वर्ण श्रेया, सीआर धान झ 320, एमपीयू 10-10, सहभागी, बीभीएस -1 एवं एमपीभी 70-29 (स्वर्णा) के आधार बीज से तैयार बिचड़े की रोपाई की जाएगी। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रभेदों का सत्यापित बीज उत्पादन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि निदेशालय बीज एवं प्रक्षेत्र के अधीन बीजोत्पादन कार्यक्रम के तहत खरीफ फसलों में अरहर, सोयाबीन, मडुआ, तिल एवं ढेंचा का बोवाई कार्य प्रगति पर है। विवि में पहले धान रोपाई के अवसर पर एचएन दास, अदीप सिंह, बाबूलाल महतो, मंदराज महतो, हीरालाल महतो आदि भी मौजूद थे।

# अभिभावक बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराएं : अजय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अभिभावक प्राइवेट स्कूलों की जगह बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराए। राय सोमवार को शहीद चौक स्थित जिला स्कूल का दौरा करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने वहां के प्राचार्या मंजुला एक्का से मिलकर विद्यालय के संबंध में भी चर्चा की। प्राचार्या मंजुला एक्का ने वर्तमान सत्र 23-24 में सीबीएसई पैटर्न के तहत क्लास से नए नामांकन की प्रकिया शुरू करने की जानकारी देते हुए बताया कि सैकड़ों की संख्या में नए नामांकन अब तक हुए हैं । हम लोगों की कोशिश है कि राज्य सरकार ने जो पाठ्यक्रम सीबीएसई पैटर्न के तहत तैयार किया है उसे सही तरीके से हम लागू कर सके। अजय राय ने इस अवसर पर प्राचार्य को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला स्कूल से उनका पुराना संबंध रहा है। वह खुद स्कूल के छात्र रहे हैं, तो हमारी कोशिश होगी कि स्कूल में हर मूलभूत सुविधाओं में जो सहयोग झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन की ओर से हो सकता है वह करेंगे। राय ने प्राचार्या की तारीफ करते हुए बताया कि स्कूल के माहौल में पहले से काफी परिवर्तन उन्होंने लाया है और ऐसे में हम अभिभावकों से अपील करेंगे कि वह अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल की जगह ऐसे उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन कराएं।

**NEWS इन ब्रीफ**

### गिरिडीह : बाइक से गिरकर युवक की मौत

**गिरिडीह।** जिले के गांडेय प्रखंड के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के अहिल्यापुर निवासी गुड्डू पंडित (24 वर्ष) की बाइक से गिरकर मौत हो गई. गुड्डू यदु पंडित का पुत्र था. घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि गुड्डू पंडित 10 जुलाई को अपनी बाइक संख्या जेएच 10 बी डब्लू 4345 से अहिल्यापुर से ताराटांड़ की ओर जा रहा था. इसी दौरान बदगुंदा के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई. जिससे गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों ने गुड्डू के परिजनों को घटना की जानकारी दी. परिजनों द्वारा इलाज के लिए धनबाद ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है.

### गावां : करंट की चपेट में आने से चार बकरियों की हुई मौत

**गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के कुरहा गांव में सोमवार 10 जुलाई को विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से चार बकरियों की मौत हो गई. मामले को लेकर पीड़ित सुकु हांसदा ने बताया कि हर दिन की तरह सोमवार को भी जानवर चराने खेत तरफ गए थे. जहां बिजली का तार गिरा हुआ था. जिसके चपेट में आने से चार बकरियों की मौत हो गई. पीड़ित परिवार ने बिजली विभाग से मुआवजा की मांग किया है. सुकु हांसदा ने बताया कि बकरिया बेचकर ही किसी तरह घर परिवार चलाते थे. क साथ चार बकरियों की मौत से उन्हें भारी नुकसान हुआ है.

### कलैता गांव में करंट लगने से मासूम बच्चे की हुई मौत

**चाईबासा।** कलैता गांव निवासी पूर्व सेलकर्मी स्व. मदन हेम्ब्रम के चार वर्षीय पोता आर्यन हेम्ब्रम की करंट लगने से मौत हो गई. यह घटना रविवार शाम की बताई जा रही है. लोगों ने बताया कि आर्यन खेल रहा था. इसी दौरान बिजली का टूटा तार जो जमीन पर गिरा हुआ था, उसमें करंट प्रवाहित था, उसके सम्पर्क में आ गया. इससे करंट लगने से उसकी मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते हीं ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और आर्यन को तार से अलग किया. लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद उसकी मौत हो गई. उल्लेखनीय है कि कलैता गांव के ग्रामीण अवैध तरीके से तार खिंच कर सेल की बिजली लिये हुये हैं. इन्हीं तार से विभिन्न घरों के लोग अलग-अलग कनेक्शन लिये हैं. इसी से टह घटना घटी.

### एसएसपी ने किया औचक निरीक्षण

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के एसएसपी प्रभात कुमार ने रविवार देर रात बिरसानगर, सिदगोड़ा और सीतारामडेरा थाना का औचक निरीक्षण किया. एसएसपी द्वारा निरीक्षण के दौरान थानों के अभिलेखो की गहनता से जांच की गई साथ ही उन्होंने मौके पर उपस्थित पुलिस कर्मियों को भी आवश्यक निर्देश दिए. इसके साथ ही एसएसपी ने शहर का भी भ्रमण किया और रात्रि गश्ती का भी जायजा लिया.

# सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में आस्था का सैलाब

## बोल बम, हर-हर महादेव के नारों से गूंजा कोयलांचल, हजारों भक्तों ने किया जलार्पण



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** सावन की पहली सोमवारी पर 10 जुलाई को धनबाद कोयलांचल के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. हजारों श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को जलार्पण किया. शक्ति मंदिर, भुईंफोड़ मंदिर, भूतनाथ महादेव मंदिर, खड़ेश्वरी मंदिर, शिव मंदिर विकास नगर सहित कतरास, सिंदरी, झरिया, पुटकी, निरसा, मैथन के शिवालयों में विशेष पूजा-अनुष्ठा हुए. शिवालयों के बाहर सुबह से ही भक्तों की कतार लग गई. बोल बम, हर हर महादेव के जयकारे से वातावरण गूंज उठा. भक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर उनके चरणों में श्रद्धा भक्ति समर्पित की. बेलपत्र, भांग, धतूरा अर्पित कर बाबा से घर-परिवार की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा. इस विशेष मौके पर मंदिरों का रंग-रोगन कर आकर्षक ढंग से सजाया गया है. रंगीन बल्बों की लड़ियां मंदिरों की शोभा बढ़ा रही हैं. पहली सोमवारी पर पुराना बाजार जोड़ा फाटक रोड स्थित शक्ति मंदिर में पूजा के लिए भक्तों का तांता लगा रहा. मंदिर के प्रबंधक ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि सोमवारी पर शिव दरबार को फूलों से आकर्षक ढंग सजाया गया. बाबा का दूध, दही, गंगाजल, घी और मधु से भिषेक किया गया. 108 बेलपत्र से श्रृंगार किया गया. शाम में महिला कीर्तन मंडली ने भजनों की प्रस्तुति दी. गोल्फ ग्राउंड के समीप खड़ेश्वरी मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक किया. मंदिर के पुजारी मनोज पांडे ने बताया कि पहली सोमवारी पर भोलेनाथ का रजनीगंधा, गेंदा फूल और बेलपत्र से भव्य श्रृंगार किया गया. दही, भांग, मधु, इत्र, भस्म, चंदन से बाबा को स्नान कराया गया. दूध और इख के रस से रूद्राभिषेक किया गया. संध्या में भजन कीर्तन का आयोजन हुआ. भुईफोड़ मंदिर में पहली सोमवारी पर शहर व दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने पहुंचे. पुजारी सुबोध पांडे ने बताया कि सुहागिनें अखंड सुहाग और कुंवारी कन्याएं इच्छित वर के लिए भोलेनाथ की अराधना करती हैं. बाबा सच्चे मन से की गयी प्रार्थना जरूर स्वीकार करते हैं. डीजीएमएस परिसर स्थित बूढ़ा शिव मंदिर में पहली सोमवारी पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिव लिंग पर जल चढ़ाया. पुजारी सुकदेव तिवारी बताते हैं कि सावन माह बाबा भोले को समर्पित है. पूरे माह बाबा धरती पर रहते हैं और एक लोटा जल से खुश होकर भक्तों पर कृपा बरसाते हैं. पहली सोमवारी पर शिव शक्ति मंदिर माडा कॉलोनी, शिव मंदिर तेलीपाड़ा, कल्याणेश्वर मंदिर सीएमपीएफ कॉलोनी, त्रिमूर्ति मंदिर विनोद नगर सहित अन्य मंदिरों में बाबा की पूजा-अर्चना की गई.

### गिरिडीह : सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**गिरिडीह।** सावन की पहली सोमवारी को जिले के शिव मंदिरों में बाबा भोले पर जल चढ़ाने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. सुबह की पहली किरण के साथ ही भक्त स्नान कर पूजन सामग्री के साथ मंदिरों की ओर निकल पड़े. जिला मुख्यालय में भक्तों की सर्वाधिक भीड़ बाबा दुखहरण नाथ मंदिर में देखी गई. इसके पूजा मंदिर कमिटी के द्वारा मंदिरों की साफ-सफाई की गई, वहीं मंदिर के आसपास पूजन सामग्री और फलों की कई अस्थाई दुकानें सजी थी. ऐसे दुकानों पर खरीदारी करने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा रही. शहर के साईं मंदिर विश्वनाथ मंदिर, नर्मदा धाम मंदिर, कचहरी चौक स्थित शिव हनुमान मंदिर, पुराना जेल परिसर स्थित शिव मंदिर सहित कई अन्य मंदिरों में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. धनवार प्रखंड के झारखंड धाम में सावन की पहली सोमवारी पर कांवरियों, भक्तों का हुजूम उमड़ा. भक्तों की सुविधा के लिए समिति के अध्यक्ष सुभाष पंडा सहित कई पुजारी जुटे रहे. बनियाडीह स्थित भूतनाथ मंदिर, कोपा मंदिर, शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया.

### घाटशिला : सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**जमशेदपुर।** सावन की पहली सोमवारी को शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही. दोपहर तक महिला पुरुषों ने शिवालयों में जलाभिषेक किया. मौके पर प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित शिव पार्वती मंदिर के पुजारी मायाराम पांडेय ने मलमास के संबंध में बताया कि इस वर्ष सावन मास में पुरुषोत्तम मास लगा है. पुरुषोत्तम मास को लोग मलमास कहते हैं परंतु ऐसा है नहीं. उन्होंने बताया कि हर मास से 1-1 तिथि कम अधिक होता है जो तीन वर्ष बाद पूरे 30 दिन का हो जाता है. इसलिए पंचांग के अनुसार ऐसा कोई वर्ष नहीं है कि 13 मास का वर्ष हो. भगवान पुरुषोत्तम ने इस अधिक मास को अपना नाम दिया पुरुषोत्तम मास. इस मास में भगवान की आराधना करने तथा पूजा करने से सीधे भगवान को जाता है.

### जमशेदपुर : सावन मास की पहली सोमवारी पर गोलपहाड़ी मंदिर में लगा भक्तों का तांता



**जमशेदपुर।** वैसे तो श्रावण मास में कमोवेश सभी मंदिरों में भक्तों की भीड़ रहती है. लेकिन ख्याति प्राप्त मंदिरों में ज्यादा ही भीड़ देखने को मिलती है. इन्हीं में जमशेदपुर जिला मुख्यालय से आठ किलोमीटर की दूरी पर स्थित गोलपहाड़ी में पहाड़ी माई का मंदिर है. चारो तरफ से पहाड़ों से घिरे परिक्षेत्र के सबसे उपरी तल पर पहाड़ी माई का दरबार है. यहां आम दिनों में प्रत्येक रविवार को भक्तों की भीड़ ज्यादा दिखती है. जबकि श्रावण मास, शिव रात्रि, नव वर्ष के मौके पर अपार भीड़ होती है. पहली सोमवार को भक्तों की भीड़ दिखी. भीड़ बढ़ने के कारण मंदिर कमिटी को वोलंटियर की तैनाती करनी पड़ती है. श्रावण मास की पहली सोमवारी में पहाड़ी मंदिर के अलावे भोलेनाथ के दरबार में भक्तों ने पूजा की. पहाड़ी पर दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर, शितला माता का मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, हालांकि कड़ी धूप में गर्मी से भक्त परेशान रहे. गोलपहाड़ी मंदिर जाने के लिए भक्तों को 225 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है. प्रारंभ में पत्थरों को आड़े तिरछे जोड़कर भक्तों के चढ़ने के लिए रास्ता बनाया गया था. कलांतर में धीरे-धीरे सुविधाओं में बढ़ोतरी होती गई. मनोकामनाएं पूरी होने पर भक्तों के द्वारा वहां कई सुविधाएं प्रदान की गई है.

### चाकुलिया : नागानल मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया

**जमशेदपुर।** सावन की पहली सोमवारी पर सोमवार को चाकुलिया के नागानल मंदिर और चंडेश्वर शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की और जलाभिषेक किया. पूजा के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था. नागानल मंदिर में मंदिर कमेटी द्वारा बाबा का दरबार फूलों से सजाया गया है. पुजारी अशोक पति और विश्वनाथ पति ने श्रद्धालुओं से पूजा-अर्चना कराई. पुराना बाजार स्थित चंडेश्वर शिव मंदिर में भी पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. यहां के अन्य शिवालयों में भी पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई.

## गिरिडीह योगासन स्पोर्टस संघ के आठ सदस्य बने राज्यस्तरीय जज



**गिरिडीह।** झारखंड योगासना संघ ने चौथे योगासन स्पोर्टस जज सह कोच प्रशिक्षण सेमिनार सह परीक्षा का आयोजन 8 व 9 जुलाई को बोकारो के दिल्ली पब्लिक स्कूल में किया. जिसमें गिरिडीह के 8 सदस्यीय टीम ने भाग लिया. जिसमें गिरिडीह के सभी आठ प्रतिभागियों ने लेबर वन और टू की परीक्षा पास राज्यस्तरीय जज बन गए. जिसमें गिरिडीह के अमित स्वर्णकार, अनिता ओझा, दयानंद जायसवाल और नामित सिंह लेबल टू तथा रोहित राय, अनिल कुमार और आशीष कुमार लेबल वन में अच्छे ग्रेड से पास हो गये. सभी को झारखंड योगासन संघ द्वारा प्रमाण पत्र और मोमेंटो दिया गया. योगासन संघ के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि गिरिडीह जिला में राज्य स्तरीय आठ जज हो जाने के बाद अब योगासन प्रतियोगिता कराने के लिए अन्य जिलों से जज नहीं बुलाना पड़ेगा जिसमें काफी खर्च बचेगा.

### धनबाद : तेतुलमारी में शिक्षिका के चाटा मारने से आहत छात्रा ने की खुदखुशी

**धनबाद।** हनुमानगढ़ी तेतुलमारी निवासी 10 वीं की 17 वर्षीय छात्रा उषा कुमारी ने अपने घर में पंखे की कुंडी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के संबंध में बताया गया है सोमवार 10 जुलाई की सुबह बिंदी लगाकर स्कूल आने पर प्रार्थना के दौरान एक शिक्षिका ने छात्रा से कुछ पूछा. शिक्षिका के सवाल पर छात्रा ने उल्टा-सीधा जवाब दिया. इस पर शिक्षिका ने छात्रा को एक चाटा (थप्पड़) जड़ दिया. संभवतः शिक्षिका द्वारा चाटा मारे जाने से उसने आत्मग्लानिवश घर जाकर आत्महत्या कर ली. इसके पहले उसने तेतुलमारी पुलिस के नाम एक सुसाइड नोट भी लिख छोड़ा है. मृत छात्रा के परिजनों ने स्कूल की शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

### 9 साल से अधिक वर्षो तक जमे चिकित्सकों का होगा तबादला

**बोकारो।** बोकारो जिला में तीन से लेकर 9 वर्ष से अधिक समय तक पदस्थापित चिकित्सकों का तबादला होने जा रहा है. इसे लेकर राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने सिविल सर्जन को एक सूची भेजी है. स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव जयकिशोर प्रसाद ने यह भी कहा है कि यदि उक्त सूची में किसी का नाम छुट गया है, उसकी भी सूची पत्र में भेजी जाए. जिन चिकित्सकों का तबादले की सूची में नाम है, उनसे पांच इच्छित स्वास्थ्य केन्द्रों का नाम भी मांगा है, जहॉ वे जाना चाहते हैं. बोकारो जिला में 9 वर्ष से अधिक वर्षो तक पदस्थापित चिकित्सकों के नाम सामने आए हैं. बताया गया है कि डॉ.ज्योति लाल 9 साल 7 महीना, डॉ.शिवानी सिंह 9 साल 8 महीना, डॉ.रोजी शंकर 9 साल 6 माह, डॉ.मीनू कुमारी 9 साल 8 माह, डॉ.उतम कुमार 9 साल 9 माह, डॉ.श्रीनाथ 9 साल 8 माह, डॉ.संजय कुमार 9 साल 9 माह, डॉ.कमलेश महतो 9 साल 3 माह, डॉ.सरोज कुमारी 9 साल 8 माह, डॉ.जितेन्द्र कुमार सिंह 9 साल 8 महीने, डॉ.मो.नवाब 9 साल 8 माह, डॉ.फलोरेसिंया होरो 9 साल 7 माह, डॉ.अजय चौधरी 9 साल 6 माह और डॉ.नमिता सिन्हा 9 साल 8 महीने से जमें हैं.

## लेजर रन चैंपियनशिप में झारखंड की नीरा को स्वर्ण, मोनिका को रजत पदक



**धनबाद।** मॉडर्न पेंटाथलन फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित लेजर रन नेशनल चैंपियनशिप 2023 में झारखंड के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा. महाराष्ट्र के अहमदनगर में 8 व 9 जुलाई को खेली गई प्रतियोगिता में झारखंड की बेटी नीरा कुमारी (गर्ल्स अंडर 11) ने गोल्ड मेडल व मोनिका कुमारी (गर्ल्स अंडर 17) ने सिल्वर मेडल जीतकर झारखंड का परचम लहराया. वहीं, गर्ल्स अंडर 19 में पिंकी कुमारी को चौथा व ब्वायज में सोनू कुमार को छठा स्थान मिला. इसी प्रकार ब्वायज अंडर 17 में छोटू कुमार सातवें, अदीत गोस्वामी (अंडर 15) नौवें तथा विराट कुमार, रौशन कुमार यादव, अभिषेक कुमार, नंदलाल राय ने सीनियर ब्वायज में 8वां स्थान तक हासिल किया. राज्य टीम में प्रशिक्षक के रूप में शिव कुमार महतो ने योगदान दिया. सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक को मॉडर्न पेंटाथलन एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष एसके पांडे, महासचिव शैलेंद्र पाठक, धनबाद जिला मॉडर्न पेंटाथलन संघ के अध्यक्ष महावीर प्रसाद महतो, महासचिव साकेत मुखर्जी, अभिषेक पांड आदि ने बधाई दी है.

### डुमरिया : सांसद व विधायक ने किया भागाबांदी -ओडिशा बॉर्डर सड़क का शिलान्यास

**जमशेदपुर।** डुमरिया प्रखंड के भागाबांदी से ओड़िशा बोर्डर तक 9.63 किलोमीटर सड़क का निर्माण पथ निर्माण विभाग द्वारा 60 करोड़ की लागत से किया जायेगा. सोमवार को सांसद विद्युत वरण महतो और पोटका विधायक संजीव सरदार ने सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया. सड़क का निर्माण भागाबांदी, भीतरआमदा, फुलझरी होते हुए ओड़िशा सीमा तक चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्य किया जायेगा. सड़क के निर्माण होने से और ओड़िशा और झारखंड के बीच आवागमन में सुविधा होगी, वंही अंतर राज्यीय व्यवसाय को प्रोत्साहन मिलेगा. मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बेहुला नायक, सांसद प्रतिनिधि बसंत मदिना आदि उपस्थित थे.

### प्रबुद्ध वाजपेयी स्मृति सम्मान के लिए चयनित हुए पत्रकार नवल किशोर सिंह व प्रमोद सिंह





**जमशेदपुर।** राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार नवल किशोर सिंह और सरायकेला के पत्रकार प्रमोद सिंह को प्रबुद्ध बाजपेई स्मृति सम्मान के लिए चयनित किया गया है। इस संबंध में झारखंड जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक में निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र ज्योतिषी ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष पत्रकारों को दिये जाने वाले प्रबुद्ध वाजपेयी स्मृति सम्मान के लिये अब तक दो पत्रकार साथियों का चयन किया गया है। कुल पांच पत्रकारों का चयन राज्य भर से किया जाना है। इनमें से एक राजधानी रांची के वरिष्ठ पत्रकार नवल किशोर सिंह, जिन्होंने अपने जीवन का एक बड़ा काल खंड मुखर पत्रकारिता को दिया है। पत्रकारिता के माध्यम से आम जन मानस की आवाज को बुलन्दी देने में इनकी अहम भूमिका रही है। वे इस सम्मान के हकदार हैं। दूसरा नाम सरायकेला के जाने माने पत्रकार प्रमोद सिंह का है। इनकी मुखर पत्रकारिता इनकी अलग पहचान बनाती है। आगामी प्रेस दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले समारोह में पुरस्कार के हकदार पत्रकारों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम हेतु प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र ज्योतिषी और महासचिव सुनील पांडेय की सहमति प्राप्त हो गई है। कार्यक्रम की तैयारी एवं राज्य भर से तीन अन्य मुखर पत्रकारों के चयन हेतु दो सदस्यीय टीम का गठन भी किया गया है, जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष पुष्कर महतो और संस्थापक मधुरेश वाजपेयी सदस्य हैं।

### अधिकार रैली को ले भाकपा माले की बैठक



**गिरिडीह।** गावां प्रखंड स्थित जमडार पंचायत भवन में भाकपा माले की बैठक हुई. बैठक में मुख्यरूप से धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे. बैठक में 15 जुलाई को जमडार में सम्मान बचाओ-सविधान बचाओ अधिकार रैली आयोजित करने का निर्णय लिया गया. तय किया गया कि रैली को कार्यकर्ता डोर-टू-डोर जाकर ब्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे. मौके पर राजकुमार यादव ने कहा कि आज देश की जनता महंगाई व भ्रष्टाचार से जूझ रही है. भाजपा के शासन काल में पेट्रोल, डीजल व गैस के दामों में काफी बढ़ोतरी हुई है. वहीं भाजपा लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन कर लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है. भाजपा शासित मध्यप्रदेश में आदिवासी युवक पर पेशाब किया जाता है. लेकिन इस मुद्दे पर विधायक बाबूलाल मरांडी चुपी साधे हैं. क्षेत्र में जो भी रोजगार का साधन हैं उसे भी बन्द कर दिया गया है.

### धनबाद: पाले हुए खरगोश की बलि देने पर बच्चे ने घर छोड़ा, हुआ लापता

**धनबाद।** रेल नगरी गोमो की बगल के गांव दहियारी में रविवार 9 जुलाई को घर में पाले गए खरगोश की बलि दिये जाने से नाराज दस वर्षीय पवन कुमार यादव ने घर छोड दिया. वह लापता हो गया है. इधर परिजन सहित गांव वाले परेशान हैं. काफी खोजबीन के बाद भी पवन यादव नहीं मिला. वह गोमो डीवीएच स्कूल के पांचवें वर्ग का छात्र है. लापता बच्चे के पिता संतोष यादव व समाज सेवी मिंटू ठाकुर ने बताया कि वह खरगोश से काफी लगाव रखता था. स्कूल से लौटते ही वह खरगोश के साथ खेलने लगता. परंतु मंडप पूजा में घर वालों ने खरगोश की बलि दे दी. इस बात से वह काफी नाराज हुआ और रविवार को घर से निकल गया. शाम को भी जब नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता होने लगी. लोगो ने आस पास खोजा, मगर कुछ पता नहीं चला. पुत्र के लापता हो जाने पर परिजन गलती महसूस कर रहे हैं.

**बैठक**

### भवन में होगी 1000 दुकानें, योजना तैयार करने में जुटी बाजार समिति

# बेकार पड़े कृषि बाजार में बनेगा बहुमंजिला मार्केट

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद शहर के रणधीर वर्मा चौक के समीप बेकार पड़े कृषि मार्केट के दिन बहुरने वाले हैं. जिला बाजार समिति इस मार्केट कॉम्प्लेक्स का जीर्णोद्धार कर वहां बहुमंजिला भवन बनाएगी. इसको लेकर समिति वृहद योजना तैयार कर रही है. समिति के सदस्यों की मानें, तो यहां पहले से बनी दुकानों को तोड़कर बनने वाली मल्टी स्टोरीज बिल्डिंग में एक हजार दुकानें होंगी. वहां कोल्ड स्टोरेज की भी व्यवस्था रहेगी. सब्जी विक्रेताओं के लिए अलग से 40 दुकानें बनाई जाएंगी. झारखंड कृषि विपणन बोर्ड के निर्देश पर इसकी तैयारी चल रही है. बोर्ड को इस संबंध में 6 प्रपोजल भेजे गए हैं. बोर्ड की टीम जल्द ही धनबाद का दौरा करेगी. इसके बाद बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक में इस प्रस्ताव को लाया जाएगा. रणधीर वर्मा चौक के पास कृषि बाजार तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के कार्यकाल में बना था. 2006 में इसका विधिवत उद्घाटन हुआ, सब्जी विक्रेताओं को दुकानें भी आवंटित हुईं, लेकिन कुछ ही दिन बाद बाजार बंद हो गया. उसके बाद से इसे देखने वाला कोई नहीं है. कुछ साल तक इसमें लोगों ने मांस-मुर्गा की दुकानें खोल दी थी. अब यहां शराबियों को जमावड़ा होता है. वहीं कुछ स्थानीय दुकानदार बंद पड़ी दुकानों का इस्तेमाल गोदाम के रूप में भी कर रहे है.

#### फंड की व्यवस्था होते ही शुरू होगा निर्माण : सचिव

जिला बाजार समिति के सचिव राकेश कुमार सिंह ने बताया कि अभी समिति के पास फंड की कमी है. समिति के अध्यक्ष अनुमंडल पदाधिकारी होते है. उनके स्तर पर बरवअड्डा स्थित दुकानों का किराया बढ़ाया जाना है. इसके अलावा नाबार्ड से भी ऋण लेने की योजना है. समिति अपने स्तर पर फंड की व्यवस्था करने में जुटी है. बोर्ड की आगामी बैठक में इस पर चर्चा होगी. फंड की व्यवस्था होने के साथ निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. साथ ही बरवअड्डा स्थित बाजार समिति का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा. उन्होंने बताया कि कृषि बाजार का निर्माण 2006 में दिव्यांगों के लिए किया गया था. लेकिन बिचौलियों के हावी होने के कारण स्थिति बदल गई. बाद में लॉ एंड ऑडर को




देखते हुए बाजार को बंद करा दिया गया. लेकिन इस बार केंद्र सरकार की योजना के तहत इसका जीर्णोद्धार होना है. इसलिए सबकुछ नियम के तहत होगा.

# पूर्व विधायक ने पदयात्रा कर मंदिर में कामनालिंग पर किया जलाभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** सावन की पहली सोमवारी पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर में कामनालिंग का जलाभिषेक किया. अहले सुबह वह अपने समर्थकों संग जीटी रोड स्थित बराकर नदी से पवित्र गंगा जल लेकर पदयात्रा करते हुए मनोकामनेश्वर मंदिर पहुंचे. वहां पुरोहित छोटू पंडित ने मंत्रोच्चार के बीच पूर्व विधायक सहित सभी श्रद्धालुओं को जलाभिषेक करवाया. वहीं हर हर महादेव के नारों से शिवालय गूंज उठा. पूर्व विधायक ने कहा कि औघड़दानी शिव ही कल्याणकर्ता हैं. उनके शरण मात्र में आने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं. श्रावण मास की सोमवारी का तो महत्व ही कुछ और है. इस पावन बेला में जलाभिषेक करना ही आत्मचेतना को जगाना है. इससे शांति और सद्बुद्धि का प्रवाह होता है. उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ विधानसभा वासियों को तरक्की, सुरक्षित, यश प्रदान करें, यही उनकी कामना है. जलयात्रा में उनके साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, राजकुमार यादव, भूपेंद्र यादव, राजकुमार केसरी, अमित गौरव उर्फ पमपम, कृष्णा गुप्ता सहित कई श्रद्धालु शामिल हुए.

## स्टेडियम में खेलने को लेकर दो पक्षों के कोचों के बीच भिड़ंत

**हजारीबाग।** हजारीबाग स्टेडियम में सोमवार को दो कोचों के बीच भिड़ंत हो गई. इसमें एक पक्ष के कोच ने स्टेडियम में ताला लगा दिया, तो दूसरे पक्ष के कोच ने थाने को इसकी सूचना दी. दरअसल सोमवार को फुटबॉल मैच दोपहर 3:30 बजे से होना था. इसी बीच खेलो इंडिया के तहत तीरंदाजी टीम सलेक्शन प्रैक्टिस की तैयारी चल रही थी. वहीं जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तहत दोपहर 3:30 बजे बोंगा और आर्यन क्लब हेदलाग के बीच फुटबॉल मैच होना था. दोनों टीम के खिलाड़ी दोपहर 2:30 बजे ही स्टेडियम पहुंच गए. वहां गेट बंद था. वह 3:30 बजे का इंतजार कर रहे थे. लेकिन गेट नहीं खोला गया. इसी बीच फुटबॉल के कोच ने दूसरे पक्ष के कोच मनोज कुमार से गेट खोलने की बात कही.

# 50 फीसदी किसानों का नहीं हुआ है ई-केवाईसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** बरही प्रखंड में किसान सम्मान निधि योजना लक्ष्य से पीछे है. दरअसल 50 फीसदी किसानों का ई-केवाईसी ही नहीं हो पाया है. प्रखंड में पंजीकृत 10,500 किसानों में महज 5040 का ही ई-केवाईसी हो पाए हैं. अब भी 5460 किसानों का ई-केवाईसी होना बाकी है. बीटीएम राकेश कुमार ने बताया कि बगैर ई-केवाईसी के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पैसा नहीं मिल सकता है. उन्होंने बताया कि किसान अपने क्षेत्र के डिजिटल सेवा केंद्र (प्रज्ञा केंद्र) पर जाकर अपना ई-केवाईसी करवा लें. इसके लिए आधार कार्ड और जमीन का रसीद ले जाना अनिवार्य होगा. वहां प्रज्ञा केंद्र के संचालक ई-केवाईसी कर उसका स्टेटस निकालेंगे. उस स्टेटस को उनके कार्यालय में जमा करना होगा. इस प्रकार किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलेगा. बीटीएम ने प्रखंड के सभी किसानों की सूची जारी करते हुए प्रज्ञा केंद्र संचालकों को युद्ध स्तर पर तीन दिनों के अंदर ई- केवाईसी पूर्ण करने का निर्देश दिया है. साथ ही किसानों से भी प्रज्ञा केंद्र जाकर ई-केवाईसी करवाने की बात कही है. अगले पांच दिनों में अगली किस्त की राशि आने वाली है. ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले किसान इस राशि से वंचित रह जाएंगे.

## रामगढ़ : 10 दिवसीय मोतियाबिंद ऑपरेशन को लेकर शिविर का आयोजन




रामगढ़ । टेकलाल महतो उच्च विद्यालय सुगिया में टाटा स्टील फाउंडेशन वेस्ट बोकारो एवं शंकर नेत्रालय चेन्नई के संयुक्त नेतृत्व में सोमवार को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मरीज के रजिस्ट्रेशन और जांच के साथ किया गया। चिकित्सकीय टीम में शंकर नेत्रालय के डॉ सुजय कुमार, वृष्टि मजूमदार, अंकिता सिंह और कंपनी के डॉ कामता ने 109 लोगों की जांच की। जिनमें 19 लोगों को मोतियाबिंद का मरीज पाया गया। 10 दिवसीय शिविर 18 जुलाई तक चलेगा। जिसमें लगातार चार दिनों तक क्षेत्र से आए लोगों की पहले जाँच की जाएगी। इसके उपरांत शिविर स्थल में ही आधुनिक मशीनों से लैस मोबाइल वैन में मरीजों का मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया जाएगा। साथ मुफ्त में दवा के साथ उन्हें लेंस भी उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर शंकर नेत्रालय के मनीष सिंह, 17 चिकित्सकीय टीम के साथ सहिया दीदी अजीमुन निशा, फुलेश्वरी देवी उपस्थित थे ।

## श्रावाण मास की पहली सोमवारी पर जिलाभर के शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रामगढ़।** पवित्र श्रावण मास की प्रथम सोमवारी पर 10 जुलाई को जिलाभर के शिवालयों में उत्साह के साथ श्रद्धालु पहुंचे और भगवान शंकर का जलाभिषेक कर खुशहाली और समृद्धि की कामना की। पूजा अर्चना के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखकर मंदिर प्रबंधन समितियों की ओर से श्रद्धालुओं को कतारबद्ध रूप से पूजा अर्चना करवायी गई। इधर, श्रावण मास की प्रथम सोमवारी पर कई लोगों द्वारा विधि पूर्वक भगवान शंकर का रूद्राभिषेक किया गया। ऐसा माना जाता है की पवित्र श्रावण मास में भगवान शंकर का रूद्राभिषेक करने से वे सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसलिए श्रावण मास की प्रथम सोमवारी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शंकर का रूद्राभिषेक किया गया।

## उपायुक्त ने सुनीं जनता की समस्याएं

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, मतदान पत्र, विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## मारपीट में एक घायल जान मारने का आरोप

**बरही ।** धोखे से घर पर बुलाकर मारपीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है. घटना के संबंध में पीड़ित मलकोको निवासी मो मुस्तकीम पिता स्व दिलावर मियां ने अपने ही गोतिया के खिलाफ थाना में आवेदन दिया है. भुक्तभोगी ने आरोप लगाया कि बीते शनिवार को उनके गोतिया लोगो ने जमीन विवाद निपटाने को लेकर अपने घर पर बुलाया. उनके नियत को वह भांप नही सका और धोखे में उनलोगो के घर चले गए. जहां पहले से घात लगाकर बैठे उनलोगो ने उनकी जमकर पिटाई किया जिससे वह घायल हो गए. साथ ही उनके गले से पचास हजार रुपए मूल्य का सोने का चेक, गाड़ी की किश्ती के लिए पॉकेट में रखा हुआ नकद पांच हजार रुपए भी छीन लिए. उन्होंने उक्त लोगो पर अपनी पत्नी बेबी खातून पर छेद छाड़ और भतीजा मो सेराज के साथ मारपीट का भी आरोप लगाया है. घायलावस्था में उनका भतीजा और पत्नी किसी प्रकार अनुमंडलीय अस्पताल लाई.

# विधायक ने किया बुढ़वा महादेव वृद्धा और अनाथाश्रम का शिलान्यास

### अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता और सदस्य रामचंद्र महतो ने की है भूमि दान देने की घोषणा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद ने सोमवार को बुढ़वा महादेव वृद्धा और अनाथाश्रम का शिलान्यास किया. उन्होंने महुदी पहाड़ बुढ़वा महादेव मेला प्रांगण में नारियल फोड़ व भूमि पूजन कर आश्रम की नींव रखी. इस वृद्धा और अनाथाश्रम के लिए विधायक ने पांच लाख की राशि देने की घोषणा की. साथ ही दो लाख राशि की अनुशंसा पत्र बुढ़वा महादेव शांति सह विकास समिति को सौंपा. इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भगवान न करे कि किसी को इस क्षेत्र में अपने घर परिवार एवं बेटे-बहू को छोड़कर वृद्धा आश्रम या अनाथ आश्रम जाना पड़े. बावजूद वर्तमान परिस्थिति में बढ़ते पारिवारिक कलह के कारण भविष्य किसी ने नहीं देखा है. उन्होंने कहा कि यह नेक काम जिसने भी सोचा है, यह बहुत ही सराहनीय कदम है. आश्रम निर्माण के लिए बुढ़वा महादेव शांति समिति सह विकास समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता और सदस्य गुरुचट्टी निवासी रामचंद्र महतो ने भूमि दान देने की घोषणा की है. अध्यक्ष ने कहा कि वृद्धा सह अनाथ आश्रम का दो मंजिला इमारत बहुत जल्द ही तैयार हो जाएगा. उन्होंने क्षेत्र के लोगों से चंदा देकर सहयोग करने की अपील की. इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, प्रशासनिक प्रतिनिधि सुरेश महतो, केरेडारी विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, पंचायत समिति सदस्य रीतेश ठाकुर, दामोदर प्रसाद मेहता, सुभाष सिंह, सुबोध जायसवाल, रामचंद्र महतो, अनिल प्रसाद दांगी, सुरेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, विगल किशोर महतो, सच्चिदानंद पांडे, सत्यजीत, सुनील कुमार, प्रेमचंद कुमार, देवेंद्र जायसवाल, संजय कुमार, केदार महतो, प्रेमनाथ कुमार, प्रदीप महतो, जय शंकर मेहता, मिथिलेश कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल थे.



## बरकट्ठा : सीएचसी में परिवार नियोजन पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन आज

**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में विश्वजनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार नियोजन पखवाड़ा का आयोजन सुबह 11:00 बजे प्रमुख रेनू देवी के उपस्थिति में किया जाएगा। परिवार नियोजन पखवाड़ा को लेकर चिकित्सा प्रभारी ने पत्र जारी किया है। इसकी जानकारी बीपीएम रंजीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया की मंगलवार को कार्यक्रम की जाएगी। परिवार नियोजन पखवाड़ा कार्यक्रम उद्घाटन समारोह में सभी जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी गण को आमंत्रित किया गया है।

## फेयर प्राइस डीलस एसोसिएशन की बैठक में विधायक को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित बरकट्ठा उतरी पंचायत भवन में डीलर्स एसोसिएशन का बैठक आयोजित की गई। बैठक में बरकट्ठा और चलकुशा प्रखंड के डीलरों ने भाग लिया। साथ ही अपनी अपनी बातों को रखा। राज्य सरकार और केंद सरकार के रवैए से नाराज डीलरों ने 13 महीने से पीएमजीकेएवाई एवं खाद्य सुरक्षा का कमीशन का भुगतान नहीं मिलने तथा अन्य मांगों को लेकर डीलरों ने बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव को मानसून सत्र में विधानसभा में आवाज उठाने को लेकर मांग पत्र सौंपा । साथ ही डीलरों ने कहा कि अगर हमारी मांगों को सरकार नहीं सुनती है तो एक अगस्त से सभी डीलर हड़ताल में चले जायेंगे। बैठक कि अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष डोमन पाण्डेय और संचालन बालेश्वर ठाकुर ने किया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष जागेश्वर यादव, राजेन्द यादव, केदार यादव, प्रखण्ड सचिव नंदलाल तिवारी, लालधरी प्रसाद, सहदेव यादव, राहुल कुमार गुप्ता, अनूप कुमार,रामेश्वर महतो, रोजन अली, मुमताज अंसारी, छोटेलाल पासवान, मिथलेश रविदास, राजू यादव, लालमोहन प्रसाद, कृष्णदेव प्रसाद, असगर अली, आदर्श महिला मंडल, मुना महिला मंडल, जीवन ज्योति महिला मंडल , रजा महिला मंडल समेत अन्य डीलर उपस्थित थे।

# पेंशनर समाज के वार्षिक सम्मेलन में नए सदस्य का स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा बरही की बैठक संपन्न हुई. जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद रुखरियार एवं संचालन तोखन प्रजापति ने किया. बैठक में मुख्य रूप से संगठन की मजबूती एवं विस्तार सहित पेंशनर समाज के वार्षिक सम्मेलन के आयोजन पर चर्चा हुई. सर्वसम्मति से देवधारी प्रजापति को संगठन का कार्यालय सचिव मनोनीत किया गया. बैठक में उपस्थित पेशनधारियो ने संगठन के अधिकारियों से पेंशनरों के काम को ससमय निष्पादित करने का आग्रह किया. इसके साथ ही सेवानिवृत पेंशनर रामनंदन प्रसाद को नए सदस्य के रूप में संगठन में शामिल करते हुए स्वागत भी किया गया. सोमवार को संपन्न हुए बैठक में रत्नेश्वर प्रसाद केसरी, सत्तार अंसारी, बजरंग शर्मा, सुशील कुमार गुप्ता, सुधीर कुमार चौधरी, अखिलेश्वर सिंह, राधानाथ भगत, सहदेव सिंह त्रिपुरारी पांडे, मुरली मनोहर प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, ईश्वर रविदास, विनय कुमार सिन्हा और सिद्धया प्रसाद सिंह मौजूद थे.



## संजय मेहता ने नितिन गड़करी को लिखा पत्र



**बरही ।** बीते मंगलवार को पदमा प्रखंड के रोमी गांव के पास एनएच33 पर सड़क किनारे खुले कुएं में सूमो विक्टा गिरने से छह लोगो की मौत हो गई थी. इस हादसे के लिए आप पार्टी के बरही विधानसभा प्रभारी संजय मेहता ने एनएचएआई और सड़क निर्माता श्री रामकी कंपनी को सीधे तौर पर जिम्मेवार बताया है. मामले को लेकर उन्होंने नितिन गडकरी, मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय दिल्ली को पत्र लिखा है. जिसमे मृतकों के आश्रितों को 50- 50 लाख रुपए मुआवजा और आश्रितों को नौकरी देने की मांग की है. पत्र में उन्होंने लिखा है कि कुआँ को खुला छोड़ देना सड़क निमार्ता कंपनी रामकी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की लापरवाही को दर्शाता है. साथ ही एनएचएआई के लापरवाही के प्रति निराशा व्यक्त की है.

# जूनियर वूशु चैंपियनशिप में जिले को मिला दो पदक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** धनबाद के दिगवाडीह स्थित टाटा कम्युनिटी सेंटर में आयोजित 19वीं राज्यस्तरीय जूनियर वूशु चैंपियनशिप में 9 जुलाई को हजारीबाग के वूशु खिलाड़ियों ने एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रौशन किया है. हजारीबाग से 20 वूशु खिलाड़ियों का एक दल कोच सरोज कुमार मालाकार और अंकिता कुजूर के नेतृत्व में चैंपियनशिप में भाग लिया था. इस चैंपियनशिप में राज्य के सभी जिलों से अंडर-17 आयु वर्ग के 300 से भी अधिक वूशु खिलाड़ियों ने भाग लिया. सभी जिलों से आए खिलाड़ियों के बीच दिनभर चले कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच राखी कुमारी ने अंडर 56 केजी भारवर्ग में रजक पदक और रोशनी कुमारी ने अंडर 40 केजी भारवर्ग में कांस्य पदक पर कब्जा किया. खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों पर जीत की बधाई देते हुए हजारीबाग वूशु एसोसिएशन की अध्यक्ष पुष्पा शास्त्री, सरोज मालाकार, संरक्षक आचार्य कौटिल्य, भैया मुरारी सिन्हा, प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी की प्रधानाध्यापिका डॉ शिखा खाखा आदि मौजूद थे।




## धनवार में शिविर लगाकर जॉब कार्डधारियों का ऑन द स्पॉट खोला गया खाता




**बरही ।** प्रखंड के धनवार पंचायत के पैक्स कार्यालय में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने शिविर लगाकर जॉब कार्ड धारियों का ऑन द स्पॉट खाता खोलने का काम किया. जानकारी देते हुए स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि शिविर में कुल 45 जॉब कार्ड धारियों का खाता खोला गया है. उन्होंने बताया वर्तमान समय में मनरेगा या अन्य किसी कार्य में मजदूरी भुगतान के लिए डीबीटी का उपयोग होता है. ऐसे में बिना खाता का भुगतान संभव नही है. इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक कैंप मोड में खाता खोलने का कार्य कर रही है. उन्होंने प्रत्येक लाभुक से अतिशीघ्र खाता खुलवाने की अपील किया.

**समारोह** | विधायक ने मांझी हाउस और सरना स्थल घेराबंदी का रखी आधारशिला

# 'अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे'

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत अंतर्गत डुमरडीहा और धोवारी में सोमवार को कल्याण विभाग से बनने वाले मांझी हाउस और सरना स्थल घेराबंदी हेतु चहारदीवारी निर्माण कार्य का विधायक अमित कुमार यादव ने शिलान्यास किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आदिवासी समुदाय के लोगों ने विधायक का स्वागत मांदर की थाप पर नृत्य कर व फूल-माला पहनाकर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए मैं सदैव तत्पर हूं। इस दिशा में लगातार कार्य कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र में चार मांझी हाउस और चार सरना स्थल घेराबंदी का योजना मेरे प्रयास से धरातल पर उतरा गया है। हमारा प्रयास है की हमारे क्षेत्र के गांवों में अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे और सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। साथ ही विकास से कोई भी व्यक्ति वंचित नहीं रहे। शिलान्यास समारोह में प्रमुख रेणु देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, भोला प्रसाद,भारत जकात मांझी परगना महल के प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा,सचिव मनोज मुर्मू, रीतलाल प्रसाद,शंकर ठाकुर, जागेश्वर प्रसाद, त्रिवेणी यादव,बिरु मेहता, राजकुमार यादव, बिनोद मुर्मू सीताराम मुर्मू, सुखदेव बास्के, दिनेश बास्के , रामलाल माझी ,रमेश हेमब्रम, फुल मुनि,लिलमुनी मुर्मू ,आरती मुर्मू, बलदेव मुर्मू समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।



## कायस्थ महासभा महिला उपसमिति का गठन प्रीति बाला अध्यक्ष और मनीषा बनीं महामंत्री



**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला महिला प्रकोष्ठ की ओर से सोमवार को शिवदयाल नगर में मिलन समारोह का आयोजन किया गया. यह आयोजन मोहिता सिन्हा और आशीष सिन्हा के आवास पर किया गया. वहां महिला उपसमिति का गठन किया गया. इसमें प्रीति बाला सिन्हा को अध्यक्ष, मनीषा सिन्हा को महामंत्री और मोहिता सिन्हा को कोषाध्यक्ष बनाया गया. चयनित टीम के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष अर्चना सिन्हा ने पूरी जिला कमेटी की ओर से सभी का स्वागत किया. वहीं महासभा को मजबूत करने की अपील की. समारोह में प्रतिभा सिन्हा, अलका सिन्हा, प्रियदर्शनी वर्मा, रीता सिन्हा, श्रुति सिन्हा, नेहा सिन्हा, साक्षी सिन्हा समेत कई महिलाएं उपस्थित थीं.

# सेविका-सहायिकाओं ने मनाया काला दिवस

## समाहरणालय पर आंगनबाड़ी यूनियन (सीटू) ने किया विशाल प्रदर्शन




नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर (आइफा) के आह्वान पर 45वें और 46वें भारतीय श्रम सम्मेलनों की सिफारिशों को लागू कर सेविका सहायिका को 26 हजार वेतन, ग्रेच्युटी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करने , न्यूनतम मजदूरी का भुगतान व उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से जोड़ने, ईएसआई पीएफ और ग्रेच्युटी सहित पेंशन और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने व आईसीडीएस का निजीकरण के खिलाफ मांग दिवस पर 745 आंगनबाड़ी केन्द्रों में तालाबंदी कर एकदिवसीय हड़ताल के माध्यम से जिले की सैकड़ों आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने काली पोषाक पहन जुलूस निकालकर जिला समाहरणालय पर विशाल प्रदर्शन कर सोमवार को देशव्यापी काला दिवस मनाया। इससे पूर्व झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) के बैनर तले जिले भर की सैकड़ों सेविका सहायिकाओं ने सब्जी मंडी कोडरमा बाजार से विशाल जुलूस निकाला जो रांची पटना रोड हुए समाहरणालय पहुंचकर विशाल प्रदर्शन व सभा में तब्दील हो गया। जुलूस में आईसीडीएस का निजीकरण पर रोक लगाओ, 9 हजार में दम नहीं 26 हजार से कम नहीं, बकाया पोषाहार मानदेय का भुगतान करो आदि जोरदार नारे लगाए जा रहे थे। समाहरणालय स्थल पर हुई विशाल सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद और संचालन जिला सचिव वर्षा रानी ने किया. जिसे सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, जिला संयोजक रमेश प्रजापति, आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी व सुरेंद्र पाण्डेय ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया. मुख्य वक्ता और सीटू नेता संजय पासवान ने कहा कि 27 लाख से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं, जो छह वर्ष से कम आयु के लगभग 8 करोड़ बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य और ईसीसीई की बुनियादी सेवाएं प्रदान करती हैं। लेकिन न्यूनतम मजदूरी, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा जैसे लाभ यहां तक कि श्रमिक का दर्जा तक नहीं दिया जा रहा है। जहां देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ को ₹अमृत महोत्सव₹ के रूप में मना रहा है, वहीं हजारों आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपनी न्यायोचित और जायज मांगों को उठाने के लिए सड़कों पर हैं। आंगनबाड़ी नेत्री मीरा देवी ने कहा कि छह महीने से पोषाहार राशि नहीं मिलने के कारण आंगनबाड़ी केंद्र चलाने में समस्या आ रही है. अगर पन्द्रह दिनों के अन्दर बकाया पोषाहार राशि और मानदेय का भुगतान नहीं किया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए बाध्य होगें। प्रदर्शन के बाद केन्द्रीय मांगों से सम्बन्धित मांग पत्र प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा गया. साथ ही नवम्बर 2022 से बकाया मानदेय, एसीएसटी केंद्र में जनवरी व अन्य केन्द्रों में मार्च महीने से बकाया पोषाहार राशि का भुगतान करने, बिना मोबाइल और डेटा रिचार्ज के पोषण ट्रैकर ऐप पर काम के लिए मजबूर न करने, आंगनबाड़ी केंद्र में प्रति माह गैस सिलेंडर रिफिलिंग करने, प्रथम तिमाही का चावल देनें, लाभुकों का आधार सिडिंग न होने पर पोषाहार व मानदेय की कटौती पर रोक लगाने आदि माँगों को लेकर उपायुक्त से पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मिलकर वार्ता किया। प्रदर्शन में चिन्तामणी, उर्मिला देवी, बेबी देवी, सरस्वती देवी, निलम यादव, अर्चना देवी, विमला देवी, कुमारी सरिता, मंजू मेहता, अनामिका, दीपा, हिना प्रवीण, पुष्पा रानी, लीला कुमारी, सोनी देवी, ललिता, संध्या वर्णवाल, कविता यादव, उमा मोदी आदि शामिल थी।

## कोडरमा : दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में पड़ी मिली कार, कार सवार 2 की मौत, 4 घायल

**कोडरमा।** केटीपीएस पावर प्लांट के पास फोर लाइन सड़क से दूर खेत में एक इनोवा कार (ल्फ26इद 6519) दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में पड़ी मिली है. वहीं इसमें सवार दो लोगों की मौत हो गयी है. जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं. स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया. जहां उनका इलाज चल रहा है. मृतकों की पहचान तनवीर ( 26) और जमशेद ( 31) के रूप में हुई है. वहीं घायलों में संजय कुमार, सुंदर यादव, मदन यादव (तीनों खेड़ाबार, जयनगर) और जसप्रीत सिंह (पंजाब) के हैं. स्थानीय लोगों के अनुसार, फोर लाइन सड़क से दूर खेत में इनोवा कार (ल्फ26इद 6519) दुर्घटनाग्रस्त होकर पड़ी हुई थी. घटना कब और कैसे हुई है. इसका पता किसी को नहीं है. क्योंकि जिस जगह दुर्घटनाग्रस्त कार मिली है, वह जगह फोर लाइन सड़क से काफी दूर है और काफी घनी झाड़ियों से घिरा हुआ है. जब स्थानीय लोगों ने दुर्घटनाग्रस्त कार को देखा तो कार में सवार छह लोगों को बाहर निकाला. लेकिन तब तक 2 लोगों की मौत हो चुकी थी. वहीं 4 लोग गंभीर रूप से जख्मी थे.

## 15 वां अरदास कीर्तन आज

**झुमरी तिलैया।** श्याम शरण में आ जा रे .का 15वां अरदास कीर्तन सावन माह के अंतर्गत मंगलवर को झुमरी तिलैया के श्याम बाबा पथ स्थित प्रदीप कंदाई के निवास स्थल पर आयोजित होगा। यह जानकारी रवि दाहिमा और पप्पू सिंह ने दी। उन्होने बताया कि इस अवसर बाबा श्याम का श्रृंगार के साथ-साथ अंखड ज्योत संगीतमय भजनों का आयोजन किया जायेगाा। उन्होनें कार्यक्रम में सेवा दार श्रद्धालु भक्तों को शाामिल होने की अपील की है।

## एचडीएफसी-गायत्री परिवार 12 को करेगा पौधरोपण

**झुमरी तिलैया।** झुमरी तिलैया के गांधी हाई स्कूल और कौण्डनियां पब्लिक स्कूल में 12 जुलाई को पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों और शिक्षकों को इसे सिंचने और पर्यावरण संतुलन के बारे में बताया जाएगा । बताते चले की एचडीएफसी और गायत्री परिवार प्रत्येक वर्ष सामाजिक दायित्व के तहत इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करती है। दोनों विद्यालय परिसर में आम, जामुन, आंवला, शीशम सहित कई पौधे लगाए जायेंगे ।

## गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजन आज

**झुमरी तिलैया।** भारत विकास परिषद के तत्वधान में 11 जुलाई को गांधी हाई स्कूल सभागार में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी परिषद के सचिव प्रो कैलाश राणा, सेवा प्रकल्प के संयोजक धर्मेंद्र सिंह एवं कार्यक्रम के परियोजना निदेशक नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि चयनित छात्रों और शिक्षकों का कार्यक्रम में अभिनंदन किया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षकों को अंग वस्त्र और श्रीफल वहीं छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरा यादव एवं परिषद के प्रांतीय महासचिव रामप्रवेश पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## प्रकाश उत्सव को लेकर शबद कीर्तन आज

**झुमरी तिलैया।** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा रोड में मंगलवार को गुरुकिशन देव जी का प्रकाश उत्सव का आयोजन की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। गुरुद्वारा गुरू सिंह सभा के सचिव यशपाल सिंह गोल्डन ने बताया की इस अवसर पर स्थानीय रागी जत्था एवं ग्रंथि ज्ञानी राजा सिंह , ज्ञानी निरंजन सिंह, ज्ञानी कुलदीप सिंह व गुरुभेज सिंह के द्वारा शबद कीर्तन , नाम सिमरन व विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## पहली सोमवारी में शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**कोडरमा।** सावन की पहली सोमवारी में कोडरमा के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है. शिव भक्तों ने भोले बाबा में जलाभिषेक किया और सुख समृद्धि की कामना की. देवी मंडप के पुजारी कृष्ण मुरारी पांडेयय ने बताया कि 19 साल बाद सावन 59 दिनों का होगा. इसलिए भक्त पूजा कर भगवान शिव को खुश करें. ताकि वह आपकी सभी की मनोकामनाओं को पूर्ण करे. मंदिर में आये भोले नाथ के भक्तों ने कहा आज सावन की पहला सोमवारी है. हमें बहुत खुशी है कि इस वर्ष 59 दिनों का सावन है. सावन भक्तों के लिये बहुत ही शुभ महीना माना जाता है. क्योंकि भगवान शिव सावन माह में पृथ्वी पर आते हैं. कहा कि हमने भगवान शिव में जलाभिषेक कर सुख-शांति की कामना की है.

## ट्रेड लाइसेंस को लेकर नगर परिषद की टीम ने की कई दुकानों पर कार्रवाई





नवीन मेल संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नगर परिषद के द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में ट्रेड लाइसेंस का औचक निरीक्षण सोमवार की शाम किया गया। इस दौरान नगर परिषद की टीम ने स्टेशन रोड में स्थित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के ट्रेड लाइसेंस की जांच की। इस दौरान जिन व्यवसायिक दुकानों में ट्रेड लाइसेंस नहीं पाया गया। जांच के दरमियान शर्मा बुक सेंटर स्टेशन रोड, निखार गारमेंट्स, शिवम स्टील,सागर कलेक्शन ,आयत स्टील, आजाद शु हाउस एवं सन्नी जिम पर जुमार्ना लगाया गया । 16 लोगों से कुल 21300 जुमार्ना की राशि वसूल की गई साथ-साथ जल्दी लाइसेंस बनवाने को कहा गया अन्यथा नगरपालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की बात कही गई है। इन प्रतिष्ठानों को लगाया गया जुमार्ना पर ट्रेड लाइसेंस को लेकर ।मौके पर सिटी मिशन मैनेजर नीलम कुमारी, सफाई इंचार्ज राजूराम, बलराम कुशवाहा,मुकेश राणा,लखन सिंह,राजेश कुमार ,भोला कुमार दास एवं नगर परिषद के अन्य कई कर्मी मौजूद थे।

## सच्ची सेवा ही मयूम का उद्देश्य : राज पच्चीसिया



नवीन मेल संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया शाखा की एक बैठक शिव वाटिका में आयोजित की गई इस अवसर पर आगामी 15 जुलाई से 22 जुलाई तक झारखंड प्रांत मारवाड़ी युवा मंच के तत्वाधान में संस्थापक अध्यक्ष गोविंद मेवाड़ सहित 7 नव वर्तमान प्रदेश अध्यक्षों का सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. जिसमें झुमरी तिलैया मारवाड़ी युवा मंच भी जन सेवा के कई कार्यक्रम 8 दिन के कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई, और इसके लिए प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए परियोजना निर्देशक भी नियुक्त किए गए. बैठक को संबोधित करते हुए मारवाड़ी युवा मंच के झुमरी अध्यक्ष राज पच्चीसिया ने कहा कि जरूरतमंद की सच्ची सेवा ही मारवाड़ी युवा मंच का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच पूरे प्रदेश में 76 शाखा के माध्यम से 4000 से अधिक सदस्य सेवा भावना से जुड़े हैं. सेवा के माध्यम से ही संगठन वटवृक्ष की तरह खड़ा है. वही सचिव आशीष जोशी ने कहा कि 15 जुलाई को रामगढ़ में मंडल क अंतर्गत कोडरमा रामगढ़ रांची आदि जिले सदस्यों की भी बैठक होगी.

## खांजालोया में कलश यात्रा का आयोजन



**सिमडेगा।** पाकरटांड प्रखंड के टकबा खांजालोया गांव में सावन की पहली सोमवारी के मौके पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन करते हुए शिवालय में जलाभिषेक किया गया ।सोमवार की शुभ बेला में टकबा मन्दिर टोली, आसन बेड़ा, सारूबेडा , बिझिंया बाड़ी, करम भाड़ी, कुड़पानी इत्यादि गांव के सैकड़ों, महिलाएं, पुरुष बच्चे बच्चियां, कांसजोर नदी से विधि विधान पूर्वक जल का उठाव कर लगभग 5 किलोमीटर यात्रा करने के बाद टकबा में भगवान महादेव में जलाभिषेक किया गया ।इस मौके पर भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा उनके साथ साथ चलते हुए महादेव के दर्शन कर, धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं के लिए मंगल कामना किए। मौके पर पाकरटांड सांसद प्रतिनिधि दीप सह रामरेखा विकास समिति सदस्य दीप नारायण दास ने लोगों को आवाह्न किया कि 12 जुलाई को रामरेखा बाबा की पुन्य तिथि है, पुन्य तिथि पर आप सभी श्रद्धालु दर्शन कर एवं भण्डार में शाामिल होकर पुन्य के भागी बने ।कार्यक्रम के उपरांत गुरूदक्षिना का कार्यक्रम भी किया गया। राजु जी सुखदेव जी, सतनारायण जी बौधिक विचार से देश भक्ति एवं सबको सम्मानता का भाव का संदेश लोगों को आवाह्न किए ।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विजय पाड़ीह ,परशुराम सिंह हेम नारायण सिंह ,रामकुमार सिंह, ललन सिंह, परशुराम सिंह जगतपाल सिंह, रेव प्रसाद सिंह, खिरोधर सिंह ,मथुरा सिंह, ललिता देवी, रुकमणी देवी, कलावती कुमारी आदि गांव के सैकड़ों महिलाएं पुरुष बच्चे का योगदान रहा।

## ठेठईटांगर में 200 केवी का लगा ट्रांसफार्मर

**ठेठईटांगर।** मुख्यालय में सोमवार को 200 केवी का ट्रांसफार्मर कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोगाड़ी के अथक प्रयास से लगाया गया जिससे ग्रामीणों में काफी खुशी का माहौल है ।जिसका उद्घाटन विधायक नमन बिक्सल कौनगाड़ी की अगुवाई में ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मींज मुखिया संगीता मिंज कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम सम्मिलित रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस क्रम में विधायक ने ग्राम वासियों की समस्या सुनी। मौके पर प्रिंस कुमार साजिद आलम सोनू बड़ाईक पप्पू साह मोहम्मद अलाउद्दीन मोहम्मद वाहिद कुंदन कुमार एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## पहली सोमवारी पर शिवालयों में भक्तों ने की पूजा-अर्चना



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पावन मास सावन की पहले सोमवारी को मौके पर सिमडेगा जिले में दिनभर भक्ति भरा माहौल देखने को मिला ।शिवालयों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की सावन का पहला सोमवार को की। सुबह से ही भक्तों ने फूल बेलपत्र नारियल अगरबत्ती लेकर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करते हुए सुख समृद्धि की कामना की इधर विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ भाड़ देखी गई जहां पर सभी लोग ने अपनी श्रद्धा अनुसार पूजन किया। इसके पहले आचार्य के द्वारा विधि-पूर्वक पूजा अर्चना की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने शिवजी को जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया। इधर सिमडगा संकट मोचन शिव मंदिर कुंजन नगर द्वारा आयोजित भव्य कावड़ यात्रा गरजा स्थित शंख नदी से शुरू हुई जो कि हर हर महादेव के जयघोष के साथ पैदल कांवर यात्रा नाचते थे रखते गाते हुए कुंज नगर पहुंची जहां पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया। जिला मुख्यालय में सरना मंदिर, केलाघाघ, लघु सिचाई प्रमंडल के कार्यालय परिसर में स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। बूढ़ा महादेव धाम में श्रद्धालुओं ने टेका मत्था इसके अलावा तामड़ा में नवनिर्मित शिव मंदिर प्रांगण में ही सुबह से ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ भाड़ देखी गई जहां पर सभी लोगों ने श्रद्धा भक्ति भाव के साथ भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करते हुए अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना किया इसके अलावा तांमडा सरना मन्दिर, भेलवाडीह घाघरा स्थित जलेश्वरी नाथ एवं जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र स्थित विभिन्न शिवालयों में भी भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया ।कोलेबिरा में श्रावण मास का पहले सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थिति बूढ़ा महादेव में शिव भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए मंदिर की ओर श्रद्धालुओं को बारी-बारी से पूजा कराया गया।

## डॉ एपीजे अब्दुल कलाम अंतर राज्यीय नॉक आउट फुटबॉल प्रतियोगिता 18 अगस्त से

**ठेठईटांगर।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम अंतरराज्जीय नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता सीजन 2 सफल आयोजन को लेकर अरुण कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक विधायक कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी एवं सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा को बनाया गया है। संरक्षक प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार अंचलाधिकारी समीर कच्छप थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश को बनाया गया है। मोहम्मद कयूम आलम को अध्यक्ष बनाया गया है। सचिव अरशद अफरीदी कोषाध्यक्ष मोहम्मद साजिद आलम को बनाया गया है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम अंतर राज्जीय नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 18 अगस्त 2023 से थाना मुख्यालय के प्रखंड मैदान ठेठईटांगर में खेला जाएगा। नामांकन फीस 3100 रखा गया है ।विजेता टीम को 101000 एवं उपविजेता टीम को 51 हजार नगद राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। टूनार्मेंट में नामांकन के लिए लाइफलाइन मेडिकल ठेठईटांगर मोबाइल 8825174942 झारखंड मेडिकल हॉल ठेठईटांगर मोबाइल 79799 09214,भारत फैशन ठेठईटांगर मोबाइल 9905095102 आलम हार्डवेयर ठेठईटांगर मोबाइल 7979977382 मैं संपर्क कर फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए नामांकन करा सकते हैं।

## विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर का किया निरीक्षण

**ठेठईटांगर।** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने सोमवार को रेफर अस्पताल ठेठईटांगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विधायक ने मरीज ओपीडी का निरीक्षण किया एवं उपस्थित डॉक्टर से एंटी रेबीज इंजेक्शन एंटी वेनम इंजेक्शन दवा भंडारण की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में विधायक ने रेफरल अस्पताल में मिलने वाली स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर ही विधायक ने सिविल सर्जन नवल किशोर सिमडेगा को फोन लगाकर रेफरल अस्पताल से ठेठईटांगर में खामियां दूर करने का निर्देश दिया एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधा हेतु जो सुविधाएं हैं आम मरीजों को देने का निर्देश दिया। मौके पर शमी आलम अशफाक आलम मोहम्मद राजा सोनू बड़ाईक पप्पू साह मोहम्मद वाहिद एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**सम्मानित** — जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में मॉडर्न पब्लिक स्कूल व मेरिडियन का दबदबा

# लड़कियों की आत्म सुरक्षा के लिए जूडो जरूरी : शालिनी






नवीन मेल संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** कोडरमा जिला जूडो संघ के तत्वधान में दो दिवसीय जूडो प्रतियोगिता मेरिडियन एकेडमी गुमो में आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में जिला के 12 विद्यालय के 200 बालक एवं बालिका भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन कोडरमा जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शहलिनी गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। शालिनी गुप्ता ने बताया कि जूडो खासकर बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के लिए जरूर सीखना चाहिए। यह युद्ध कला बालिकाओं के आत्म सुरक्षा का कारगर हथियार साबित होगा। उन्होंने छात्रों को बताया कि जुडो में भारत का अच्छा रिकॉर्ड रहा है। इस खेल में खिलाड़ियों का काफी भविष्य है। क्योंकि यह गेम ओलंपिक कॉमनवेल्थ गेम एशियन गेम खेलो इंडिया यूथ गेम स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया में शामिल खेल है। इसलिए छात्र-छात्राएं इस खेल में भी अपना कैरियर बना सकते हैं। विद्यालय के निर्देशक डॉक्टर श्रीनिवास कुमार ने विशिष्ट अतिथि शालिनी गुप्ता को शॉल ओढ़ाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का संचालन कोडरमा जिला जूडो संघ के सचिव प्रिंस मिश्रा एवं विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक कुमार पांडेय ने किया। मुख्य रेफरी का भूमिका प्रिंस मिश्रा, रेफरी खुशी सिंह, तरन्नुम खान, धीरेंद्र राणा, कौशल कुमार, अमित कुमार, मिथिलेश कुमार, स्कोरर सुजीत कुमार ने निभाई। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालिका वर्ग के खिलाड़ियों का प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रोफेसर अजय प्रताप सदस्य विद्यालय प्रबंध समिति मेरिडियनन एकेडमी, अभिषेक कुमार पांडेय प्राचार्य मेरिडियन एकेडमी, दिनेश कुमार सिंह सचिव जिला क्रिकेट एसोसिएशन, शैलेंद्र कुमार अध्यक्ष कोडरमा जिला तलवारबाजी संघ, प्राचार्य मॉडर्न पब्लिक स्कूल, अध्यक्ष कोडरमा स्कूल सउदिया कंपलेक्स अनिल जीप्रवीण कुमार चितरंजन जी अजय जी अरुण कुमार उमर फारुक तथा अन्य कर्मचारी गण उपस्थित थे। मंच का संचालन आकांक्षा भारद्वाज एवं स्वाति कुमारी के द्वारा किया गया।

## भक्तों ने बालचौरा से जल उठाकर बाबा मगरदह महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक

# शिवालयों में पूजा के लिए उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

डंडई प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों और मंदिरों सहित लवाहीखुर्द गांव के बाबा मगरदह महादेव मंदिर में सावन के पहली सोमवारी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। हालांकि पहली सोमवारी पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धलुओं की कम भीड़ थी।

सावन के पहली सोमवारी को लगभग 100 कांवड़िया व डाक बम ने छत्तीसगढ़ के बालचौरा से जल उठाकर बाबा मगरदह महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। अहले सुबह 7: 00 बजे मंदिर के पुजारी दीनदयाल पाठक सहित अन्य पंडितों के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर जलाभिषेक शुरू किया गया। कांवड़िया व डाक बम सहित अन्य श्रद्धालु के द्वारा जलाभिषेक को लेकर एक के बाद एक आते रहे। वहीं काफी संख्या में पूजा अर्चना के लिए भी श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचे थे। वहीं कांवड़िया व डाक बम के जयघोष से दिन भर मंदिर गूंजता रहा। कांवड़िया व डाक बम के द्वारा जय शिव शंकर, हर-हर महादेव, बोल बम का नारा है, बाबा एक सहारा है, सहित जयघोष लगा रहे थे। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के



विभिन्न शिवालयों में पूजा-अर्चना करने को लेकर दिन भर श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहा। श्रद्धालुओं के द्वारा बेलपत्र जल सहित अन्य पूजन सामग्री का चढ़ावा कर अपनी मन्नत मांगी। बाबा मंगरदह महादेव मंदिर परिसर में सावन को लेकर मेला की भी शुरुआत की गई। मेले में लोगों के द्वारा जमकर रंग-बिरंगे खिलौना व मिठाइयों की खरीदारी की। बाबा मंगरदह महादेव मंदिर परिसर में पूरे सावन माह के प्रत्येक सोमवार को भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। वहीं पूर्व मुखिया बचालाल गुप्ता के द्वारा सभी कांवड़िया और डाक बम के लिए प्रत्येक वर्ष चाय की व्यवस्था मंदिर परिसर में किया जाता है। मंदिर समिति के द्वारा दूर से आए कांवड़िया व डाक बम के लिए रात्रि में ठहरने की भी व्यवस्था की जाती है। वहीं मंदिर समिति के सदस्यों के द्वारा श्रद्धालुओं के जलाभिषेक में जगह-जगह पर तैनाती रही। सावन माह में जलाभिषेक को लेकर मंदिर समिति के सदस्य बढ़- चढ़कर हिस्सा लेते हैं। ताकि किसी को जलाभिषेक में परेशानी ना हो।

इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष मंगरू बैठा, प्रभारी सचिव हरिप्रसाद व्यास,मुखिया बच्चा लाल गुप्ता, प्रमुख प्रतिनिधि घूर बिगन बैठा, ओम पांडेय, महेंद्र नाथ पांडेय, दिलीप पटवा,संतोष पांडेय, आशीष कुमार, संतोष पाठक, दीनदयाल पाठक, लाल बिहारी पासवान सहित कई उपस्थित थे।

## पहली सोमवारी पर निकली कलशयात्रा



**केतार।** सावन के पहली सोमवारी के अवसर मंदिर विकास समिति के नेतृत्व में केतार चतुभुर्जी मंदिर परिसर से जल यात्रा निकाली गई। जल यात्रा पंडा- ढाढ़रा नदी के संगम पर पहुंचे, जहां मंदिर के पुजारी बाल मुकुंद पाठक ने कलश में जल भरवाया। पुनः श्रद्धालु चतुभुर्जी मंदिर परिसर पहुंचे और भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया। मौके पर मंदिर विकास समिति के संरक्षक राम बिचार साहू, अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सचिव हेमंत पाठक, रविंद्र सोनी, पंकज कुमार, महेंद्र पाठक, रविशंकर बैद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## 25 सदस्यीय कांवड़ियों का जत्था देवघर रवाना



**खरौंधी।** प्रखंड में पहली सोमवारी को चंदनी से 25 सदस्यीय कांवड़ियों का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। इसको 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक तथा विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने रवाना किया। इसे पूर्व कांवड़ियों का जत्था चंदनी देवी मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद सभी जुलूस में खरौंधी देवी मंदिर पहुंचे। देवी मंदिर पर आशीर्वाद लेने के पश्चात देवघर के लिए रवाना हुए। इस दौरान राजू डोम कबलू डोम, लल्लू डोम, सुरेंद्र डोम, डबलू डोम, मनु डोम, सुनीता देवी, आरती देवी, सीमा देवी, मलिता देवी, चिंता देवी, रीना देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# गरीबों के हिस्से का अनाज डकार रही हैं उप प्रमुख!

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

संपन्न लोगों का कार्ड कटवा कर गरीबों के बीच उसे वितरण कराने वाली उप प्रमुख अंजली देवी द्वारा खुद गरीबों का निवाला छीनने का काम किया जा रहा है। कोरोना काल सहित अब तक उनके द्वारा गरीबों का 42 क्विंटल चावल और गेहूं पूरी तरह छीन लिया गया। खाद्य सुरक्षा बिल अंतर्गत बनी लाभुकों की सूची देखने के बाद मामले का खुलासा हुआ। विमला देवी के नाम से बने 7 सदस्यों के राशन कार्ड में उप प्रमुख अंजली देवी पति रामाशीष प्रसाद के साथ-साथ उनके पुत्र और पुत्रियों के भी नाम शामिल हैं। उनका कार्ड संख्या 20200 5121099 है।

वर्ष 2015 से अब तक उनके द्वारा प्रत्येक माह डीलर की दुकान से राशन उठाव करने का काम किया गया है, जबकि वह खाद्य सुरक्षा कानून के 13 मापदंडों के दायरे में नहीं आती है। क्योंकि उनके पास स्वयं के दो-दो ट्रैक्टर, तीन जगहों पर दो मंजिला मकान के अलावा कई दोपहिया वाहन भी हैं। ऐसे में एक बड़ा सवाल बन गया है कि गरीबों का अब तक छीना गया निवाला क्या उनके द्वारा वापस लौटाया जाएगा या पदाधिकारियों को रिकवरी को लेक उनके खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ेगी। इसी तरह उनके घर में बना अन्य सदस्यों का राशन कार्ड भी खाद

### इस संबंध में सीओ बोले, उच्च अधिकारियों तक पहुंचायी जाएगी जानकारी

सुरक्षा अधिनियम 13 के मापदंडों के दायरे में नहीं आता है। क्योंकि सभी के पास दो पहिया वाहन के अलावा दो मंजिला पक्का का मकान के साथ-साथ स्कॉर्पियो वाहन भी है। इसके अलावा डंडाई ही नहीं बल्कि जिला में भी उनके परिवार के सदस्यों का भारी-भरकम राशि की लागत से बना एक ताला पक्का का मकान है।

उप प्रमुख को प्रखंड के अन्य संपन्न कार्डधारियों का नाम कटवाने से पहले उन्हें अपना स्वयं के साथ-साथ घर के अन्य परिवार के सदस्यों के नाम से बना राशन कार्ड कटवाना महत्वपूर्ण होगा। उप प्रमुख के अलावा उनके परिवार के अन्य सदस्यों के नाम बने राशन कार्ड के आलोक में अब तक उठाव हुए राशन की मात्रा देखी जाए तो वह लगभग 17 टन के करीब पहुंच जाता है। सीओ सह प्रभारी एमओ चोना राम हेंब्रम ने कहा कि खाद्य सुरक्षा बिल अंतर्गत बने 13 मापदंडों से ऊपर के लोग पूरी तरह अयोग्य हैं। उनके द्वारा अगर राशन का उठाव होता है तो मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी। वहां से जो भी निर्देश प्राप्त होगा उसके अनुसार कार्रवाई की जायेगी।

# दो बाइकों की हुई टक्कर एक की मौत, दो गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। महुआंडाड़**

महुआंडाड़-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर पर राजडंनडा के समीप दो बाइकों की आपने-सामने टक्कर हो गई। इसमें वरदौनी कला निवासी गुप्तेश्वर सिंह (65) की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक गुप्तेश्वर सिंह बीज लेकर महुआडांड़ बाजार से अपने गांव वरदौनी कला जा रहा था। टक्कर इतना जोरदार था कि वाहन भी बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने बताया कि दूसरे बाइक पर ग्राम चटकपुर के एक युवक और एक युवती सवार थे। युवक का पैर टूट गया है और युवती के सिर में चोट है और रक्त स्राव हो रहा था। थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर वहां का जायजा लिया। वहीं प्रशासन के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की तैयारी में जुड़ गई है। वहीं समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के 108

### महुआंडाड़-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर राजडंनडा के समीप हुई दुर्घटना



एंबुलेंस वाहन से मृतक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआंडाड़ लाया गया, जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ अमित खलखो ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं दूसरे बाइक पर सवार युवक-युवती का इलाज सुर्या हास्पिल महुआंडाड़ में किया जा रहा है। दोनों की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही हैं।

## उपायुक्त ने की जन शिकायत कोषांग की समीक्षा बैठक

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायत कोषांग /जनता दरबार से प्राप्त आवेदनों की समीक्षात्मक बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों की समस्याओं को त्वरित गति से समाधान करना ही जनता दरबार का उद्देश्य है। जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लें एवं शिकायत के निष्पादन की सूचना शिकायतकर्ता को मिले, ताकि लोगों का विश्वास जिला प्रशासन पर बनी रहे। सभी कार्यालय से संबंधित आये शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लंबित मामलों की जानकारी ली। शिकायतों निदान में तेजी लाने का निर्देश दिए।

# हजारों शिवभक्तों ने निकाली कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

सदर प्रखंड के नावागढ़ पंचायत अंतर्गत नावागढ़ गांव में बजरंग दल नावागढ़ के तत्वावधान में श्रावण की पहली सोमवारी के उपलक्ष्य में बाजारटाड़ स्थित हनुमान मंदिर से हजारों की संख्या में शिव भक्तों द्वारा माथे पर कलश लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।

वहीं इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में नीलम देवी ज़िला परिषद अध्यक्षा, भाजपा नेता राजधानी यादव, रामदेव सिंह, आर एस एस नेता सह समाजसेवी मनोहर प्रसाद सिन्हा, बजरंग दल के जिला सह संयोजक नीतीश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष कौशल किशोर, सत्संग प्रमुख नारद यादव, सनातन संगोष्ठी युवा चेतना जागृति संस्थान तरवाडीह के संयोजक राजेश प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग पहुंचे थे। कलश सह शोभायात्रा नावागढ़ स्थित गला नदी पुल के पास पहुंचकर पुरोहित आनंद कुमार मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल पात्र में जल



भरकर पुनः मेन रोड नावागढ़ होते हुवे ठाकुरपारा स्थित भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग में जलाभिषेक किया गया। तत्पश्चात विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नावागढ़ के अध्यक्ष हरि ओम प्रसाद भाटिया, संयोजक प्रकाश कुमार गुप्ता सहसंयोजक रवि कुमार साहू, प्रभाकर कुमार, प्रकाश गुप्ता, बल उपासना केंद्र प्रमुख अमरदीप प्रसाद, मंत्री प्रसाद रिंकू प्रसाद, गौ रक्षा प्रमुख जितेंद्र प्रसाद विधार्थी प्रमुख मुकेश कुमार ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं कलश शोभायात्रा तथा मंच का संचालन भाजपा नेता हरिओम प्रसाद ने किया। वहीं सभी भक्तों के लिए पूजा के पश्चात शर्बत व फल की व्यवस्था की गई थी। मौके पर समाजसेवी विनोद प्रसाद साहु,रंजीत प्रसाद,रामचरित्र प्रसाद रामानंदन प्रसाद उर्फ व्यास, शिवप्रसाद, उदय प्रसाद, पप्पू प्रसाद, संतोष मिश्रा भागीरथ मिश्रा, राकेश मिश्रा, सुरेश प्रसाद, रामजी प्रसाद पंकज प्रसाद संजय पासवान आदि उपस्थित थे।

## टीएसपीसी के दो उग्रवादी गिरफ्तार हथियार बरामद

**लातेहार।** जिले की मनिका थाना पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के दो सदस्यों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनके पास से एक लोडेड देशी पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस, एक वीवो कंपनी का स्मार्टफोन और एक आईटेल कंपनी का मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार उग्रवादी पुल निर्माण स्थल पर आगजनी व मारपीट की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार उग्रवादियों में उपेंद्र यादव उर्फ नवीन जी पिता राधेश्याम यादव (मनिका, भदईबथान, लातेहार) व अनिल यादव उर्फ छठु यादव पिता स्वर्गीय कृष्णा यादव (पुरुषोत्तमपुर, पांकी, पलामू) शामिल हैं। जानकारी देते हुए बरवाडीह के एसडीपीओ दिलू लोहरा ने बताया कि मनिका थाना क्षेत्र के पवनवा गांव व कोयलागड़ा टांड़ से टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के दो सदस्यों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# महंगाई की मार ने बिगाड़ा रसोई का बजट

## मौसम की बेरुखी में झुलसी सब्जी की फसल, किसी की कीमत 40 से कम नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

मौसम की बेरुखी से झुलसी सब्जी की फसल से हरी सब्जी के दाम आसमान छूने लगे हैं। इससे रसोई का बजट बिगड़ गया है। थाली से हरी सब्जियां गायब हो रही है। झोला में भरकर घर जाने वाली सब्जी को लोग आज पोलिथिन में ले जा रहे हैं। खरीदार के इंतजार में सब्जी विक्रेताओं को पूरे दिन इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं, टमाटर का भाव सुन खरीदारों के चेहरे लाल हो जा रहे हैं, जहां प्रति सौ रुपये किलो टमाटर व हरी मिर्च का दाम डेढ़ सौ रुपये प्रति किलो के पार हो गया है। अदरक भी साढ़े तीन सौ रुपये तो हरी धनिया तीन सौ रुपये किलो मिल रही है।

***हरी सब्जी के दाम (प्रति किलो) :*** **टमाटर-150 हरा मिर्च-140 खीरा -60 बैगन-50 करैला-80 कच्चा केला-50 लौकी-40 नेनुआ-50 भिंडी-50 अदरक-350 हरा धनिया-300**



बहरहाल कोई भी हरी सब्जी 40 रुपये से कम नहीं मिल रही है। सब्जी उत्पादकों की मानें तो तेज धूप और उमस से सब्जी की फसल झुलस गई है। इससे बाजार में सब्जी बहुत कम पहुंच रही है। फसल के झुलस जाने से किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हाल के दिनों में थोड़ी-बहुत बारिश हुई तो उससे भी सब्जी उत्पादकों को कोई विशेष लाभ नहीं हुआ है।

**कब दाम होंगे कम :** सब्जी विक्रेता महेंद्र प्रसाद कहते हैं कि लू व तेज धूप के बाद हुई बारिस से हुई उमस के कारण सब्जी फसल खराब हो गई। इस वजह से हरी सब्जी ऊंची कीमत पर बेचनी पड़ रही है। जब तक नई सब्जी बाजार में नहीं आएगी, तब तक सस्ता होने की कोई उम्मीद नहीं है।दाम में उछाल होने का असर व्यवसाय पर भी पड़ रहा है। खरीदार भी कम जुट रहे हैं। अगर आ भी रहे हैं तो भाव पूछ कर ही रह जा रहे हैं।

# केतार गांव में बिजली करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार गांव निवासी विजय मेहता की 45 वर्षीया पत्नी उर्मिला देवी का सोमवार की दोपहर बिजली करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उर्मिला देवी अपने नव निर्मित मकान में पंखा चलाने के लिए बिजली के बोर्ड में पंखे का प्लग लगाकर स्वीच ऑन कर रही थी की इसी क्रम में बिजली करेंट की चपेट में आ गई। जानकारी मिलते ही स्वजनों ने आनन- फानन में इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर भर्ती कराया, जहां आयुष चिकित्सक निशांक निश्रम ने जांच के बाद उर्मिला देवी को मृत घोषित कर दिया। गांव में इसकी सूचना मिलते ही गांव का माहौल गमगीन हो गया। इस घटना की सूचना मिलते ही झामुमो नेता ताहिर अंसारी, मुखिया प्रमोद कुमार मृतक के घर पहुंचकर दुःख व्यक्त किया और स्वजनों को ढांढस बंधाया। इस घटना से परिवार के साथ पूरे गांव में शोक की लहर है।

### बिजली करंट की चपेट में आने से एक की मौत

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के बाघमंवा गांव में बिजली करंट की चपेट में आने से जतपुरा गांव निवासी बिंदेश्वर राम की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि बिंदेश्वर पिछले काफी दिनों से अपने ससुराल बाघमंवा में रहता था। ससुराल में वह ट्रैक्टर से खेत जोत रहा था। इसी बीच वहां से गुजर रहा बिजली तार टूट कर गिर गया, जिसकी चपेट में वह आ गया। स्थानीय लोगों की मदद से बिंदेश्वर को अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## दिव्यांगता प्रमाणपत्र के रजिस्ट्रेशन कराने के लिये लगी भीड़

**श्री बंशीधर नगर।** ट्रॉमा सेंटर में सोमवार को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिये 85 दिव्यांगों का पंजीयन व ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया। जिला से लिपिक दिनेश उरांव, एमपीडब्ल्यू अनूप कुमार व कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा दिव्यांगों का पंजीयन किया गया। पंजीयन कराने के लिये बड़ी संख्या में दिव्यांग उपस्थित थे। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, प्रखंड लेखा प्रबंधक करुणा कुमारी, लिपिकविपेश राज तमांग, एसटीटी सुभाष कुमार, बिटीटी सुनीता कुमारी, एमटीएस विजय पाठक, एमपीडब्ल्यू चंद्रपति सिंह, कौशलेश कुमार, संजय कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, विभूतिभूषण चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## धर्म-कर्म | धर्म सिर्फ दिखावा नहीं, प्रैक्टिकल होना चाहिए : स्वामी

# मृत्यु एक यात्रा है, इसे मंगल बनायें : जीयर

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

दुनिया धर्म पर टिका है। जड़ और चेतन दोनों का अपना-अपना धर्म होता है और धर्म हमारे जीवन को मर्यादित बनाता है। मानव अपने धर्म से विमुख हो जाए तो संसार का संचालन रुक जायेगा। जीयर स्वामी ने भागवत कथा में सूत द्वारा धर्म की व्याख्या की चर्चा करते हुए कहा कि सूत के अनुसार धर्म मानव जीवन की सीढ़ी है।

स्वामी ने कहा कि धर्म से अभिप्राय सिर्फ पूजा-वंदना नहीं जो जिस निमित्त है। उसके द्वारा



संबंधित कार्य का संपादन ही धर्म है। संसार का संचालन धर्म के आधार पर ही हो रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि माइक आवाज देना, वल्ब प्रकाश देना, पंखा हवा देना और मानव ईमानदारी पूर्वक अपना दायित्व निर्वहन करना छोड़ दे, तो उन्हें धर्म से विचलित माना जायेगा। फिर इनका कोई महत्व नहीं रह जाएगा। धर्म या स्वभाव के कारण ही वस्तुओं एवं प्राणियों का वजूद है। केवल भोजन, शयन एवं संतानोत्पत्ति करना मानव धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी योनियों में मानव जीवन ही धर्म एवं संस्कृति के लिए है। आहार, निद्रा, भय और मैथुन-ये चार बातें मनुष्य और अन्य जीवों में सामान्य रूप से विद्यमान होते हैं। मनुष्य में एक गुण ऐसा है, जो मानवेतर जीवों में नहीं पाया जाता है वह है धर्म धर्म मानव का विशेष गुण है, जिसके कारण वह पशु से भिन्न है शेष भोग भोगने के लिए संसार में आते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म हमारे जीवन की वह पद्धति है, जिसके अनुपालन से पतन रूक जाता है और मनुष्य पावन हो जाता है। कहा कि धर्म केवल दिखावा के लिए नहीं, बल्कि व्यवहार और आचरण में भी दिखनी चाहिए। सूत ने कहा है कि अट्ठारह पुराणों में दो बातों का महत्व विशेष है। परोपकार से बड़ा कोई धर्म व पुण्य नहीं और अकारण किसी को दंड देने से बड़ा कोई पाप नहीं।

# व्यवसायी के निधन पर हुई शोक सभा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

बर्तन व्यवसायी सह भवनाथपुर व्यावसायिक संघ के सदस्य श्रीराम सेठ का देहांत बीते रविवार को किडनी फेल होने से हो गया। इस पर संघ की ओर से शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि स्व. सेठ बहुत ही सरल एवं मृदुल भाषी व्यक्तित्व के थे। उनका इस प्रकार से जाना हम सभी के लिए अपूरणीय क्षति है। इस दुख की घड़ी में संघ स्व. सेठ के परिवार के साथ खड़ा है। इस मौके पर भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के सचिव नवल



किशोर प्रसाद, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश आर्य,संजय गुप्ता, अमरेश ठाकुर, बिरबल चन्द्रवंशी, सुग्रीव चंद्रवंशी, मनोज सेठ, अरूण सेठ, राकेश चंद्रवंशी, रविप्रकाश, अनिल गुप्ता, राजकिरन, मृत्युंजय गुप्ता, परमानंद गुप्ता, साकेत गुप्ता, परदेशी सेठ,विजय गुप्ता, अशोक सोनी, सोनू विश्वकर्मा, मुरारी सोनी, निरंजन सोनी, शंभु सेठ, राजेश सोनी, विकास, दिनेश चन्द्रवंशी,सुधीर,गणेश उरावं, पप्पू,शिवपूजन राम, धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

**जीवन की नौका को अगर हौसले और संघर्ष की पतवार से दौड़ाया जाये, तो कोई भी सुनामी आपके जीवन रूपी नौका की रफ्तार को नहीं रोक सकती। - अज्ञात**

# मानसून की दगाबाजी

***झारखंड*** एक बार फिर सुखाड़ की चपेट में आने वाला है। ऐसी आशंका दिख रही है। कारण औसतन बारिश कम हुई है। इससे निपटने की तैयारी में अभी से सरकार के हाथ पांव फूलने लगे हैं। ऐसे में समय रहते नहीं चेतने का मुआवजा सरकार के साथ सब को आखिर देना ही पड़ेगा। इसका सीधा असर कृषि पर पड़ने जा रहा है। ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है। अगर इस सप्ताह पर्याप्त बारिश नहीं हुई तो पूरी उम्मीद है कि एक बार फिर अकाल का सामना करना पड़ेगा। हालांकि झारखंड में मानसून सक्रिय है। लेकिन क्या झारखंड में हो रही बारिश पर्याप्त है? यह एक गंभीर सवाल है। जिसका सीधा जवाब होगा नहीं। राज्य के जिलों में हो रही आंशिक बारिश ने यह सवाल न केवल झारखंड के आम लोगों के मन में घर बनाया है बल्कि, अधिकारियों को भी सोचने पर विवश कर दिया है. जी हां, झारखंड में खरीफ की बुआई की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ सूखे से निपटने की तैयारी की समीक्षा की जा रही है। जिसमें यह बात सामने आ चुकी है कि पर्यावरण में होने वाला बदलाव चिंता का कारण है। पर्यावरण में हो रहे इस बदलाव का सीधा असर झारखंड के कृषि पर पड़ रहा है। ऐसे में अगर मौसम प्रतिकूल रहता है तो कृषि प्रभावित होगी जिससे किसान और पूरे देश को प्रभावित होने की आशंका है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले 20 से 25 जुलाई तक ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगा कि आखिर मानसून की स्थिति क्या है। अगर मानसून अनुकूल रहता है तो बेहतर, लेकिन अगर स्थित विपरीत नजर आती है तो राज्य के जल स्त्रोत की स्थिति क्या है, इस पर चर्चा जरूरी है। आशा है कि सरकार इस ओर ध्यान देगी तथा जल संरक्षण की बाबत कोई कारगर कदम उठाये जायेगें। यह खुशी की बात है कि श्रीअन्न योजना पर केंद्र और राज्य दोनों सरकार काम कर रही है। ऐसे में यह योजना सुखाड़ की स्थिति में विकल्प के रूप में लागू होने की संभावना है। राज्य में हालांकि 50 प्रतिशत बीज का वितरण किया जा चुका है। लेकिन राज्य के किसान अब भी स्मार्ट नहीं हो सके हैं। इसका खुलासा हाल में हुआ है। ऐसे में इस दिशा में कार्य आवश्यक है। आंकड़ों की मानें तो राज्य में केसीसी खाता धारकों की संख्या 13 लाख 46 हजार 145 है। इनमें से 9 लाख 45 हजार 224 खाता धारक रूपे कार्ड बनवा चुके हैं। हालांकि इनमें से 6 लाख 22 हजार खातों में ही रुपे कार्ड सक्रिय हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रेंद्र सरकार चाहती है कि राज्य के किसान स्मार्ड कार्ड का इस्तेमाल एटीएम और प्वॉइंट ऑफ सेल पर भी कर सकें। जिन केसीसी धारक किसानों के पास रूपे कार्ड नहीं है उन्हें खाते में आयी राशि निकालने में बड़ी परेशानी हो रही है। ऐसे किसानों को बैंक जाकर ही पैसा निकालना पड़ रहा है। अगर उन्हें स्मार्ट कार्ड मिल जाये तो वे किसी भी एटीएम का इस्तेमाल कर सकेंगे। इसके अलावा अगर वो किसी भी सामान की खरीदारी करते हैं तो वे पीओएस मशीन से भी बिल का भुगतान कर सकेंगे। एक आंकड़े के मुताबिक केसीसी डेयरी के लिए बैंकों को 7001 आवेदन आये हैं। इनमें से 3535 आवेदनों को ऋण की स्वीकृति दी गयी है। वहीं, 2952 आवेदन निरस्त कर दिये गये। इसके अलावा केसीसी फिशरीज के लिए 2228 आवेदन आये। इनमें से 1265 को स्वीकृति और 801 को निरस्त कर दिया गया। इन बातों की जानकारी रखना आज किसानों को जरूरी है। बहरहाल सूखे की आशंका की वजहों की तलाश भी जरूरी है। साथ ही सरकार द्वारा चलाये जा रहे विकास योजनाओं की समझ रखना किसानों को जरूरी है। तभी वह इसका फायदा उठा पायेगें।

**पर्यावरण में हो रहे इस बदलाव का सीधा असर झारखंड के कृषि पर पड़ रहा है। ऐसे में अगर मौसम प्रतिकूल रहता है तो कृषि प्रभावित होगी जिससे किसान और पूरे देश को प्रभावित होने की आशंका है।**

# सामाजिक न्याय व हाशिये पर रहने वालों की खोज

***प्रधानमंत्री*** नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी नेतृत्व में, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय समाज में हाशिये पर रहने वाले और वंचित समुदायों, जैसे एससी, ओबीसी, ईबीसी, डीएनटी, ट्रांसजेंडर, वरिष्ठ नागरिक, सफाई कर्मचारी आदि के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले नौ वर्षों में इन समुदायों के लोगों के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक सशक्तिकरण समेत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखी जा रही है। पिछले नौ वर्षों में, भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा कुछ प्रमुख योजनाएं कार्यान्वित की गयीं हैं। 'भारत में अध्ययन के लिए अनुसूचित जाति के छात्रों को मैट्रिक के बाद दी जाने वाली छात्रवृत्ति' का उद्देश्य सबसे गरीब घरों के अनुसूचित जाति के छात्रों के सन्दर्भ में उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि करना है। 2019-20 के दौरान 11-12वीं में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों का सकल नामांकन अनुपात 52.9% था, जो 2020-21 के दौरान बढ़कर 56.1% और 2021-22 के दौरान 61.5% हो गया। 2014-15 से अनुसूचित जाति के 4.87 करोड़ से अधिक छात्रों को लगभग 29828.80 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता प्राप्त हुई है। 'अनुसूचित जाति और अन्य के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना', अनुसूचित जाति के उन छात्रों के लिए है, जिनके माता-पिता की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से अधिक नहीं है। 2019-20 के दौरान 9-10वीं में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों का सकल नामांकन अनुपात 83% था, जो 2020-21 के दौरान बढ़कर 84.8% और 2021-22 के दौरान 84.9% हो गया। 2014-15 से अनुसूचित जाति के 2.31 करोड़ से अधिक छात्रों को 3528.17 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता प्राप्त हुई है। 'उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं की उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजना (श्रेयस) तथा निःशुल्क कोचिंग (एफसीएस)' के तहत एससी और ओबीसी के 19995 से अधिक छात्रों को 2014-15 से केंद्रीय सहायता के रूप में 109.79 करोड़ रुपये जारी किये गये हैं। 'एससी के लिए शीर्ष श्रेणी की छात्रवृत्ति योजना (टीसीएस)' के तहत 2014-15 से 21988 से अधिक एससी छात्रों को केंद्रीय सहायता राशि के रूप में 399.15 करोड़ रुपये जारी किये गये। 'अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना (एनओएस)' के तहत अनुसूचित जाति, गैर- अधिसूचित, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों, भूमिहीन कृषि मजदूरों और पारंपरिक कारीगर श्रेणियों के 950 से अधिक चयनित छात्रों को केंद्रीय सहायता के रूप में 2014-15 से 222.24 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गयी। 'एससी छात्रों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप (एनएफएससी)' के तहत 2014-15 से 21066 से अधिक छात्रों को केंद्रीय सहायता राशि के रूप में 1628.89 करोड़ रुपये जारी किये गये। 'लक्षित क्षेत्रों में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए उच्च विद्यालयों में आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ)' के तहत 2014-15 से 3.18 लाख से अधिक छात्रों को केंद्रीय सहायता के रूप में 457.22 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गयी। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-एजेएवाई) का लक्ष्य कौशल विकास, आय-सृजन योजनाओं और अन्य पहलों के माध्यम से अतिरिक्त रोजगार के अवसर पैदा सृजन करना है। पीएम-एजेएवाई एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसमें 03 पूर्ववर्ती केंद्र प्रायोजित योजनाओं को शामिल किया गया है, जो इस प्रकार हैं - पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का आदर्श ग्राम घटक ; 2022-23 में 11500 अन्य गांवों को भी शामिल किया गया है; 4351 गांवों को पहले ही आदर्श ग्राम घोषित किया जा चुका है अनुसूचित जाति उपयोजना (एससीए से एससीएसपी) के लिए विशेष केंद्रीय सहायता; वित्तीय सहायता 50,000 रुपये या परियोजना लागत का 50%, जो भी कम हो, प्रति लाभार्थी या परिवार है छात्रावास घटक त्पूर्ववर्ती बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना (बीजेआरसीवाई)। पीएम-एजेएवाई योजना के तहत 2023-24 के लिए कुल अनुमानित परिव्यय 2050.00 करोड़ रुपये है। 'राष्ट्रीय यंत्रीकृत स्वच्छता इकोसिस्टम कार्रवाई (नमस्ते)' का उद्देश्य सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों की मौत को रोकने और स्वच्छता कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सफाई कार्यों के मशीनीकरण को बढ़ावा देना है। बैंकों द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं के लिए 5.00 लाख रुपये तक की पूंजीगत सब्सिडी और ब्याज सब्सिडी प्रदान की जाती है। 'हाथों से मैला सफाई करने वाले सफाईकर्मियों के पुनर्वास के लिए स्व-रोजगार योजना (एसआरएमएस)' के एक भाग के रूप में, 2014-15 से ऐसे 22,294 सफाईकर्मियों और उनके आश्रितों को विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामांकित किया गया है। 'अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवाईएवाई)' वरिष्ठ नागरिकों के लिए आश्रय, वित्तीय सुरक्षा, भोजन, स्वास्थ्य देखभाल और मानवीय संपर्क या गरिमापूर्ण जीवन की सुविधा देती है। 2014-15 से 6,67,330 लाभार्थियों को 511.81 करोड़ रुपये वितरित किये गये हैं। 2019-20 से 2022-23 तक 'वरिष्ठ नागरिकों के लिए राज्य कार्ययोजना(एसएपीएसआरसी)' योजना के तहत 43.13 करोड़ रुपये जारी किये गये हैं। 2017-18 से, आरवीवाई के तहत आयोजित 265 शिविरों में 2,99,942 लाभार्थियों को 24,649.98 लाख रुपये की कीमत के कुल 12,24,645 उपकरण वितरित किए गए हैं। 'नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए)' 15 अगस्त 2020 को 32 राज्य/ केंद्र शासित प्रदेशों के 272 जिलों के लिए तैयार और लॉन्च किया गया था। अभियान की गतिविधियों में लगभग 3.08 करोड़ से अधिक युवाओं, 4,000 से अधिक युवा मंडलों, एनवाईकेएस और एनएसएस के स्वयंसेवकों और युवा क्लबों ने भाग लिया है। देश भर के 6000 से अधिक स्कूलों के 13 लाख से अधिक छात्रों के साथ संपर्क स्थापित किया गया है।






डॉ. वीरेन्द्र कुमार

**2019-20 के दौरान 11-12वीं में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों का सकल नामांकन अनुपात 52.9% था, जो 2020-21 के दौरान बढ़कर 56.1% और 2021-22 के दौरान 61.5% हो गया।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा

***भगवान*** श्री सत्यनारायण की कृपा से वह आनन्द से परिपूर्ण हो गया और नाव को प्रयत्नपूर्वक संभालकर उसने अपने देश के लिए प्रस्थान किया। साधु बनिया ने अपने दामाद से कहा - 'वह देखो मेरी रत्नपुरी नगरी दिखायी दे रही है'। इसके बाद उसने अपने धन के रक्षक दूत को अपने आगमन का समाचार देने के लिए अपनी नगरी में भेजा। उसके बाद उस दूत ने नगर में जाकर साधु की भार्या को देख हाथ जोड़कर प्रणाम किया तथा उसके लिए अभीष्ट बात कही -'सेठ जी अपने दामाद तथा बन्धुवर्गों के साथ बहुत सारे धन-धान्य से सम्पन्न होकर नगर के निकट पधार गये हैं।' दूत के मुख से यह बात सुनकर वह अति आनंदित हुई और उस साध्वी ने श्री सत्यनारायण की पूजा करके अपनी पुत्री से कहा -'मैं साधु के दर्शन के लिए जा रही हूं, तुम शीघ्र आओ।' माता का ऐसा वचन सुनकर व्रत को समाप्त करके प्रसाद का परित्याग कर वह कलावती भी अपने पति का दर्शन करने के लिए चल पड़ी। इससे भगवान सत्यनारायण रुष्ट हो गये और उन्होंने उसके पति को तथा नौका को धन के साथ हरण करके जल में डुबो दिया। इसके बाद कलावती कन्या अपने पति को न देख महान शोक से रुदन करती हुई पृथ्वी पर गिर पड़ी। नाव का अदर्शन तथा कन्या को अत्यन्त दुखी देख भयभीत मन से साधु बनिया ने सोचा - यह क्या आश्चर्य हो गया? नाव का संचालन करने वाले भी सभी चिन्तित हो गये। तदनन्तर वह लीलावती भी कन्या को देखकर विह्वल हो गयी और अत्यन्त दुख से विलाप करती हुई अपने पति से इस प्रकार बोली - 'अभी-अभी नौका के साथ वह कैसे अलक्षित हो गया, न जाने किस देवता की उपेक्षा से वह नौका हरण कर ली गयी अथवा श्रीसत्यनारायण का माहात्म्य कौन जान सकता है!

*(क्रमशः)*

# क्या जनसंख्या रोकने का हथियार बनेगा यूसीसी?

***जनसंख्या*** में हम नंबर वन हो गये हैं, जो उपलब्धि नहीं है, बल्कि घोर चिंता का विषय है। संयुक्त राष्ट्र ने भारत को जनसंख्या आबादी के लिहाज से अव्वल घोषित कर दिया है, जबकि इस पायदान पर काफी समय से चीन ही रहा। लेकिन अब वो दूसरे नंबर पर है। बेहताशा बढ़ती जनसंख्या न केवल वर्तमान विकास क्रम को प्रभावित कर रही है, बल्कि भविष्य की कई चुनौतियां को भी खड़ा कर दिया है। हिंदुस्तान में सुगबुगाहट बीते कुछ महीनों से है कि जनसंख्या रोकने की योजना बन चुकी है जिसका खुलासा जल्द होने वाला है। आगामी इसी माह की 20 तारीख से संसद का मॉनसून सत्र आरंभ होने वाला है जिसमें केंद्र सरकार यूनिफॉर्म सिविल कोड कानून को पारित करेगी। बताया जा रहा है कि यूसीसी के भीतर ही जनसंख्या नियंत्रण का मसौदा भी शामिल हैं। हालांकि इसको लेकर अभी भ्रम की स्थिति बनी हुई। फिलहाल कानून के ड्राफ्ट के संबंध में अभी तक खुलकर सरकार ने भी पत्ते नहीं खोले हैं। पर, इतना जरूर है, अगर यूसीसी में जनसंख्या नियंत्रण का प्रावधान होगा, तो इससे बढ़ती आबादी पर कुछ अंकुश जरूर लग सकेगा। बहरहाल, जनसंख्या नियंत्रण का मुद्दा बहुत पेचीदा होता चला जा रहा है, कुछ समर्थन में हैं तो कई विरोध में खड़े हैं? समय की मांग यही है किसी की परवाह किये बिना केंद्र को इस मसले पर गंभीर होना पड़ेगा। क्योंकि बगैर सरकारी सख्ती के कोई हल निकलने वाला नहीं? विगत बीते चार दशकों में जन आबादी में जिस तेजी से बढ़ोतरी हुई, उसने सब कुछ तहस-नहस कर दिया। जनसंख्या ने ही साधन, संसाधन, जमीन, हक-हकूक, रोजगार व काम-धंधों पर प्रहार किया है। हिंदुस्तान की आबादी विकराल रूप ले चुकी है। जनसंख्या विस्फोट के दुष्परिणाम अब खुलकर दिखने लगे हैं। जैसे, एक भूखा बेजुबान पशु खाने पर झपट्टा मारता है, स्थिति इंसानों में भी कुछ ऐसी ही होने लगी है। गांव-देहातों में मात्र गज भर जमीन के लिए खुलेआम कत्ल होने लगे हैं। शहरों में पार्किंग को लेकर सिर फटने शुरू हो गये हैं। युवा पेट पालने के लिए धक्के खाने पर मजबूर हैं। अब देखिए न, एक चपरासी की नौकरी के लिए पीएचडी जैसे उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की फौज लाइनों में लगने लगी है। बढ़ती आबादी से रोजगार-धंधे सिमट गये हैं। आवासीय इलाके व सड़कें इंसानों और वाहनों से खचाखच भर चुकी हैं। पार्किंग फुल हैं, घरों के आंगन सिमट गये हैं, आवासीय जगहें कम हो गई हैं, इसी कारण फ्लैट संस्कृति का चलन लागू हो गया है। इसलिए जनसंख्या विस्फोट को रोकना निहायत ही जरूरी हो गया है। इसमें भला किसी एकवर्ग या एक समुदाय का फायदा नहीं, बल्कि सबका भला है। सरकार का स्लोगन 'हम दो हमारे दो' भी बढ़ती आबादी के समाने फीका पड़ चुका है। इसे कुछ ने अपनाया, तो कइयों ने नकारा? भारत के अलावा इथियोपिया-तंजानिया, संयुक्त राष्ट्र, चीन, नाइजीरिया, कांगो, पाकिस्तान, युगांडा, इंडोनेशिया व मिस्त्र भी ऐसे मुल्क हैं जहां की स्थिति भी कमोबेश हमारे ही जैसी है। लेकिन इन कई देशों में जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए कानून अमल में आ चुके हैं। कई देशों में दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने पर सरकारी सुविधाओं से वंचित करने के फरमान जारी हो चुके हैं। जनगणना-2011 के मुताबिक भारत की आबादी 121.5 करोड़ थी जिनमें 62.31 करोड़ पुरुष और 58.47 करोड़ महिलाएं शामिल थीं।




डॉ. रमेश ठाकुर

**संयुक्त राष्ट्र ने भारत को जनसंख्या आबादी के लिहाज से अव्वल घोषित कर दिया है, जबकि इस पायदान पर काफी समय से चीन ही रहा। लेकिन अब वो दूसरे नंबर पर है।**

देश-विदेश

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# सामाजिक समरसता के लिए समर्पित गुरुजी का जीवन

***राष्ट्रीय*** स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्रद्धेय माधव सदाशिवराव गोलवलकर का जीवन हिन्दू समाज के संगठन, उसके प्रबोधन एवं सामाजिक-जातिगत विषमताओं को समाप्त करके एकरस समाज के निर्माण के लिए समर्पित रहा है। जातिगत ऊंच-नीच एवं अस्पृश्यता को समाप्त करने की दिशा में श्रीगुरुजी के प्रयासों से एक बड़ा और उल्लेखनीय कार्य हुआ, जब 13-14 दिसंबर, 1969 को उडुपी में आयोजित धर्म संसद में देश के प्रमुख संत-महात्माओं ने एकसुर में समरसता मंत्र का उद्घोष किया-

**'हिन्दवः सोदराः सर्वे, न हिन्दूः पतितो भवेत।।**
**मम दीक्षा हिन्दू रक्षा, मम मंत्रः समानता।।'**

अर्थात सभी हिन्दू सहोदर (एक ही मां के उदर से जन्मे) हैं, कोई हिन्दू नीच या पतित नहीं हो सकता। हिन्दुओं की रक्षा मेरी दीक्षा है, समानता यही मेरा मंत्र है। श्रीगुरुजी को विश्वास था कि देश के प्रमुख धमार्चार्य यदि समाज से आह्वान करेंगे कि अस्पृश्यता के लिए हिन्दू धर्म में कोई स्थान नहीं है, इसलिए हमें सबके साथ समानता का व्यवहार रखना चाहिए, तब जनसामान्य इस बात को सहजता के साथ स्वीकार कर लेगा और सामाजिक समरसता की दिशा में बड़ा कार्य सिद्ध हो जायेगा। विश्व हिन्दू परिषद की ओर से इस धर्म संसद में श्रीगुरुजी के आग्रह पर सभी संतों ने सर्वसम्मति से सामाजिक समरसता का ऐतिहासिक का प्रस्ताव पारित किया। श्रीगुरुजी ने अपनी भूमिका को यहीं तक सीमित नहीं रखा अपितु अब उन्होंने विचार किया कि यह शुभ संदेश लोगों तक कैसे पहुंचे। क्योंकि उस समय आज की भांति मीडिया की पहुंच जन-जन तक नहीं थी। सामाजिक समरसता के इस अमृत को जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए श्रीगुरुजी ने 14 जनवरी 1970 को संघ के स्वयंसेवकों के नाम एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कार्यकर्ताओं की अपेक्षा से कई गुना अधिक सफल आयोजन हुआ। मानो हिन्दू समाज की एकता एवं परिवर्तन के लिए शंख फूंक दिया गया हो। परंतु हमें इससे आत्मसंतुष्ट होकर बैठना नहीं है। अस्पृश्यता के अभिशाप को मिटाने में हमारे सभी पंथों के आचार्य, धर्मगुरु और मठाधिपतियों ने अपना समर्थन दिया है। परंतु प्रस्ताव को प्रत्यक्ष आचरण में उतारने के लिए केवल पवित्र शब्द काफी नहीं हैं। सदियों की कुरीतियां केवल शब्द और सद्भावना से नहीं मिटती। इसके लिए अथक परिश्रम और योग्य प्रचार करना पड़ेगा। नगर-नगर, गाँव-गाँव, घर-घर में जाकर लोगों को बताना पड़ेगा कि अस्पृश्यता को नष्ट करने का निर्णय हो चुका है। और यह केवल आधुनिकता के दबाव में नहीं, बल्कि हृदय से हुआ परिवर्तन है। भूतकाल में हमने जो गलतियां की हैं, उसे सुधारने के लिए अंत : करण से इस परिवर्तन को स्वीकार कीजिए। श्रीगुरुजी के इस पत्र से हम समझ सकते हैं कि अस्पृश्यता को समाप्त करने और हिन्दू समाज में एकात्मता का वातावरण बनाने के लिए उनका संकल्प कैसा था? धमार्चार्यों से जो घोषणा उन्होंने कराई, वह समाज तक पहुंचे, इसकी भी चिंता उन्होंने की। संघ की शाखा पर सामाजिक समरसता को जीने वाले लाखों स्वयंसेवक सरसंघचालक के आह्वान पर 'हिन्दवः सोदराः सर्वे' के मंत्र को लेकर समाज के सब लोगों के बीच में गये। इसी धर्म संसद का एक और मार्मिक एवं प्रेरक संस्मरण है। तथाकथित अस्पृश्य जाति से आनेवाले सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी आर. भरनैय्या की अध्यक्षता में ही 'हिन्दवः सोदराः सर्वे' का प्रस्ताव पारित हुआ। प्रस्ताव को लेकर कई प्रतिभागियों ने अपने विचार भी व्यक्त किये।



लोकेन्द्र सिंह

**सदियों की कुरीतियां केवल शब्द और सद्भावना से नहीं मिटती। नगर-नगर, गाँव-गाँव, घर-घर में जाकर लोगों को बताना पड़ेगा कि अस्पृश्यता को नष्ट करने का निर्णय हो चुका है।**

समाज

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## NEWS इन ब्रीफ

### रायपुर : भूपेश कैबिनेट की बैठक 12 जुलाई को

**रायपुर।** भूपेश कैबिनेट की अहम बैठक 12 जुलाई को होने जा रही है। शाम 6.30 बजे यह बैठक मुख्यमंत्री निवास में होगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में कई बड़े फैसले हो सकते हैं। बैठक में मानसून सत्र के अलावा कुछ विधेयक पर भी चर्चा हो सकती है। वहीं कर्मचारियों की कुछ मांगों पर विचार हो सकता है।
18 जुलाई को मानसून सत्र के पहले होने वाली इस बैठक में कई जरूरी फैसले लिए जा सकते हैं। इससे पहले 6 जुलाई को कैबिनेट हुई थी, जिसमें कर्मचारियों के महंगाई भत्ता, पेंशन सहित अन्य मुद्दों पर फैसला लिया गया था।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**इंदौर।** शहर के तेजाजी नगर इलाके में रविवार देर रात एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक आपस में रिश्तेदार थे और काम से लौटने के बाद घूमने निकले थे। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और वे हादसे का शिकार हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की पड़ताल शुरू कर दी है।
जानकारी अनुसार दतोदा सिमरोल निवासी शाहरुख (26 वर्ष) पुत्र असलम खान काम रविवार शाम काम से लौटने के बाद अपने रिश्तेदार आरिफ (24) पुत्र मुकीम खान के साथ बाइक से घूमने निकला था। देर रात करीब 12 बजे घूरने फिरने के बाद दोनों घर वापस लौट रहे थे। इस दौरान उमरीखेड़ा के पास बायपास पर अज्ञात वाहन ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गंभीर हालत में एंबुलेस से एमवाय अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बीएसएफ ने सीमा पर पकड़ा 21 लाख का सोना

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना से सटी भारत बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने करीब 21 लाख रुपये के सोने के तीन बिस्कुट बरामद किया है। केंद्रीय अर्धसैनिक बल की ओर से सोमवार को जारी बयान में बताया गया है कि उत्तर 24 परगना जिले की सीमा चौकी मलीदा के पास पुख्ता सूचना के आधार पर रविवार देर रात बीएसएफ जवानों ने चौकसी बरती थी। तभी एक तस्कर धीरे-धीरे सीमा की ओर बढ़ रहा था। उसकी भनक लगते ही जवानों ने उसे घेरने की कोशिश की लेकिन जूट की खेती का फायदा उठाकर वह फरार होने में सफल रहा। इलाके की तलाशी लेने पर मौके से एक पैकेट बरामद किया गया जिसमें सोने के तीन बिस्किट थे। इसका वजन 349.850 ग्राम है और अनुमानित कीमत 20 लाख 81 हजार 608 है।

### कुएं में गिरने से तीन मासूमों की मौत

**रायपुर।** रायपुर के आरंग थानांतर्गत ग्राम चरौदा में एक ही परिवार के तीन बच्चों की कुएं में गिरने से मौत हो गई। मरने वाले बच्चों में दो सगे भाई-बहन और एक उनका चचेरा भाई शामिल है। पुलिस ने तीनों का शव पोस्टमार्टम उपरांत सोमवार को परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर ने बताया कि मरने वालों में केशर साहू (8), उल्लास साहू (5) और पेयस साहू (4) के नाम शामिल हैं। केशर और उल्लास दोनों गांव के ही रहने वाले सोमनाथ साहू के बेटा-बेटी थे। रविवार शाम सोमनाथ के भाई जितेंद्र का बेटा पेयस भी दोनों बच्चों के साथ खेल रहा था। कुएं में गिरने से बच्चों के साथ चचेरे भाई पेयस की भी मौत हो गई।

---

### सीएम शिवराज ने जारी की लाड़ली बहना योजना की दूसरी किश्त, कहा

# महिलाओं को नौकरी में प्राथमिकता

**एजेंसी। इंदौर**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मेरी लाड़ली बहनों, आज मैं बहुत हर्षित और आनंदित हूं। वह शुभ घड़ी फिर आ गई, जब आपके इस भाई को आपके खाते में 'खुशियों की दूसरी किश्त' भेजने का सौभाग्य और सुख मिल रहा है। मुझे विश्वास है कि हर महीने की यह 10 तारीख आपके जीवन को नई आशा, नव आनंद और खुशियों से परिपूर्ण बनाएगी। लाड़लियों, तुमने मुझे भाई कहा है। मेरा यह वादा है कि तुम्हारे सभी दुःख दूर कर तुम्हारे चेहरे पर मुस्कान लाऊंगा। किसी बहना के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। अंतिम सांस रहने तक मैं आपकी सेवा करता रहूंगा। मुख्यमंत्री चौहान सोमवार को इंदौर में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की दूसरी किश्त वितरण के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में प्रदेश की सवा करोड़ हितग्राही महिलाओं के खातों में सिंगल क्लिक से एक-एक हजार रुपये की राशि जमा कराई। मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों के बीच जाकर उन्हें




साष्टांग प्रणाम किया। कार्यक्रम के दौरान बहनों ने मुख्यमंत्री चौहान को 101 फीट लंबी राखी भी भेंट की। मुख्यमंत्री ने आवास योजना के दिव्यांग हितग्राही दंपति को घर की चाबी सौंपी और लाड़ली लक्ष्मी योजना की दो हितग्राही बच्चियों सहित अन्य को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने लाड़ली बहना सेना की सदस्यों को शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री चौहान दोपहर करीब 1.00 बजे इंदौर पहुंचे और सबसे पहले उन्होंने मां अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वे एयरपोर्ट से लेकर गांधी नगर चौराहा होते हुए सुपर कारिडोर स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचे। रोड शो के दौरान सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं। इस दौरान लाड़ली बहनों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया। रोड शो के मार्ग में 11 मंच से 11 हजार लाड़ली बहनों ने लाठी के साथ सशक्तिकरण का प्रदर्शन किया।
मुख्यमंत्री चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह राशि अभी 1000 हजार है, धीरे-धीरे यह राशि बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मैंने बचपन से बेटा और बेटियों में बड़ा भेदभाव देखा था। लाखों बेटियों को कोख में मार दिया जाता था। तब मैंने संकल्प लिया था कि बेटियों-बहनों के लिए कुछ करूंगा। लाडली लक्ष्मी योजना शुरू की। चुनावों में बहनों को आगे लाए। कानून बनाया कि आधी सीटों पर बहनें चुनाव लड़ेंगी। इंदौर में उमाशशि शर्मा, मालिनी गौड़ महापौर बनीं।
उन्होंने कहा कि पुलिस और सरकारी नौकरी में 30 प्रतिशत भर्ती महिलाओं की करने का निर्णय लिया गया। महिलाओं के नाम संपत्ति खरीदने पर रजिस्ट्री शुल्क एक प्रतिशत ही लगाने का निर्णय लिया, तब से महिलाओं के नाम संपत्ति बढ़ गई। इसके बाद बहनों के लिए लाडली बहना योजना शुरू की। हर महीने 10 तारीख को एक हजार रुपये की राशि खाते में जमा हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में अनेक घोषणाएं भी कीं। उन्होंने कहा कि 26 जुलाई को 10वीं और 12वीं की परीक्षा में 70 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप और 12वीं में पूरे स्कूल में प्रथम आने वाली छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जाएगी।

### विस्फोटक रखने के आरोप में टीएमसी उम्मीदवार गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के ग्राम पंचायत में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गिरफ्तार किया है। उसका नाम मनोज घोष है। उसे नलहटी थाने में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और लंबी पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। एनआईए सूत्रों ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि उसे बीरभूम से कोलकाता लाया जा रहा है। मेडिकल जांच के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह मामला पिछले साल का है जब मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र में बड़ी मात्रा में जिलेटिन स्टिक और अन्य विस्फोटक पदार्थ बरामद हुए थे। इस मामले में मनोज घोष का नाम सामने आया था। पता चला था कि उसने अपने पत्थर की खदान में भारी मात्रा में विस्फोटक एकत्रित कर रखे थे। इसके साथ ही वहां से बंदूकें भी बरामद हुई थीं। इस मामले में एनआईए की विशेष कोर्ट में मामला चल रहा था। कोर्ट ने इस मामले में पूछताछ की अनुमति एनआईए को दी थी। मनोज घोष को भी जांच में सहयोग करने को कहा गया था।

## हाई कोर्ट के आदेश की अवमानना की गई: अधीर

**एजेंसी। कोलकाता**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सोमवार को कहा है कि गत शनिवार को हुए पंचायत चुनाव मतदान के दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट के सख्त आदेश के बावजूद तमाम आदेशों की अवहेलना की गई है। केंद्रीय बलों की तैनाती से लेकर सुरक्षा सुनिश्चित करने तक में कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया था लेकिन उसका अनुपालन नहीं किया गया। इसलिए मैंने कलकत्ता हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की खंडपीठ में याचिका लगाई है। न्यायालय ने याचिका स्वीकार की है। हमने तीन मांगे की है। कोर्ट के आदेश के बावजूद इतनी बड़ी हिंसा कैसे हुई इसकी किसी भी स्वाधीन एजेंसी से कोर्ट की निगरानी में जांच हो। दूसरी मांग हमने की है कि जो लोग भी मारे गए हैं उनके परिवार को वित्तीय मुआवजा दी जाए। और तीसरी मांग की गई है कि जो लोग घायल हैं और अस्पतालों में भर्ती हैं उन्हें बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराई जाए। चौधरी ने बताया कि घायलों को बेहतर अस्पतालों में इलाज कराने का आदेश कोर्ट ने तुरंत दिया है और बाकी मामले में राज्य और केंद्र सरकार से जवाब मांगा गया है। उन्होंने सोमवार को हो रहे पुनर्मतदान को आई वाश करार देते हुए कहा कि 61 हजार से अधिक मतदान केंद्र थे और लगभग अधिकतर जगहों पर हिंसा हुई। उसमें से केवल 600 कुछ मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान का कोई औचित्य नहीं है। यह लोगों को बरगलाने की कोशिश है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय और ममता बनर्जी की सरकार ने मिलजुल कर बंगाल में चुनाव को मजाक बनाया है। हकीकत यह है कि बंगाल भाजपा को केंद्र सरकार कोई महत्व नहीं देती।

## दो चरणों में योगी सरकार करेगी खरीफ फसलों की 'ई-पड़ताल'

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में अन्नदाता किसानों को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार ने केन्द्र की एग्रीस्टैक योजना को प्रदेश में वृहद स्तर पर लागू करने की कार्ययोजना पर काम करना शुरू कर दिया है। केन्द्र द्वारा फसलों के निरीक्षण व किसानों को लाभ पहुंचाने के दृष्टिगत एग्रीस्टैक योजना की शुरूआत की गई है। इसका उद्देश्य देश में फसलों का एक केंद्रीयकृत डाटाबेस तैयार करना है। यह डाटाबेस किसानों के लिए वन स्टॉप सॉल्यूशन की तरह काम करेगा, जहां उन्हें फसलों संबंधी समस्याओं के निराकरण, सरकारी अनुदान व प्रशस्ति प्रबंधन और विस्तृत बाजार तक पहुंच जैसी अनेकों सुविधाएं मुहैया हो सकेंगी। इसी तर्ज पर कार्य करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के



निर्देश पर प्रदेश में 'ई-पड़ताल' सर्वे को अंजाम देने की विस्तृत रूपरेखा पर कार्य शुरू हो गया है।
राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मौजूदा खरीफ सीजन के मध्य राज्य में इस सर्वे को अंजाम देने के लिए तीन करोड़ से ज्यादा कृषि योग्य रजिस्टर्ड भूमि को चिन्हित किया गया है। यह सर्वे 10 अगस्त से 25 सितंबर के बीच दो चरणों में पूरा होगा। पहले चरण में 21 जबकि दूसरे चरण में 54 जिलों में 'ई-पड़ताल' सर्वे को अंजाम देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए पहले ही राज्य, जिला व तहसील समेत कुल चार स्तरीय समितियों का गठन हो चुका है। इसके अंतर्गत मुख्य सचिव खुद स्टीयरिंग कमेटी की अध्यक्षता करेंगे, जबकि अन्य समितियां इंप्लीमेंटेशन समिति के अंतर्गत कार्य करेंगी। सर्वे को अंजाम देने के लिए कार्यशाला व बैठकों के आयोजन का दौर निरंतर जारी है।

## बिहार: मानसून सत्र के पहले दिन हंगामे के बीच अनुपूरक विवरण सदन में पेश

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानमंडल के मॉनसून सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने अपनी बात रखी। वित्त मंत्री विजय चौधरी ने प्रथम अनुपूरक व्यय विवरण सदन में प्रस्तुत किया।. इसके बाद सदन में शोक प्रकाश पढ़ा गया। स्पीकर ने जननायकों के निधन पर शोक प्रकट किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। स्पीकर ने पहले दिन आसन से अध्याशी सदस्यों के नाम का ऐलान किया।इसके बाद विस सचिव ने सदन में मंत्री विजय चौधरी ने प्रथम अनुपूरक व्यय विवरण सदन में प्रस्तुत किया।. इसके बाद सदन में शोक प्रकाश पढ़ा गया। स्पीकर ने जननायकों के निधन पर शोक प्रकट किया। इसके




बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। वित्त मंत्री विजय चौधरी ने बिहार विधान मंडल में वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक से संबंधित प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी प्रस्तुत किया। इसके तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 43,774.7581 करोड़ की राशि प्रस्तावित है। वार्षिक स्कीम के अन्तर्गत 25,699.8640 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान प्रथम अनुपूरक आगणन में प्रस्तावित किया गया। जिसमें केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम के केन्द्रांश मद में 1,097.1407 करोड़ रुपये एवं राज्यांश मद में 8,739,6592 करोड़ रुपये अर्थात कुल 9,836,7999 करोड़ रुपये में स्कीम वार केंद्र प्रायोजित स्कीम (केन्द्रांश) में 404.09 करोड़ रुपये मनरेगा योजना के लिए।166.48 करोड़ रुपये प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए,85.00 करोड़ रुपये राष्ट्रीय पोषण मिशन हेतु, 80.00 करोड़ रुपये राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना हेतु,100.00 करोड़ रुपये राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन हेतु,50.39 करोड़ रुपये सक्षण आंगनबाड़ी पोषण - 2.0 हेतु,41.40 करोड़ रुपये प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि योजना हेतु है।
दूसरी ओर केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम (राज्यांश) मद में 6223.01 करोड़ रुपये समग्र शिक्षा अभियान हेतु,436.00 करोड़ रुपये राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हेतु,380.00 करोड़ रुपये मनरेगा योजना के लिए होंगे।

## पंचायत चुनाव में 18 हजार से अधिक मतदान केंद्रों पर हुई है धांधली: शुभेंदु अधिकारी

**एजेंसी। कोलकाता**

वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को चल रहे 696 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान के बीच प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया कि चुनाव आयोग ने उन बूथों पर चुनाव ही नहीं कराए जहां गत शनिवार को मतदान के दौरान हिंसा, आगजनी और धांधली हुई थी। उन्होंने कहा कि 18 हजार से अधिक मतदान केंद्रों पर शनिवार को वोटिंग के दौरान धांधली हुई थी। इसके साक्ष्य मौजूद हैं। पार्टी इन साक्ष्यों के साथ कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख करेगी। अधिकारी ने दावा किया कि जिन मतदान केंद्रों पर आज सोमवार को



वोटिंग हो रही है उन केंद्रों के बारे में पुनर्मतदान का निर्णय चुनाव आयोग ने नहीं बल्कि आईपैक (ममता बनर्जी के राजनीतिक सलाहकार प्रशांत किशोर की संस्था) ने लिया है। अधिकारी ने कहा कि वह शनिवार को मतदान के दौरान कई हजारों बूथों पर कदाचार के सबूत इकट्ठा कर रहे हैं और इनसे लैस होकर कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। उन्होंने कहा, हमने पुनर्मतदान की सिफारिश करते हुए राज्य चुनाव आयोग को छह हजार बूथों की एक सूची सौंपी थी। दरअसल, तृणमूल कांग्रेस के आदेश पर 18 हजार बूथों पर छप्पा मतदान हुआ था। हम और सबूत इकट्ठा कर रहे हैं... वीडियो फुटेज और सब कुछ। अधिकारी ने कहा, हमारी सूची को स्पष्ट रूप से राज्य चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा ने नजरअंदाज कर दिया है और हम आश्चर्यचकित नहीं हैं। एसईसी द्वारा कल रात घोषित बूथों की सूची टीएमसी और आईपैक द्वारा प्रस्तुत की गई थी। नंदीग्राम से भाजपा विधायक ने दावा किया कि भाजपा कदाचार के जो सबूत इकट्ठा कर रही है, उससे हिंसा में तृणमूल की संलिप्तता साबित होगी। उन्होंने कहा, पर्याप्त वीडियो फुटेज के साथ एक विस्तृत विस्तृत साक्ष्य मंगलवार को मतगणना के दिन कलकत्ता उच्च न्यायालय को प्रस्तुत किया जाएगा। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि जिन बूथों पर बड़े पैमाने पर धांधली हुई है, वहां सीसीटीवी कैमरों की दिशा बदल दी गई या बाहर से कैमरे तो दिखे लेकिन अंदर से उन्हें चालू ही नहीं किया गया।

## दूसरों को डराने वाली भाजपा सरकार स्वयं डरी : अखिलेश

**एजेंसी। लखनऊ**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आसमान छू रहे टमाटर के दामों और बेचने के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तीखी टिप्पणी की है। सपा अध्यक्ष ने टमाटर को सुरक्षा के बीच बेचने के मामले में भाजपा सरकार द्वारा अपनाए रवैये पर घेरा है।
अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से सोमवार को ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि जिस देश-प्रदेश में स्वस्थ व्यंग्य और कटाक्ष के लिए स्थान न हो वहां समझ लेना चाहिए दूसरों को डराने वाली सत्ता, स्वयं



डरी हुई है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी की बात इस माहौल में बेइमानी जुमला लगती है। देश के प्रमुखतम संसदीय क्षेत्र में लोकतंत्र का ये हाल है तो बाकी देश में क्या होगा। उल्लेखनीय है कि वाराणसी में एक सब्जी विक्रेता द्वारा बाउंसरों को लगाकर टमाटर बेचने वाला वीडियो बनाया गया था। इसका उद्देश्य सरकार का ध्यानाकर्षण करने का था। लेकिन इस वीडियो के सोशल मीडिया में वायरल होने पर सब्जी विक्रेता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया था। इस मामले में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सब्जी विक्रेता के पक्ष में आए और पहले सब्जी विक्रेता को छोड़ने वाला ट्वीट किया था और सोमवार को उसी मामले में सरकार को घेरने वाला एक और ट्वीट किया है।

---

**समृद्धि** — छत्तीसगढ़ में 'रीपा' बना रही आर्टिफिशियल ज्वेलरी

# ग्रामीणों को मिल रही है आर्थिक मजबूती

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ में गौठान में संचालित ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) वास्तव में एक सुविधायुक्त औद्योगिक केन्द्र में बदल गए हैं। यहां आर्टिफिशियल ज्वेलरी तक बनाई जा रही है।बेमेतरा जिले के धरदेई गौठान में संचालित रीपा का नजारा देखकर सुखद एहसास होता है। यहां गांव की महिलाओं और पुरुष अपनी-अपनी आय उपार्जन की गतिविधियों में पूरे मनोयोग से जुटे दिखाई देते हैं। गौठान में संचालित ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) वास्तव में एक सुविधायुक्त औद्योगिक केन्द्र का रूप ले चुका है। रीपा में महिलाएं मिनरल वाटर, पीनट चिक्की, आर्टिफिशियल ज्वेलरी तैयार कर रही हैं। दूसरी ओर फर्नीचर का निर्माण भी किया




जा रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने और ग्रामीणों को गांव में ही स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से पथरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम धरदेई में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) की स्थापना की गई है। कलेक्टर राहुल देव ने बीते दिनों स्व-सहायता समूह की महिलाओं और पारंपरिक उद्यमियों द्वारा उत्पादित सामग्रियों का अवलोकन किया तथा उत्पादन लागत, विपणन तथा उससे होने वाली आमदनी की जानकारी ली। महिला समूह द्वारा तैयार पीनट चिक्की को चखकर गुणवत्ता परखी और सराहना करते हुए अपने लिए क्रय भी किया।
समूह की महिलाओं ने बताया कि मार्च माह से मिनरल वाटर का उत्पादन और विक्रय किया जा रहा है। अब तक 48 हजार रुपए का मिनरल वाटर विक्रय किया जा चुका है। बाजार में इसकी अच्छी मांग है। पाउच मशीन के खराब होने की शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रीपा में काम करने वाले समूहों और उद्यमियों की अच्छी आमदनी हो, इसके लिए बेहतर कार्य योजना और उत्पादित सामग्रियों के परिवहन हेतु ई-रिक्शा भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ग्रामीण औद्योगिक पार्क का सबसे बड़ा लाभ ग्रामीण महिलाओं को मिल रहा है। उनके आय में तो वृद्धि हो ही रही है। इसके साथ ही सरकार के आर्थिक स्वावलंबन का उद्देश्य भी पूरा हो रहा है। इसका सबसे ज्यादा लाभ अन्य गांवों में भी होने की उम्मीद है। इस मॉडल को अन्य स्थानों पर अपनाने की कोशिश की जा रही है। जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिल सके।

### अवैध हथियार के साथ पांच गिरफ्तार

**सहरसा।** सदर थाना क्षेत्र के कायस्थ टोला कब्रिस्तान चौक के पास अरुणित गैस एजेंसी के भेन्डर अशोक साह से एक मोटरसाइकिल सवार दो अपराध कर्मियो द्वारा गत 02 जुलाई को हथियार के बल पर 60 हजार रुपए लूट लिया गया था।पुलिस ने इस कांड का उद्भेदन कर तीन अपराधियों को हथियार व नकद राशि के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस संबंध में थाना कांड संख्या 424/23 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। एसडीपीओ संतोष कुमार के नेतृत्व में सदर थानाध्यक्ष सुधाकर कुमार एवं तकनीक अनुसंधान कर्ता के साथ टीम का गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि टीम ने गुप्त सूचना आधार पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, अवैध हथियार घटना के दिन पहने कपड़े तथा लूटी गई राशि में सें 37 हजार रुपए के साथ तीन अपराधी को गिरफ्तार किया गया।

### देश की 73% आबादी पर कोई कर्ज नहीं

# 93 करोड़ लोगों की कमाई 5 लाख तक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में सालाना 5 लाख से 30 लाख रुपए तक कमाने वाले 43 करोड़ मध्यवर्ग की सभी तरह के टैक्स भरने के बाद खर्च योग्य औसत आय 9.25 लाख रुपए है। वह करीब 74% राशि खाने-पीने, पढ़ाई, प्रसाधन, कपड़े और उपभोक्ता सामान पर खर्च करता है। उसकी सालाना बचत 14% है। वहीं 30 लाख रुपए से अधिक कमाने वाले 5.6 करोड़ लोगों की खर्च लायक आय 35.77 लाख है। वे करीब 57% पैसा जरूरतों पर खर्च कर देते हैं। इनकी बचत 17% है। यानी मध्यवर्ग से 3% ज्यादा। दूसरी तरफ, 5 लाख रुपए तक आय वाले 93 करोड़ लोग की जरूरतें कमाई से ज्यादा हैं। उन्हें इलाज तक के लिए कर्ज लेना पड़ जाता है। दिलचस्प बात यह है कि देश की 73% आबादी पर कोई कर्ज नहीं है। गरीब की तुलना में अमीर को तीन गुना अधिक कर्ज विरासत में मिला है। निचले तबके के 25% लोगों के पास एक मॉर्गेज लोन है। इसकी तुलना में अमीर तबके के पास मौजूद 44% प्रॉपर्टी मॉर्गेज की है। ये खुलासे पीपुल्स रिसर्च ऑन इंडियाज कंज्यूमर इकोनॉमी (प्राइस) की रिपोर्ट में किए गए हैं। रिपोर्ट 25 राज्यों के 40 हजार परिवारों पर सर्वे से तैयार की गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में दुनिया का तेजी से बढ़ता मध्यवर्ग है। इसकी खर्च करने की क्षमता बहुत बढ़ी है। एक साल में इस तबके की सालाना कमाई 84 लाख करोड़ रु. थी। इसमें से 62 लाख करोड़ रुपए उसने बाजार में खर्च किए। परिवार के साथ बाहर डिनर पर अमीर तबका हर साल 1.03 लाख रुपए खर्च करता है। मध्यवर्ग 22 हजार रुपए और निम्न आय वाला तबका 6 हजार रुपए खर्च कर देता है। शीतल पेय और पैक्ड फूड पर अमीर तबका हर साल 1.54 लाख रुपए खर्च करता है। मध्यवर्ग 49 हजार रुपए और निम्न आय वर्ग के लोग 12 हजार रुपए खर्च करते हैं। मनोरंजन पर अमीर तबका हर साल 61 हजार रुपए, मध्यवर्ग 17 हजार रुपए और निम्न आय वर्ग 4 हजार रुपए खर्च करता है। टूरिज्म और टूर पैकेज पर अमीर तबका हर साल 1.74 लाख रुपए खर्च करता है।



### टेलीकॉम कंपनियों की घटी कमाई

# मोबाइल कॉलिंग और SMS बनीं वजह : ट्राई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टेलीकॉम कंपनियों के रेवेन्यू में वॉयस कॉल का हिस्सा पिछले 10 साल में 80 प्रतिशत तक घट गया है। वहीं एसएमएस सर्विस से रेवेन्यू में 94 प्रतिशत की कमी आई है। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से जारी एक सर्कुलर के अनुसार, यह गिरावट पिछले 10 साल में इंटरनेट बेस्ड कॉलिंग और मैसेज सर्विस का इस्तेमाल बढ़ने से आई है। ट्राई के अनुसार, इंटरनेट के इस्तेमाल से प्रति ग्राहक औसत रेवेन्यू (एआरपीयू) जून, 2013 तिमाही से दिसंबर, 2022 तिमाही तक 10 गुना बढ़ गया है। हाल ही में ट्राई ने व्हॉट्सएप, गूगल मीट, फेसटाइम आदि मैसेजिंग और कॉलिंग ऐप को रेगुलेट करने को लेकर एक सर्कुलर जारी किया। इस सर्कुलर में ट्राई ने कहा कि संदेश, वॉयस कॉलिंग के लिए ह्यओवर द टॉप' यानी ओटीटी ऐप के बढ़ते उपयोग से दुनियाभर में टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों की कमाई का प्रमुख जरिया अब मैसेज और कॉल के बजाय इंटरनेट हो गया है। एआरपीयू के सभी प्रमुख कंपोनेंट में जून, 2013 से दिसंबर, 2022 तिमाही तक गिरावट हुई है। एआरपीयू टेलीकॉम कंपनियों की वृद्धि को मापने का प्रमुख तरीका है।



### पिछले दो सत्रों में घरेलू निवेशकों ने जमकर की लेनदेन

नई दिल्ली। घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) पिछले दो कारोबारी सत्रों के दौरान 5,316 करोड़ रुपये की कुल बिक्री के साथ प्रमुख विक्रेता के रहे हैं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने बताया कि बेंचमार्क सूचकांकों को नई ऊंचाई पर ले जाने वाले हालिया उछाल के बाद बाजार उस स्तर के आसपास अपनी स्थिति मजबूत करेगा। नवीनतम अमेरिकी गैर-कृषि नौकरियों के आंकड़ों (जून में 2.09 लाख नौकरियां सृजित) से पता चलता है कि श्रम बाजार में स्थिरता आ रही है। लेकिन चूंकि मुख्य मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत के आसपास बनी हुई है, इसलिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व 26 जुलाई को दरों में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकता है। इस उम्मीद में बांड पर मिलने वाला ब्याज चार प्रतिशत से ऊपर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह वृहद निर्माण मूल बाजार में चल रही तेजी पर लगाम लगाएगा और इसका असर भारतीय बाजार पर भी पड़ेगा। इसके अलावा, पिछले दो कारोबारी सत्रों के दौरान 5,316 करोड़ रुपये की कुल बिकवाली के साथ घरेलू संस्थागत निवेशक प्रमुख विक्रेता के रूप में उभरे हैं।
वेदांता के साथ फॉक्सकॉन ने तोड़ी डील,

### वेदांता के साथ फॉक्सकॉन ने तोड़ी डील




**नई दिल्ली।** ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन ने सोमवार को जानकारी दी है कि वह वेदांता लिमिटेड के साथ एक जॉइंट वेंचर से बाहर निकल रही है, जिसे भारत से सेमीकंडक्टर बनाने के लिए बनाया गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार ताइवान की कंपनी ने कहा, फॉक्सकॉन अब वेदांता की पूर्ण स्वामित्व वाली एंटिटी से फॉक्सकॉन नाम को हटाने के लिए काम कर रहा है। फॉक्सकॉन का एंटिटी से कोई संबंध नहीं है और इसके ऑरिजनल नाम को बनाए रखने के प्रयासों से भविष्य के हितधारकों के लिए भ्रम पैदा होगा।" कहा गया है कि फॉक्सकॉन भारत के सेमीकंडक्टर डेवलपमेंट की दिशा को लेकर आश्वस्त है। रिपोर्ट के अनुसार फॉक्सकॉन का कहना है हम सरकार की मेक इन इंडिया का पुरजोर समर्थन करना जारी रखेंगे और अन्य लोकल पार्टनरशिप स्थापित करेंगे जो हितधारकों की जरूरतों को पूरा करेंगी। फॉक्सकॉन और वेदांता ने पिछले साल गुजरात में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले प्रोडक्शन प्लांट स्थापित करने के लिए 19.5 बिलियन डॉलर का निवेश करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। गुजरात के अहमदाबाद के पास धोलेरा स्पेशल इंवेस्टमेंट रीजन में प्लांट की घोषणा की गई थी। गुजरात सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2022-27' के तहत सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी को भारी सब्सिडी और इंसेटिव मिलने की संभावना थी, जिसमें लैंड पर्चेंज पर शून्य स्टांप ड्यूटी और सब्सिडी वाली पानी और बिजली शामिल थी।

## स्टार्टअप कंपनियों में पहली छमाही में निवेश चार साल में सबसे कम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय स्टार्टअप कंपनियों में निवेश 2023 की पहली छमाही में 36 प्रतिशत गिरकर 3.8 अरब डॉलर रह गया है। पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, निवेशक व्यवसाय के हर पहलू की उचित जांच में अधिक समय ले रहे हैं। रिपोर्ट ह्यस्टार्टअप परिप्रेक्ष्य- पहली छमाही 2023' में कहा गया है कि मात्रा के हिसाब से कैलेंडर वर्ष 2023 की पहली छमाही में कुल निवेश का 57 प्रतिशत शुरूआती स्तर के सौदों के रूप में मिला। मूल्य के हिसाब से शुरूआती स्तर के सौदों का 2023 की पहली छमाही के कुल निवेश का लगभग 16 प्रतिशत हिस्सा रहा लेकिन पिछले साल से तुलना करने पर यह सबसे निचला स्तर बैठता है। इसमें कहा गया, भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में पिछले चार साल में सबसे कम निवेश कैलेंडर वर्ष 2023 की पहली छमाही में रहा। इस दौरान निवेश का आंकड़ा 298 सौदों के लिए 3.8 अरब डॉलर रहा, जो 2022 की पहली छमाही में आए 5.9 अरब डॉलर से लगभग 36 प्रतिशत कम है। जनवरी-जून, 2023 में सबसे ज्यादा निवेश पाने वाले क्षेत्र वित्तीय प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर सेवा (एसएएएस), डी2सी रहे।



# ओप्पो इंडिया रेनो 10 5 जी स्मार्टफोन सीरीज भारत में लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ओप्पो इंडिया ने 5 जी स्मार्टफोन की नई सीरीज रेनो 10 को लॉन्च कर दिया है। सीरीज में 3 स्मार्टफोन पेश किए गए हैं। इनमें ओप्पो रेनो 10, ओप्पो रेनो 10 प्रो और ओप्पो रेनो 10 प्रो+ शामिल हैं। कंपनी का दावा है कि ओप्पो रेनो 10 प्रो+ इंडस्ट्री का पहला स्मार्टफोन है, जिसमें ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन टेक्नोलॉजी वाला 64 MP टेलीफोटो पोर्ट्रेट कैमरा दिया गया है। इसके साथ ही ये सबसे पतला और हल्का पेरिस्कोप कैमरा फोन भी है। इसके अलावा चाइनीज टेक कंपनी ने ईयर बड ओप्पो एनको एयर3 प्रो को भी लॉन्च किया है। कंपनी ने तीनों स्मार्टफोन और ईयर बड्स की प्री बुकिंग शुरू कर दी है। बायर्स के लिए ओप्पो रेनो 10 प्रो+ और ओप्पो रेनो 10 प्रो 13 जुलाई से ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट, ऑफिशियल वेबसाइट ओप्पो इंडिया ऑफलाइन रिटेल पार्टनर्स के जरिए अवेलेबल हो जाएंगे। ओप्पो एनको एयर3 प्रो को 11 जुलाई से खरीदा जा सकेगा। ओप्पो रेनो 10 सीरीज फोन के प्रोसेसर की बात करें, तो रेनो 10 प्रो+ मॉडल में स्नैपड्रैगन 8+ जेन 1 प्रोसेसर से लैस है। रेनो 10 प्रो में स्नेपड्रेगन 778 जी प्रोसेसर है। रेनो 10 में डायमेनसिटी 7050 प्रोसेसर दिया गया है। ओप्पो रेनो 10 प्रो+ डिवाइस में 4700 एमएएच बैटरी मिलेगी, जिसे चार्ज करने के लिए 100 वॉट का सूपरवूक फ्लैश चार्जिंग तकनीक वाला चार्जर दिया गया। ये फोन को 27 मिनिट में फुल चार्ज कर देगा।



## विदेश

### यूएस के पास दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना

**वाशिंगटन।** वैश्विक रक्षा संबंधी जानकारी पर नजर रखने वाली डाटा वेबसाइट ग्लोबल फायरपावर ने दुनिया की सबसे शक्तिशाली सैनिकों की सूची जारी की है।ग्लोबल फायरपावर के अनुसार, अमेरिका के पास दुनिया की सबसे मजबूत सैन्य शक्ति है। इस सूची में रूस दूसरे और चीन तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, भारत ने चौथे स्थान पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। ग्लोबल फायरपावर की ओर से जारी की गई 'सैन्य ताकत सूची 2023' में दुनिया के सबसे कमजोर सैन्य बल वाले देश भी शामिल हैं। इसमें भूटान और आइसलैंड शामिल हैं। इनका मूल्यांकन 60 से अधिक कारकों पर किया गया है। ग्लोबल फायरपावर ने कहा कि उसने सैन्य इकाइयों की मात्रा और वित्तीय स्थिति से लेकर रसद क्षमताओं और भौगोलिक स्थिति तक की श्रेणियों के साथ हर देश का स्कोर निकाला है। डाटा वेबसाइट ने कहा कि हमारा अनोखा इन-हाउस फॉमूर्ला छोटे और अधिक तकनीकी रूप से उन्नत देशों को बड़ी और कम-विकसित शक्तियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देता है।

# यूक्रेन अभी नाटो की सदस्यता के लिए तैयार नहीं: जो बाइडेन

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि यूक्रेन अभी नाटो की सदस्यता के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि कीव पर चल रहे रूसी आक्रमण की समाप्ति के बाद ही सैन्य गठबंधन युद्धग्रस्त राष्ट्र को इसमें शामिल करने पर विचार कर सकता है। रविवार देर रात को समाचार चैनल के साथ साक्षात्कार में बाइडेन ने कहा कि कीव को नाटो सदस्यता देने की बातचीत अभी "समय से पहले" है। उन्होंने कहा कि हालांकि अमेरिका और नाटो के सहयोगी देश यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की और उनकी सेनाओं को सुरक्षा और हथियार प्रदान करना जारी रखेंगे, लेकिन उन्हें रूस के साथ युद्ध खत्म करने की कोशिश करने की जरूरत है। बाइडेन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि नाटो में इस बात पर एकमत है कि इस समय युद्ध के बीच यूक्रेन को गठबंधन परिवार में लाया जाए या नहीं। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर जेलेंस्की से विस्तार से बात की है। उन्होंने अपने यूक्रेनी समकक्ष से कहा है कि प्रक्रिया पूरी होने तक अमेरिका यूक्रेन के लिए सुरक्षा और हथियार प्रदान करना जारी रखेगा जैसा कि वह इजराइल के लिए करता है। बाइडेन ने सीएनएन को बताया, ₹मुझे लगता है कि हमें नाटो में शामिल होने के योग्य होने के लिए यूक्रेन के लिए एक तर्कसंगत रास्ता तैयार करना होगा। बिडेन ने यूरोप की एक सप्ताह की यात्रा पर निकलने से पहले यह टिप्पणी की। अपनी यात्रा के वह मंगलवार और बुधवार को लिथुआनिया के विलनियस में नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। रूस-यूक्रेन युद्ध और नाटो सदस्यता के लिए जेलेंस्की का दबाव शिखर सम्मेलन में चर्चा का मुख्य केंद्र होगा।बैठक में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोपीय संघ के नेता भी भाग लेंगे। पिछले सप्ताह पहली बार यूक्रेन को क्लस्टर युद्ध सामग्री भेजने की वाशिंगटन की घोषणा के संबंध में बाइडेन ने सीएनएन को बताया कि कीव को विवादास्पद गोला-बारूद देना एक कठिन निर्णय था, लेकिन वह आश्वस्त थे कि यह जरूरी है क्योंकि युद्धग्रस्त देश के असलहे समाप्त हो रहे थे।



### इस महीने भारत आएंगे श्रीलंका के राष्ट्रपति

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे दो दिन की ऑफिशियल विजिट पर भारत आ रहे हैं। रानिल 21 जुलाई को नई दिल्ली पहुंचेंगे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। श्रीलंकाई मीडिया के मुताबिक- इस विजिट के दौरान कई अहम मुद्दों पर बातचीत होगी। खास तौर पर समुद्री सुरक्षा से जुड़े मामले डिस्कस किए जा सकते हैं। इसके अलावा उन प्रोजेक्ट्स की समीक्षा भी की जाएगी जो श्रीलंका में भारत सरकार चला रही है। पिछले साल श्रीलंका में सिविल वॉर जैसे हालात बन गए थे और जनता ने राजपक्षे ब्रदर्स की सरकार को उखाड़ फेंका था। इसके बाद रानिल विक्रमसिंघे ने देश की कमान संभाली थी। दरअसल, रानिल सिर्फ गोटबाया राजपक्षे का बचा हुआ टेन्योर पूरा करने तक ही राष्ट्रपति रहेंगे। यह कार्यकाल सितंबर 2024 तक है। भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा अगले हफ्ते कोलंबो जा रहे हैं।

## चीन में चाकूबाजी से छह की मौत, आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी। बीजिंग**

चीन के गुआंगडोंग प्रांत के एक किंडरगार्टन स्कूल में सोमवार को चाकूबाजी की घटना में तीन बच्चों, दो अभिभावक और एक शिक्षक की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बीबीसी को बताया कि घटना सुबह करीब 7.40 बजे हुई और 25 वर्षीय एक व्यक्ति को लियानजियांग शहर से गिरफ्तार किया गया। हालांकि पुलिस ने अभी तक पीड़ितों की पहचान नहीं की है। उन्होंने इस घटना को ₹जानबूझकर हमला₹ का मामला बताया है। किंडरगार्टन के पास काम करने वाले एक स्टोर मालिक ने बीबीसी को बताया कि आसपास के इलाके को सील कर दिया गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार की घटना से पहले भी देश में चाकूबाजी की घटनाएं बढ़ रही हैं जिनमें कई स्कूल में भी शामिल हैं। अगस्त 2022 में एक चाकूधारी हमलावर ने जियांग्शी प्रांत में एक किंडरगार्टन पर हमला किया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। अप्रैल 2021 में गुआंग्शी जुआंग स्वायत्त क्षेत्र के बेइलिउ शहर में सामूहिक चाकूबाजी के दौरान दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि 16 अन्य घायल हो गए। अक्टूबर 2018 में चोंगकिंग के एक किंडरगार्टन में चाकू से किए गए हमले में 14 बच्चे घायल हो गए थे।



**प्रस्थान** भारत से पानी छोड़े जाने के बाद पाकिस्तान में बाढ़ की चेतावनी

# नदी के किनारे बसे लोगों ने छोड़ा घर

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

भारत द्वारा करीब 1,85,000 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बाढ़ का अलर्ट जारी किया है और अगले 24 से 48 घंटों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। नदी के किनारे बसे लोगों ने अपने घर को छोड़कर दूसरे स्थाना पर जाने लगे हैं। एनडीएमए ने सूचित किया है कि भारत के उज्ह बैराज से पानी छोड़े जाने से रावी नदी में प्रवाह बढ़ जाएगा। साथ ही अगले 48 घंटे में भारी बारिश होने की संभावना है। प्राधिकरण ने संबंधित सरकारी विभागों को नदी के किनारे बसे स्थानीय लोगों को निकालने का अभियान शुरू करने और स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का निर्देश दिया है। एनडीएमए ने कहा, पिछले साल भारत ने 1,73,000 क्यूसेक पानी छोड़ा था, जिससे रावी में जस्सर बिंदु पर निचले स्तर की बाढ़ आ गई थी। पिछले रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए, अगले 20 से 24 घंटों के भीतर लगभग 65,000 क्यूसेक पानी पहुंचने की उम्मीद है और जस्सर के पास मैदानी इलाकों में निचले स्तर की बाढ़ की आशंका थी। प्राधिकरण ने कहा कि वह स्थानीय प्रशासन के साथ काम करेगा और 20 जुलाई तक स्थिति की निगरानी करेगा और नदियों के किनारे रहने वाले परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करेगा। इसमें कहा गया है, ₹चिनाब नदी और मराला हेडवर्क्स पर भी निगरानी चल रही है। अधिकारियों ने पंजाब प्रांत के सभी जिलों के निचले इलाकों में राहत शिविर स्थापित करना शुरू कर दिया है, जबकि बचाव अभियान दल भी मशीनरी के साथ रेड अलर्ट पर हैं। पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने भी कहा है कि प्रांतीय सरकार किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, "हमने जारी बारिश और संभावित बाढ़ के मद्देनजर पूरे प्रशासन को अलर्ट पर रखा है। सुबह 10 बजे जब भारत द्वारा पानी छोड़े जाने की रिपोर्ट आई तो संबंधित एजेंसियां तुरंत रावी नदी पर पहुंच गईं। उन्होंने कहा, ₹बाढ़ की स्थिति में मानव जीवन को बचाना सरकार की पहली प्राथमिकता है और इसीलिए नदी के किनारे के घरों को खाली कराया जा रहा है। सभी सार्वजनिक और निजी संगठनों को भी सतर्क और तैयार रहने के लिए सूचित किया गया है क्योंकि अगले 48 घंटे में देश में तूफान के साथ भारी बारिश की आशंका है। जहां बाढ़ ने भारत में तबाही मचाई है, पाकिस्तान में पानी छोड़े जाने और पंजाब प्रांत, विशेष रूप से लाहौर, नारोवाल और सियालकोट शहरों में जारी भारी बारिश से बाढ़, भूस्खलन और तबाही हो सकती है।



### घिनौनी हरकत कारण चीनी खिलौना उद्योग आया विवाद में

**बीजिंग।** मिस्ट्री बॉक्स के जरिए बच्चों को खतरनाक उत्पाद बेचने को लेकर चीनी खिलौना उद्योग विवाद में फंस गया है। समाज के विभिन्न वर्गों की आलोचना के बाद, चीनी नियामक ने हाल ही में आठ साल से कम उम्र के बच्चों को मिस्ट्री बॉक्स की बिक्री पर विशेष रूप से प्रतिबंध लगा दिया और बड़े बच्चों के लिए माता-पिता की सहमति लेना अनिवार्य कर दिया। पशु अधिकार कार्यकताओं द्वारा मिस्ट्री बक्सों की बिक्री पर कई सवाल उठाए गए हैं कि कई खिलौना निमार्ता शिशु पशु अधिकारों से समझौता करते हैं। मिस्ट्री बॉक्स, एक खिलौना बॉक्स जिसमें एक बड़े संग्रह से एक आकृति होती है जो खुलने तक दिखाई नहीं देती है, ने 2020 में विदेशों के साथ-साथ चीनी घरेलू बाजार में भी लोकप्रियता हासिल की। 2019 की तुलना में 2020 में ऑनलाइन निर्यात 400 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया। उनमें से पॉप मार्ट ने 2020 में सबसे तेज वृद्धि देखी थी। टीमॉल ग्लोबल के अनुसार, अकेले कंपनी की मिस्ट्री बॉक्स की विदेशी बिक्री में 35 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी थी।

# चीनी आधुनिक औद्योगिक प्रणाली के निर्माण को करेगा और मजबूत

**एजेंसी। बीजिंग**

हाल ही में चीन के सर्वोच्च नेता शी चिनफिंग ने पूर्वी समुद्री तट पर च्यांगसू प्रांत का निरीक्षण दौरा किया। इस दौरान उन्होंने च्यांगसू प्रांत का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें उन्नत विनिर्माण और वास्तविक अर्थव्यवस्था की रीढ़ के साथ आधुनिक औद्योगिक प्रणाली के निर्माण में तेजी लानी चाहिए और चीन की अर्थव्यवस्था के उच्च गुणवत्ता वाले विकास को बढ़ावा देना चाहिए। बता दें कि आधुनिक औद्योगिक प्रणाली में उच्च-स्तरीय, बुद्धिमान और हरित विनिर्माण उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और जैव प्रौद्योगिकी जैसे रणनीतिक उभरते उद्योग, और उन्नत विनिर्माण व आधुनिक कृषि के साथ गहराई से एकीकृत आधुनिक सेवा उद्योग आदि शामिल हैं। चीन के च्यांगसू प्रांत में ठोस औद्योगिक नींव, समृद्ध वैज्ञानिक और शैक्षिक संसाधन, उत्कृष्ट व्यापारिक माहौल और विशाल बाजार आकार है। अपने निरीक्षण दौरे में शी चिनफिंग ने कहा कि वास्तविक अर्थव्यवस्था पर डटा रहना चाहिए, उन्नत विनिर्माण को रीढ़ की हड्डी के रूप में बनाए रखते हुए आधुनिक औद्योगिक प्रणाली के निर्माण में तेजी लानी चाहिए। वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियों के परिवर्तन और औद्योगिकीकरण के स्तर में लगातार सुधार करना चाहिए। प्रमुख प्रौद्योगिकियों और मुख्य उत्पादों के पुनरावृत्त उन्नयन में तेजी लानी चाहिए। ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सुरक्षा और गारंटी क्षमताओं को उन्नत करना चाहिए। निरीक्षण के दौरान शी चिनफिंग ने खुलेपन का विस्तार जारी रखने की आवश्यकता को भी विशेष रूप से दोहराया। उन्होंने कहा कि चीन में आधुनिक औद्योगिक प्रणाली के निर्माण में हमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोहरे चक्र को खोलना चाहिए, विदेशी निवेश को आकर्षित करने और खुलेपन का विस्तार करने के लिए लगातार नए तरीकों और उपायों का आविष्कार करना चाहिए, विश्व एकजुटता वाले दो-तरफा खुले केंद्र का निर्माण करना चाहिए, विदेशी व्यापार के अभिनव विकास को बढ़ावा देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय बाजार को लगातार मजबूत और विस्तारित करना चाहिए।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# ‘देश के कई दलों ने सिर्फ अपने परिवार पर किया विचार’

## गोधरा में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की जनसभा

## मोदी सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों को गिनाया

**एजेंसी। गोधरा/अहमदाबाद**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए गुजरात में हुए कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के कामों का उल्लेख किया। नड्डा ने विरोधी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के कई दलों ने अपने परिवार का विचार किया, देश का नहीं।



भाजपा के राष्ट्रीय नड्डा सोमवार को पंचमहाल जिले के गोधरा स्थित लुणावाडा रोड छबनपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडोटोरियम में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर केन्द्रीय राज्यमंत्री देवुसिंह चौहाण भी मौजूद थे। भाजपा के सम्पर्क से समर्थन अभियान के तहत इस कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ साल की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने विरोधी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के कई दलों ने अपने परिवार का विचार किया, देश का नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 9 साल से सिर्फ देश के बारे में ही विचार किया और इसके लिए वे रात-दिन काम कर रहे हैं। नड्डा ने गुजरात में हुए कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के कामों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने एकमात्र ट्रेडिशनल मेडिसिन का सेंटर गुजरात के जामनगर में बनाया है। वहीं, एशिया का पहला सोलर प्लांट भी गुजरात में है। नड्डा ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाएं देश के सभी वर्गों के लिए लागू की गई है। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद कांग्रेस की ओर से महज वादा कर भूल जाने के बजाए मोदी सरकार ने सभी काम कर दिखाया। मोदी ने विश्व फलक पर भारत को सर्वोच्च स्थान पर ले गए। नड्डा ने नेशनल हाइवे, बुलेट ट्रेन, वंदे भारत ट्रेन, युवाओं को रोजगार, किसानों के लिए सम्मान निधि योजना आदि की जानकारी दी।

विभिन्न राजनीतिक दलों पर निशाना साधते नड्डा ने कहा कि शिवसेना, मायावती और अखिलेश यादव जैसे सभी लोग परिवारवाद को मानते हैं। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि गरीब के नाम पर वोट मांग कर कांग्रेस ने गरीबों को ही लूटा है, जबकि वर्षों से भाजपा गरीबों के भला का विचार करती आ रही है, परंतु आज तक कांग्रेस ने गरीबों का कभी भला नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सुशासन के 9 वर्ष में गरीब कल्याण की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास किया गया है। भारत अब ब्रिटेन को पीछे छोड़कर अर्थव्यवस्था में आगे निकल चुका है। कांग्रेस को यह खबर नहीं है कि देश बदल गया है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष गोरधन झड़फिया, प्रदेश महामंत्री प्रदीप सिंह वाघेला समेत राज्य मंत्री कुबेरभाई डिंडोर मौजूद रहे। इसके अलावा पंचमहाल, दाहोद, महिसागर और खेड़ा जिले के सांसद, विधायक समेत पार्टी के कार्यकर्ता-पदाधिकारी मौजूद रहे।

## NEWS इन ब्रीफ

### मालदीव के विदेश मंत्री दो दिवसीय यात्रा पर आज भारत आएंगे



**नई दिल्ली।** मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद 11-12 जुलाई को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर भारत पहुंचेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री शाहिद आपसी हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात करेंगे। दोनों मंत्री भारतीय अनुदान सहायता के तहत परियोजना विकास समझौतों के आदान-प्रदान का भी साक्षी बनेंगे।

### सिसोदिया की बेल याचिका पर सुनवाई 14 जुलाई को



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कथित आबकारी नीति घोटाले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (आईडी) द्वारा दर्ज मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करने के लिए सोमवार को सहमत हो गया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की पीठ इस मामले पर सुनवाई करने के लिए सहमत हुई।

# नॉलेज सेंटर को नॉलेज इकोनॉमी का सेंटर बनना चाहिए : राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के तकनीकी संस्थानों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि नॉलेज सेंटर को नॉलेज इकोनॉमी का सेंटर बनना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित दो दिवसीय आगंतुक सम्मेलन-2023 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने इस दौरान नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास श्रेणियों में आगंतुक पुरस्कार 2021 भी प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति मुर्मू उच्च शिक्षा के 162 केंद्रीय संस्थानों की विजिटर हैं।



राष्ट्रपति ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 का उद्देश्य भारत को ग्लोबल नॉलेज पावर बनाना है। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्रों के लिए बेहतर माहौल स्थापित करना है साथ ही इसमें अच्छे शिक्षकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया है। उन्होंने कहा कि समाज और देश के विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने में शिक्षा की अहम भूमिका होगी।

सम्मेलन को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आगामी 29 जुलाई को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की तीसरी वर्षगांठ मनाई जाएगी। इसमें देशभर के शिक्षाविदों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चरक, सुश्रुत से लेकर पाणिनी आदि को हम समाजशास्त्र, प्राणि विज्ञान, ज्योतिष और भूगोल शास्त्र में नाम ले सकते हैं। उन्हीं की बदौलत हम आज यहां तक पहुंचे हैं।

### सेवाओं के नियंत्रण पर अध्यादेश

# उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार की याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने सेवाओं पर नियंत्रण संबंधी अध्यादेश की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर सोमवार को केंद्र का जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने सरकार को नोटिस जारी किया और आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से अपनी याचिका में संशोधन करने तथा मामले में उपराज्यपाल को पक्ष के रूप में जोड़ने को कहा। पीठ ने मामले की सुनवाई 17 जुलाई को तय करते हुए कहा, हम नोटिस जारी करेंगे। आप नीत सरकार ने अपनी याचिका में



कहा है कि यह कार्यकारी आदेश मनमाना है जो शीर्ष अदालत और संविधान की मूल संरचना को दरकिनार करने का प्रयास करता है। दिल्ली सरकार ने अध्यादेश को रद्द करने के साथ ही इस पर अंतरिम रोक लगाने का भी अनुरोध किया है। केंद्र ने 19 मई को दिल्ली में ग्रुप-ए अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापन को लेकर एक प्राधिकरण बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अध्यादेश, 2023 लागू किया था। आप नीत सरकार ने अध्यादेश को सेवाओं पर नियंत्रण के संबंध में उच्चतम न्यायालय के फैसले के साथ धोखा करार दिया है। अध्यादेश के एक सप्ताह पहले न्यायालय ने दिल्ली में पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था और भूमि को छोड़कर सेवाओं का नियंत्रण निर्वाचित सरकार को सौंपने का आदेश दिया था। अध्यादेश में दिल्ली, अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप, दमन और दीव एवं दादरा और नगर हवेली (सिविल) सेवा (दानिक्स) कैडर के ग्रुप-ए के अधिकारियों के तबादले और अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण की स्थापना का प्रावधान किया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने 2 हफ्ते तक बढ़ाई सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी नेता और पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन को चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ा दी। न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने जैन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को मेडिकल रिपोर्ट रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया और अंतरिम जमानत 24 जुलाई तक बढ़ा दी। सिंघवी ने कहा, तीन अस्पतालों ने जैन के लिए सर्जरी की सिफारिश की है। सिंघवी की इस दलील पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने अदालत से अनुरोध किया कि इस बीच एम्स के डॉक्टरों के एक पैनल द्वारा स्वतंत्र मूल्यांकन किया जाए।

# गुजरात: जयशंकर ने रास चुनाव के लिए नामांकन पत्र किया दाखिल

**एजेंसी। अहमदाबाद**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुजरात से राज्यसभा की सीट के लिए होने वाले चुनाव के वास्ते सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सी. आर. पाटिल भी जयशंकर के साथ राज्य विधानसभा परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने निर्वाचन अधिकारी रीता मेहता को नामांकन पत्र सौंपा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 13 जुलाई है और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 17 जुलाई है। यदि आवश्यक हुआ तो



मतदान 24 जुलाई को होगा। जयशंकर ने चार साल पहले पहली बार गुजरात से राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया था। गुजरात से राज्यसभा की 11 सीट में से वर्तमान में आठ पर भाजपा और बाकी पर कांग्रेस का कब्जा है। भाजपा के पास जो आठ सीट हैं, उनमें से एस जयशंकर, जुगलजी ठाकोर और दिनेश अनावाडिया का कार्यकाल 18 अगस्त को समाप्त हो जाएगा। इन तीन सीट के लिए ही चुनाव होना है। कांग्रेस ने गत शुक्रवार को कहा था कि वह गुजरात से राज्यसभा की तीन सीट के लिए होने वाले चुनाव में उम्मीदवार नहीं उतारेगी क्योंकि 182 सदस्यीय विधानसभा में उसके पास पर्याप्त विधायक नहीं हैं। गुजरात में पिछले साल के अंत में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने रिकॉर्ड 156 सीट पर जीत हासिल की थी। वहीं कांग्रेस 17 सीट पर ही जीत दर्ज कर पाई थी।

# महाकालेश्वर मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**एजेंसी। उज्जैन**

मध्यप्रदेश के उज्जैन में स्थित देश के 12 ज्योतिलिंगों में प्रमुख भगवान महाकालेश्वर मंदिर में श्रावण के प्रथम सोमवार पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर प्रबंध समिति के अनुसार बीती रात 2 बजकर 30 मिनट पर भगवान के मंदिर के पट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए थे। इसके बाद से श्रद्धालुओं का ताता लगना शुरू हो गया। समाचार लिखे जाने तक करीब एक लाख से अधिक दर्शनार्थियों ने दर्शन किए। भगवान महाकालेश्वर को पंचामृत और सुगंधित द्रव्यों से स्नान कराया गया। भगवान के स्नान के बाद चलित



भस्म आरती प्रारंभ हुई। भस्म आरती में लगभग 20 हजार दर्शनार्थियों ने दर्शन किए। मंदिर सूत्रों ने बताया कि मंदिर में दर्शनार्थियों का दर्शन का सिलसिला शयन आरती जारी रहेगा। मंदिर में 250 रुपए देकर शीघ्र दर्शन व्यवस्था एवं प्रोटोकॉल दर्शन व्यवस्था स्थगित कर दी गई थी।

### गर्व की बात — कई क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान के लिए पीएम मोदी होंगे सम्मानित

# मिलेगा लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार

**एजेंसी। मुंबई**

लोकमान्य तिलक स्मारक ट्रस्ट का प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार इस साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया जाएगा। यह पुरस्कार कृषि, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, सामाजिक और राजनीति के क्षेत्र में नरेन्द्र मोदी के बहुमूल्य योगदान के लिए 1 अगस्त को दिया जाएगा। पुणे जिले में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को आमंत्रित किया गया है। जानकारी के अनुसार यह पुरस्कार लोकमान्य तिलक स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. दीपक तिलक के हाथों प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार में एक स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र और एक लाख रुपये शामिल हैं। वर्ष 1983 से राष्ट्रीय स्तर पर दिया जाने वाला पुरस्कार कृषि, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, सामाजिक



और राजनीति के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए दिया जाता है।

दरअसल, नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं। सबका साथ, सबका विकास के लक्ष्य के साथ काम करते हुए मोदी ने विकासोन्मुखी और भ्रष्टाचार मुक्त देश का सपना देखा है। उनके नेतृत्व में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री घरकुल योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना जैसी कई योजनाएं लागू की गई हैं। उनके कार्यकाल में देश ने वैश्विक स्तर पर सम्मानजनक स्थान प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से एसएम जोशी, कामरेड डांगे, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, डॉ. मनमोहन सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, उद्योगपति राहुल कुमार बजाज, जी. माधवन नायर, एनआर नारायण मूर्ति, डॉ. सिवाथनु पिल्ले, मोंटेक सिंह अहलूवालिया, डॉ. कोटा हरिनारायण, डॉ. कैलासवादिवु सिवन, बाबा कल्याणी, सोनम वांगचुक, डॉ. साइरस पूनावाला आदि दिग्गज सम्मानित किए जा चुके हैं।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की तिथि 31 अगस्त तक बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 31 अगस्त 2023 कर दी है। पीएमआरबीपी, 2024 के लिए आवेदन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in पर शुरू हो गए हैं। पुरस्कार बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में दिए जाते हैं। भारत में रहने वाला कोई भी भारतीय बच्चा, जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक नहीं है, पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकता है। कोई अन्य व्यक्ति भी पुरस्कार के लिए योग्य बच्चे को नामांकित कर सकता है।

## FILMY हलचल

### रसिका दुग्गल ने शुरू की वेब सीरीज ‘मिजार्पुर 3’ की डबिंग



**बॉलीवुड** अभिनेत्री रसिका दुग्गल ने अपनी आने वाली वेब सीरीज ‘मिजार्पुर 3’ की डबिंग शुरू कर दी है। रसिका दुग्गल मिजार्पुर के दूसरे सीजन में कालीन भैया (पंकज त्रिपाठी) की पत्नी बीना त्रिपाठी की भूमिका में निभाई थी। ‘मिजार्पुर 3’ में भी रसिका, बीना त्रिपाठी की भूमिका को दोहराती नजर आएंगी। ‘मिजार्पुर 3’ की शूटिंग लखनऊ में हुई है और कुछ महीने पहले ही में शूटिंग रैप हुआ है। रसिका ने ‘मिजार्पुर 3’ के डबिंग पर काम करना शुरू कर दिया है। रसिका दुग्गल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर शेयर की हैं। जिसमें वह डबिंग स्टूडियो में मॉनिटर के सामने खड़ी नजर आ रही हैं। रसिका ने पोस्ट शेयर कर लिखा, प्रिपेयर्ड रहिए, ‘मिजार्पुर 3’ डबिंग डेज। ‘मिजार्पुर 3’ में पंकज त्रिपाठी, विजय वर्मा, दिव्येंदु शर्मा, विक्रांत मैसी, अली फजल, राजेश तैलंग, रसिका दुग्गल, हर्षिता शेखर गौंड, श्वेता त्रिपाठी, अंजुम शर्मा, शीबा चड्ढा, अमित सियाल, ईशा तलवार और मनु ऋषि चड्ढा जैसे स्टार्स अपने अहम भूमिका में नजर आएंगे।

### ‘कोहरा’ के कारण पंजाबी कल्चर के करीब आई : हरलीन सेठी



**एक्ट्रेस** हरलीन सेठी अपने स्ट्रीमिंग शो 'कोहरा' की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। नेटफ्लिक्स शो के लिए उन्हें साइन किया गया, और इसकी एक दिल को छू लेने वाली कहानी है। उन्होंने खुलासा किया कि कैसे 'कोहरा' में उनका किरदार निमरत उन्हीं का एक हिस्सा है। हरलीन ने एक छोटा सा वीडियो साझा किया और इसके साथ एक इमोशनल नोट भी लिखा। उन्होंने लिखा, निमरत मेरा ही हिस्सा है। मैं एक बच्चे की तरह हमेशा से पंजाबी कल्चर से दूर भागती रही। मैं इसी शहर में पैदा हई और पला-बढ़ी, जिसे काफी कूल माना जाता है, लेकिन 'कोहरा' मिलने के बाद मेरी जिदंगी को एक नई दिशा मिली।

### सावन की पहले सोमवार रिलीज हुआ ‘भसम के रसम’ गाना, भगवान शिव की भूमिका में नजर आए राकेश मिश्रा



**अभिनेता-गायक** राकेश मिश्रा का गाना ‘भसम के रसम’ रिलीज हो गया है। राकेश मिश्रा का गाना ‘भसम के रसम’ निमन भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। ‘भसम के रसम’ गाने में राकेश मिश्रा भगवान शिव की भूमिका में नजर आ रहे हैं। यह गाना भोलेनाथ की लीला का बखान करने वाला गाना है और इसमें भगवान शिव की स्तुति का मनोरम दृश्य भी है। इस गाने को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि हमारे इस गाने में शिव भक्ति वाली फील है, जिसे सुनकर हर श्रद्धालु के मन को सुकून पहुंचने वाला है। इसलिए हम सबों से आग्रह करेंगे कि आप सभी इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद दें। गाना ‘भसम के रसम’ को राकेश मिश्रा और राज नंदनी ने अपनी आवाज दी है। इस गाने के गीतकार मनोज मतलबी हैं। संगीतकार शिशिर पांडे हैं। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में राकेश मिश्रा और महिमा सिंह की केमेस्ट्री नजर आ रही है। निर्देशक आर्यन देव और परिकल्पना संग्राम सिंह की है। निमन प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड ने इस गाने का निर्माण किया है।